आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| लखनऊ | 17°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज

सीएम योगी ने वित्त विभाग की समीक्षा की, सभी विभागों को...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शनिवार 03 जनवरी, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 83 www.janexpresslive.com/epaper

भारत के लिए ऐतिहासिक साल 2026... 12

# इंदौर में दूषित पानी से मौत का तांडव, अब तक 15 मौतें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंदौर

इंदौर में दूषित पानी पीने से लोगों की तबीयत बिगड़ने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 200 से अधिक लोग अस्पतालों में भर्ती हैं। बड़ी संख्या में अन्य लोग भी उल्टी-दस्त और कमजोरी की शिकायत के साथ इलाज करा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह भागीरथपुरा क्षेत्र में रहने वाली 68 वर्षीय गीताबाई ध्रुवकर की मौत हो गई। उन्हें 24 दिसंबर को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पति राजू के अनुसार, गीताबाई को दो दिनों से लगातार उल्टी और दस्त हो रहे थे और घर पर ही लगभग 50 बार उल्टी हो चुकी थी।



### चार दिन में सामने आई गंभीर तस्वीर

30 दिसंबर को यह जानकारी सामने आई कि बीते चार दिनों से बस्ती में लगातार मौतें हो रही थीं और मृतकों की संख्या 14 तक पहुंच चुकी थी। वर्तमान में अस्पतालों में 200 से अधिक मरीज भर्ती हैं, जिनमें से लगभग 30 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### इलाज के दौरान नहीं सुधरी हालत

एमवाय अस्पताल में भर्ती करने के बाद भी गीताबाई की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजन उन्हें अरबिंदो अस्पताल ले गए, लेकिन वहां भी हालत गंभीर बनी रही। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

### बीते दिनों में कैसे बढ़ा मामला

25 दिसंबर से दूषित पानी से बीमार मरीजों के अस्पताल पहुंचने का क्रम शुरू हुआ। प्रारंभ में दो अस्पतालों में 18 मरीज भर्ती किए गए। 28 दिसंबर को स्वास्थ्य विभाग की टीम और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मरीजों से मिलने पहुंचे। 29 दिसंबर को डायरिया से एक मौत की पुष्टि हुई और शाम तक यह आंकड़ा चार हो गया।

### इंदौर के महापौर ने पेश की अलग तस्वीर

इधर, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें शहर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी के कारण फैले डायरिया के प्रकोप से 10 लोगों की मौत की सूचना मिली है। हालांकि, स्थानीय निवासियों का दावा है कि इस स्वास्थ्य संकट के कारण छह महीने के शिशु सहित 14 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है। भार्गव ने मीडिया को बताया कि स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, भागीरथपुरा में डायरिया के प्रकोप से चार लोगों की मौत हुई है। हालांकि, मुझे इस प्रकोप से 10 लोगों की मौत की सूचना मिली है।

### एमपी सरकार की तरफ से हाईकोर्ट में पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट

शुक्रवार को दूषित पानी के मामले में एमपी हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में निगमायुक्त और अपर आयुक्त को शोकाज नोटिस जारी किया है। उन्हें इस घटना के तथ्य पेश करने को कहा गया है। जबलपुर में हाईकोर्ट जस्टिस डी डी बंसल तथा जस्टिस राजेन्द्र कुमार वाणी की अवकाशकालीन युगलपीठ के समक्ष सरकार की तरफ से पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट में बताया गया कि दूषित पानी के कारण इंदौर में चार व्यक्तियों की मौत हुई है। अभी तक कुल 294 व्यक्तियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है, जिसमें से 32 व्यक्तियों आईसीयू में भर्ती है और 93 व्यक्तियों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। वर्तमान में 201 व्यक्ति उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती हैं। अवकाशकालीन विशेष बेंच ने स्टेटस रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लेते हुए अगली सुनवाई 6 जनवरी को निर्धारित की है।

### रिपोर्ट आने में भी जानबूझ कर देरी

भागीरथपुरा मामले में सरकारी रिपोर्ट भी खूब इंतजार करवा रही है। मौतों का सिलसिला 28 दिसंबर से शुरू हो चुका था, लेकिन पहली रिपोर्ट दो जनवरी को आई जिसमें पेयजल दूषित बताया गया। जिन 15 मौतों की बात की जा रही है उनमें इनमें 9 महिलाएं, छह पुरुष और एक नवजात शामिल है। मौतों की वजह का खुलासा रिपोर्ट में शामिल नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने डायरिया की वजह से चार मौतें रिकार्ड की है। इंदौर में जब मुख्यमंत्री आए थे तो उन्हें भी अफसरों ने चार मौतें ही बताई, जबकि बस्ती में लगातार लोगों की मौत हो रही है।

# 12वीं तक के सभी स्कूल 5 जनवरी तक बंद

- योगी बोले, कोई भी खुले में ना सोए, लखनऊ में रैन बसेरों को चेक करें
- लखनऊ में 17 चक्कर लगाकर विमान लौटा, कोहरे से ट्रक टकराए, ड्राइवर जिंदा जला

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ समेत प्रदेश में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। राजधानी घने कोहरे की चपेट में है। बढ़ती ठंड को देखते हुए योगी सरकार ने 12वीं तक के स्कूल-कॉलेज 5 जनवरी तक के लिए बंद कर दिए हैं। सीएम योगी ने कहा- यह आदेश आईसीएसई, सीबीएसई, यूपी बोर्ड के सभी स्कूलों पर लागू होगा। अधिकारी क्षेत्र में रहें। कंबल और अलाव का इंतजाम करें। कोई भी व्यक्ति खुले में सोए न मिले। रैन बसेरों में सभी व्यवस्थाएं होनी चाहिए। अधिकारी रैन बसेरों का औचक निरीक्षण करें।





### प्रदेश में बाराबंकी सबसे ठंडा, लखनऊ में पारा 8.6 डिग्री

मुख्यमंत्री ने सभी जनपदों में कंबल वितरण और अलाव की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। खासतौर पर गरीब, निराश्रित और सड़क किनारे रहने वाले लोगों तक राहत सामग्री समय पर पहुंचाई जाए। सीएम योगी ने निर्देश दिए हैं कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए। इसके लिए रैन बसेरों में पर्याप्त संख्या में बिस्तर, कंबल, हीटर और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिल सके। पिछले 24 घंटे की बात करें तो प्रदेश बाराबंकी और हरदोई में सबसे ठंडा रहा, यहां न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके बाद गोरखपुर में पारा 6.4 डिग्री, आजमगढ़ में 6.9 डिग्री और कानपुर में 7.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजधानी लखनऊ में पारा 8.6 डिग्री रहा।

### रैन बसेरों में सभी सुविधाएं अनिवार्य

इससे पहले नए साल पर मथुरा, हाथरस, बदायूं और फर्रुखाबाद समेत कई जिलों में हल्की बारिश बारिश हुई। इससे ठिठुरन बढ़ गई है। शुक्रवार सुबह कानपुर, गोरखपुर, झांसी समेत 30 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। कई जगह विजिबिलिटी शून्य से 10 मीटर तक सिमट गई। राजधानी लखनऊ में दोपहर 3 बजे तक धूप के दर्शन नहीं हुए। ठंडी हवाओं की वजह से गलन बढ़ गई। इससे लोग ठिठुरते नजर आए। एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के एक विमान ने आसमान में 17 चक्कर काटे। घने कोहरे के कारण लैंडिंग नहीं हो पाई। आखिर में उसे दिल्ली के लिए डायवर्ट करना पड़ा। गोरखपुर समेत तमाम शहरों में 100 से ज्यादा ट्रेनें लेट चल रही हैं। 10 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हैं, जबकि कई देरी से उड़ान भर रही हैं। ठंड के चलते कानपुर में दिल के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। कार्डियोलॉजी में हार्टअटैक के 65 मरीज भर्ती हुए। हैलट इमरजेंसी में ब्रेन स्ट्रोक के 15 मरीज आए। फतेहपुर में ठंड से एक मजदूर की मौत हो गई। कोहरे के चलते इटावा में दो ट्रकों की टक्कर हो गई। हादसे के बाद ट्रक में आग लग गई। जिससे ड्राइवर केबिन में फंसकर जिंदा जल गया। उसका सिर्फ कंकाल बचा। हरदोई में गन्ना लदी ट्रॉली में क्रेटा कार घुस गई। इसमें 4 लोग घायल हो गए। बाराबंकी में सड़क हादसे में बाइक सवार दो की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि सभी रैन बसेरों में साफ-सफाई, बिजली, पानी और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की जाए।

### कानपुर में ठंड में 65 को हार्ट अटैक, 15 को ब्रेन स्ट्रोक

कानपुर में ठंड में हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक के मरीज बढ़े हैं। गुरुवार को कार्डियोलॉजी में हार्ट अटैक के 65 मरीज भर्ती हुए। हैलट इमरजेंसी में ब्रेन स्ट्रोक के 15 मरीज भर्ती हुए। कार्डियोलॉजी में 6 और हैलट में 1 मरीज मृत अवस्था में लाया गया। कार्डियोलॉजी ओपीडी में 509 लोगों की जांच की गई।

### कौशांबी में घने कोहरे में ऑटो पलटी, 3 यात्री घायल

कौशांबी में शुक्रवार सुबह घने कोहरे के चलते बड़ा हादसा हो गया। पिपरी थाना क्षेत्र के नौवापुर स्थित बिंदा लिसोड़ा मोड़ के पास चायल से मनौरी बाजार जा रही एक ऑटो बेकाबू होकर पलट गई, जिसमें तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो में 7-8 लोग सवार थे। मनौरी बाजार में खरीदारी और खोवा मंडी जाने के लिए निकले थे।

### फिरोजाबाद में ठंड से बचने के लिए दो युवक जनरेटर रूम में सोए, दम घुटने से मौत

फिरोजाबाद के नारखी थाना क्षेत्र स्थित गिर्राज फिलिंग पंप में जनरेटर रूप में सोए दो कर्मचारियों की मौत हो गई। जरनेटर के धुंए से दम घुटने की वजह से मौत की आशंका है। घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब दोनों युवक नहीं जागे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान इटावा जनपद के बेतपुरा थाना क्षेत्र के रूपपुरा गांव निवासी सागर पुत्र जड़ेल सिंह (26 वर्ष) और मोहित पुत्र राजेंद्र (27 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों युवक गिर्राज फिलिंग पंप पर कार्यरत थे।

### फतेहपुर में ठंड से मजदूर की मौत, रात में गोदाम के बाहर सोया था

फतेहपुर में कड़ाके की ठंड ने एक मजदूर की जान ले ली। जहानाबाद कस्बे के मोहल्ला मलिकपुर निवासी 32 वर्षीय उमेश कुमार की ठंड लगने से मौत हो गई। वह हसन मार्केट स्थित जिबरील के गल्ला गोदाम में पल्लेदारी करता था। बताया गया कि उमेश रात में अक्सर गोदाम के बाहर ही सो जाता था। बीती रात भी वह गल्ला गोदाम के बाहर सोया था। सुबह जब गोदाम मालिक जिबरील पहुंचे तो उमेश अचेत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे पिता गुलाब कोरी उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों के अनुसार मौत ठंड लगने से हुई है। पिता की सूचना पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

### लखनऊ में विमान ने लगाए 17 चक्कर, वापस दिल्ली लौटा

लखनऊ एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के एक विमान ने शुक्रवार को आसमान में 17 चक्कर काटे। घने कोहरे के कारण लैंडिंग नहीं हो पाई। आखिर में उसे दिल्ली के लिए डायवर्ट करना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली से सुबह 6.30 बजे एयर इंडिया का विमान लखनऊ पहुंचा। काफी देर तक विमान हवा में चक्कर काटता रहा। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने कम दृश्यता के कारण इसे लैंडिंग की अनुमति नहीं दी। बाद में विमान वापस दिल्ली लौट आया।

### रदोई में गन्ना लदी ट्रॉली में घुसी क्रेटा कार, 4 लोग घायल

हरदोई के पिहानी कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह घने कोहरे के कारण एक सड़क हादसा हो गया। लखनऊ-मुरादाबाद मार्ग पर जहानी खेड़ा चौकी के पास एक क्रेटा कार गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों और ट्रैक्टर चालक सहित कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि क्रेटा कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली के पिछले हिस्से में जा धंसा। कार के एयरबैग खुल गए थे, फिर भी उसमें सवार लोगों को गंभीर चोटें आईं।

### चार दिन भीषण कोल्ड-वेव की चेतावनी

मौसम विभाग ने अगले चार दिन भीषण कोल्ड-वेव की चेतावनी जारी की है। घने कोहरे के बीच सुबह और रात के समय विजिबिलिटी बेहद कम रह सकती है। लोगों को सतर्क रहने और जरूरी न होने पर यात्रा से बचने की सलाह दी गई है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया- प्रदेश में अगले 3 से 4 दिनों तक ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। सुबह और शाम के समय घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता बेहद कम रहेगी, वहीं रात का तापमान सामान्य से कम रहेगा।

### जनवरी में कैसा रहेगा मौसम?

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, 7 जनवरी तक प्रदेश में ठंड और कोहरे का असर बना रहेगा। न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहेगा। कुछ इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी देखने को मिल सकती है। पूरे महीने की बात करें तो शीतलहर के दिन औसत से 3 दिन अधिक रह सकते हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान में जारी ला-नीना परिस्थितियां धीरे-धीरे कमजोर होकर जनवरी-फरवरी-मार्च में तटस्थ स्थिति में बदल सकती हैं।

### बाराबंकी में वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

बाराबंकी के हैदरगढ़ थाना क्षेत्र में लखनऊ-बनारस हाईवे पर घने कोहरे के कारण एक वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के गोसुपुर गांव निवासी अरुण कुमार रावत (28) और रामू कुमार रावत (40) के रूप में हुई है। दोनों बाजार से बाइक से घर लौट रहे थे। घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी जीरो थी। इसी दौरान खरसतिया मोड़ के पास एक वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।



## जेपी नड्डा ने ई-बिल प्रणाली का किया उद्घाटन

- 2 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी की प्रक्रिया होगी आसान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मोदी सरकार के 'डिजिटल इंडिया' के विजन और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के तहत उर्वरक विभाग ने डिजिटल शासन और वित्तीय सुधारों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार(01 जनवरी) को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन में ई-बिल प्रणाली का उद्घाटन किया, जिससे सरकार लगभग 2 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी की प्रक्रिया कर सकेगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह प्रणाली मैनुअल, कागज-आधारित प्रक्रियाओं से पूरी तरह से डिजिटल कार्यप्रवाह की ओर एक बदलाव का प्रतीक है, जिससे बिलों के भौतिक हस्तांतरण की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

### अब निगरानी और ऑडिट दोनों आसान

यह पहल उर्वरक विभाग की एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली और वित्त मंत्रालय के लेखा महानियंत्रक की सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के बीच एक तकनीकी साझेदारी का परिणाम है। सीजीए संतोष कुमार ने कहा कि यह परिवर्तन 'सभी वित्तीय लेनदेन के लिए एक केंद्रीकृत और छेड़छाड़-रहित डिजिटल ऑडिट ट्रेल बनाकर पारदर्शिता और जवाबदेही को काफी हद तक बढ़ाता है।

## अंकिता हत्याकांड: वायरल वीडियो पर भाजपा का बड़ा बयान, ' सबूत मिलने पर सरकार हर जांच को तैयार'



जन एक्सप्रेस । देहरादून

अंकिता हत्याकांड को लेकर इंटरनेट मीडिया में प्रसारित वीडियो और कांग्रेस द्वारा इसे मुद्दा बनाए जाने के बाद शुक्रवार को सरकार ने इस संबंध में पक्ष रखा। प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि प्रकरण सामने आने के बाद सरकार ने त्वरित कार्रवाई की। आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा हुई है। न्यायालय ने भी एसआईटी जांच को सही ठहराया था। उन्होंने कहा कि इन दिनों इंटरनेट मीडिया में जो वीडियो चल रहे हैं, वे लोग आरोपों की विश्वसनीयता का प्रमाण दें। विश्वसनीय साक्ष्य मिलते हैं तो सरकार हर जांच के लिए तैयार है। साक्ष्य देने वालों को सरकार पूरी सुरक्षा देगी।

### सरकार ने त्वरित कार्रवाई की

अंकिता हत्याकांड को लेकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो और कांग्रेस के आरोपों पर उत्तराखंड सरकार ने अपना पक्ष रखा है। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि सरकार ने त्वरित कार्रवाई की, दोषियों को आजीवन कारावास हुआ और एसआईटी जांच को न्यायालय ने सही ठहराया। उन्होंने वीडियो प्रसारित करने वालों से विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा, आश्वासन दिया कि साक्ष्य मिलने पर सरकार किसी भी जांच के लिए तैयार है और सुरक्षा भी देगी।

## जीरो पॉवर्टी की ओर बढ़ रहा यूपी, योजनाओं से जुड़ रहे जरूरतमंद; 2027 तक गरीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। यूपी में जरूरतमंदों को जीरो पॉवर्टी योजना के तहत जोड़ा जा रहा है। राजधानी लखनऊ से लेकर प्रत्येक जिले में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़कर गरीबी मुक्त किया जा रहा है। गोसाईंगंज के राम सागर, रामू और उर्मिला जैसे सैकड़ों परिवार हैं, जो गरीबी जीवन से मुक्त हो चुके हैं। इन परिवारों को मकान, पानी, सड़क, बिजली, राशन आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। पहले चरण में आठ योजनों के तहत पात्र परिवारों को डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक राशन योजना में 97 प्रतिशत, निराश्रित महिला पेंशन योजना में 87 प्रतिशत और दिव्यांग पेंशन में 62 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ मिला। पीएम व सीएम जन आरोग्य योजना के तहत 63 फीसदी परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच, वृद्धापेंशन, श्रम कार्ड, किसान सम्मान निधि व पीएम-सीएम आवास योजना में पात्र आवेदकों को अलग किया जा रहा है। दूसरा चरण 15 अक्तूबर 2025 से जारी है। 16 योजनाओं के तहत वंचित परिवारों का सत्यापन किया जा रहा है। यह 15 जनवरी तक पूरा होगा। इसमें पात्र लोगों को पीएम उज्ज्वला योजना, शौचालय सहायता योजना, जल जीवन मिशन के अलावा विद्युत कनेक्शन जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। इसके अलावा करीब 11 हजार बच्चों को पुनः नामांकन के माध्यम से शिक्षा से जोड़ने की प्रक्रिया जारी है।

# बीजेपी विधायक का निधन: बैठक में मंत्री संग खाना खाने के बाद आया हार्ट अटैक, पीएम ने जताया शोक

जन एक्सप्रेस। बरेली

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में बैठक समाप्त होने और वहीं पंडाल में खाना खाने के बाद भाजपा विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल को हार्ट अटैक पड़ गया। तबीयत बिगड़ते देख उनके सहयोगियों ने उन्हें बिना देर किए सीधे मेडिसिटी ले गए, जहां डॉक्टरों ने तुरंत उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया था। इलाज शुरू ही हुआ था कि विधायक ने अंतिम सांस ले ली। उन्होंने पहली जनवरी को ही अपना जन्म दिवस भी मनाया था और दूसरे दिन उनकी कुछ ही पल में असमय मृत्यु हो गई।

### दूसरी बार बने थे विधायक

सर्किट हाउस में मौजूद मंत्री और अधिकारी भी विधायक के हार्ट अटैक आने से बेखबर रहे। भोजन के बाद अन्य जन प्रतिनिधि और अधिकारी भी अपने गंतव्य स्थल के लिए निकल गए थे। फिर विधायक के निधन की सूचना मिलने पर जन प्रतिनिधि और विधायक मेडिसिटी पहुंचे थे। प्रो. श्याम बिहारी लाल फरीदपुर विधान सभा क्षेत्र से विधायक हैं। वह पीलीभीत रोड स्थित शक्ति नगर कॉलोनी के रहने वाले थे। वह फरीदपुर से ही दूसरी बार भाजपा विधायक थे।

### ड्राइवर ने की बचाने की कोशिश

बताया जा रहा है कि बैठक के बाद भाजपा विधायक ने सर्किट हाउस में लगाए गए पंडाल में पशुधन मंत्री धर्मपाल, सांसद छत्रपाल सिंह व अन्य जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ भोजन भी किया। खाना खाने के दौरान उलझन हुई और अचानक सीने में तेज दर्द उठने लगा। जिस पर वह भोजन पंडाल से बाहर आ गए थे और वहीं सर्किट हाउस में ही कुछ पल के लिए अंदर कक्ष में लेट गए थे। स्थिति देख ड्राइवर और गनर ने उन्हें गाड़ी में बैठाया और बिना देरी किए मेडिसिटी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत आईसीयू में शिफ्ट कर इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ ही पल बाद उन्होंने अंतिम सांस ले ली। उधर, दुखद सूचना मिलते ही जन प्रतिनिधि और अधिकारी भी अस्पताल पहुंच गए थे। सर्किट हाउस में बैठक के दौरान विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल ने कैबिनेट मंत्री के सामने कई मुद्दे भी उठाए। उन्होंने कहा कि अहिच्छत्र गुलड़िया गौरी शंकर मंदिर, पचौमी के मंदिर को पर्यटन में जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि बरेली में पर्यटन की दृष्टि से कोई बुकलेट बने या कोई पोस्टर-बैनर बने तो उसमें प्राचीन शिव मंदिरों के साथ ही प्राचीन अहिच्छत्र व अन्य मंदिरों को भी शामिल करने की मांग रखी थी।



### एक दिन पहले मनाया था 60वां जन्मदिन

विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल का जन्म एक जनवरी 1966 को शाहजहांपुर जिले में हुआ था। उन्होंने एक दिन पहले ही परिवार के साथ मिलकर अपना 60वां जन्मदिन मनाया था। उनके परिवार में पत्नी मंजूलता, दो बेटियां और एक बेटा है। उनकी एक बेटी शिल्पा ग्वाल बरेली में ही रक्षा संपदा अधिकारी हैं। उनके निधन की खबर सुनते ही सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी उनके आवास पर पहुंचे और परिवार वालों को सांत्वना दी।

### भाजपा नेता और अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी जताया दुख

जेपी नड्डा ने लिखा, उत्तर प्रदेश के फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल जी के आकस्मिक निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। श्याम बिहारी लाल जी भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता थे। उनका जाना भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। मैं शोकाकुल परिजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करता हूँ और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूँ। ? शांति!

### यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जताई संवेदना

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा, जनपद बरेली के फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र से मा. विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल जी के आकस्मिक निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं हैं। प्रभु श्रीराम जी दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें। ? शांति!

### पीएम मोदी ने जताया शोक

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, उत्तर प्रदेश के फरीदपुर के विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। वे जनहित में समर्पित भाजपा के एक कर्मठ नेता थे, जिनके जाने से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति!

# डायल यूपी-112 जनता की मदद कर बनी संकटमोचन

जन एक्सप्रेस । बांदा



शासन तथा पुलिस मुख्यालय उ0प्र0 द्वारा नागरिकों को त्वरित आपातकालीन पुलिस सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु चलाई जा रही आपातकालीन पुलिस सहायता डायल यूपी-112 की जनपद इकाई द्वारा पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन तथा नोडल अधिकारी यूपी-112 शिवराज के नेतृत्व में नागरिक सहायता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस अवधि के दौरान हजारों को लोगों को आपाकालीन पुलिस सहायता उपलब्ध कराई गई। इस दौरान पीआरवी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायल कुल 518 लोगों को समय से अस्पताल पहुंचाया गया जिससे जनहानि को रोका जा सका। डायल यूपी-112 की टीमों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं, महिलाओं की सुरक्षा, गंभीर अपराधों की रोकथाम, चिकित्सा आपात स्थितियों,घरेलू विवादों एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित मामलों में त्वरित रिस्पॉन्स देकर कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता में डायल यूपी-112 की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है।बुजुर्ग व्यक्तियों की सहायता हेतु चलाई जा रही **सवेरा योजना** के माध्यम से जनपद के अब तक 13885 बुजुर्ग व्यक्तियों को जोड़ा गया है। थाना नरैनी क्षेत्र अन्तर्गत एक व्यक्ति तथा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के प्रयास की सूचना पर पीआरवी टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए उन्हे बचाया गया तथा उनकी काउंसलिंग की गई। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र अन्तर्गत जौरही में एक लड़के के नाले में डूबने तथा थाना बबेरु क्षेत्र अन्तर्गत कस्बे में एक व्यक्ति के नाले में गिरने की सूचना पर पीआरवी टीमों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर उन्हे इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना अतर्रा क्षेत्र के रहने वाले एक कॉलर द्वारा सूचना दी गई की उनके लड़के का जनपद में अपहरण हो गया है, इस सूचना पर पीआरवी द्वारा कॉलर के बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत केदार का डेरा में सिलेण्डर से आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंची पीआरवी टीम द्वारा लोगों को वहां से बाहर निकाला गया तथा सिलेण्डर में लगी आग को बुझाते हुए एक बड़ी घटना को होने से रोका गया।पीआरवी टीमों द्वारा इस अवधि में परिवारिजनों की सूचना पर गुमशुदा हुए 06 व्यक्तियों/बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिवारिजनों को सुपुर्द किया गया। आपातकालीन पुलिस सेवा डायल यूपी-112 के कार्मिकों के कार्यों की सराहना करते हुए मुख्यालय यूपी-112 द्वारा 50 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा जनपद पुलिस के 20 पीआरवी वाहन विगत वर्ष पीआरवी **ऑफ-द-डे** रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वर्तमान में जनपद पुलिस आपातकालीन पुलिस सेवा डायल यूपी-112 में कुल 39 चार पहिया वाहन तथा 13 दो पहिया वाहन सक्रिय हैं साथ वर्तमान में कुल 369 पुलिसकर्मी तैनात हैं। बीते वर्ष 2025 में पीआरवी वाहनों का औसत रिस्पांस टाइम रिकार्ड 06 मिनट रहा जिसे और कम करने का प्रयास किया जा रहा है। जनपद पुलिस नागरिकों की सुरक्षा हेतु निरंतर तत्पर है जिसके लिए विभिन्न पहलुओं पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# डीएम ने जाना कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के निर्माण कार्यों का हाल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिला कलेक्टरेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के अनारम्भ एवं अपूर्ण निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्थाओं के साथ बैठक आयोजित की गई।
बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में विद्यालयों के समस्त निर्माण कार्यों एकेडमिक ब्लॉक, हास्टल ब्लाक, अतिरिक्त डॉरमेट्री, कम्प्यूटर लैब एवं टॉयलेट ब्लाक आदि कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देश कि उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों मानिकपुर व चित्रकूट के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता व शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कराएं। जिस पर कार्यदायी संस्था यूपीसीएण्डडीएस बांदा द्वारा बताया गया कि विद्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा वर्तमान में रंगाई-पुताई का कार्य चल रहा है। बताया कि अधिकतम 15 दिवस में विद्यालय हैण्डओवर की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी। बताया कि उच्चीकृत के.जी.बी.वी. मानिकपुर (रामपुर कल्याणगढ) एवं उच्चीकृत के.जी.बी.वी. मऊ ब का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ कानपुर द्वारा बैठक में प्रतिभाग न किये जाने पर डीएम ने रोष व्यक्त करते हुए अपर मुख्य सचिव को पत्र के माध्यम से स्थिति से अवगत कराने व एमडी यूपीसीएलडीएफ कानपुर को अनारम्भ निर्माण कार्यों को यथा शीघ्र प्रारम्भ कराने के सम्बन्ध में पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, आरई अमन बर्मा यूपीसीएण्डडीएस बांदा आदि मौजूद रहे।

# शम्भू बाबू पेट्रोल पम्प तिराहे के पास बंद करें कूड़े का संग्रहण: डीएम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी द्वारा प्रतिदिन निकलने वाले सॉलिड वेस्ट के उचित निस्तारण व्यवस्था का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने एलआईसी तिराहा, शम्भू पेट्रोल पम्प तिराहा एवं डॉ सुरेन्द्र अग्रवाल अस्पताल के पास स्थित द्वितीयक कूड़ा संग्रहण स्थल का निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान डीएम ने शम्भू पेट्रोल पम्प तिराहा के पास स्थित कूडा संग्रहण केन्द्र को पूर्णतया समाप्त कर सौन्दर्यीकरण कराने तथा इण्टरलाकिंग कराकर बेन्च व सेल्फी प्वाइन्ट बनाने के निर्देश दिए। साथ ही कूडा सग्रहण स्थल के समीप सड़क किनारे स्थित खाली भूमि को टैक्सी स्टैण्ड के रूप में प्रयोग किये जाने के निर्देश दिए। अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया कि भूमि पर टैक्सी स्टैण्ड बनाने के लिए नियमानुसार टेण्डर प्रकिया आदि की कार्यवाही की जाए। साथ ही नगर पालिका द्वारा संचालित सभी वाहनों पर आगे एवं पीछे नम्बर प्लेट लगवाने व खराब पेंट वाले वाहनों में पुनः पेन्टिंग कराने के निर्देश दिए।
कहा कि डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण अभियान को और अधिक सुदृढ़ बनाए। कहा कि सड़क की पटरी पर दुकान लगाने वाले दुकानदार सूखे एवं गीले कूडे के लिए अलग-अलग डस्टबीन रखे, कूड़ा सड़क पर कदापि न फैलाएं। साथ ही डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए नियुक्त सफाई कर्मी को भी सखे एवं गीले कूड़े के संग्रहण के लिए दो पालीबैंग देने के निर्देश दिए। डीएम ने शहर में जगह-जगह लगे अवैध होर्डिंग, पोस्टर बैनर व पम्पलेट को हटाते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शहर में पोस्टर बैनर लगाने के लिए टेण्डर की जानकारी करने पर अधिशीषी अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिस ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा था, उसका टेण्डर निरस्त कर दिया गया है तथा उसके स्थान पर कोई टेण्डर नहीं कराया गया।
इस पर डीएम ने निर्देश दिए कि अतिशीघ्र बैनर, होर्डिंग आदि के लिए नियमानुसार टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण करें। डॉ सुरेन्द्र अग्रवाल अस्पताल के पास स्थित द्वितीयक कूड़ा स्थल को भी समाप्त कराकर वहां इण्टरलॉकिंग कराने तथा पीछे बनी बाउण्ड्रीवॉल पर पेन्टिंग आदि कराकर सौन्दर्यीकरण कराने के निर्देश दिए। कहा कि नगर पालिका के सफाई मित्रों को पीपी ड्रेस पहनकर सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि जो भी सफाई कर्मी बिना ड्रेस के कार्य करते हुए पाया जाएगा, उसका उस दिन का मानदेय अवरूद्ध कर दिया जाएगा। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, राजस्व निरीक्षक राहुल पांडेय आदि मौजूद रहे।

# शराब के नशे में युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या



जन एक्सप्रेस । बाँदा

बबेरू कस्बे में अज्ञात कारणों के चलते शराब के नशे में एक 54 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही की गई है।
बबेरू कस्बे के विभार थोक मोहल्ले के रहने वाले राकेश सोनी पुत्र विश्वनाथ सोनी उम्र करीब 54 वर्ष यह गुरुवार व शुक्रवार की मध्य रात्रि अपने सुने मकान पर शराब के नशे में मफलर के सहारे कमरे के रोशनदान में बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।
शुक्रवार की सुबह परिजनों ने देखा तो पुलिस को सूचना दिया, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतर कर नीचे उतरवाया और कमरे में जांच की गई, तो कमरे के अंदर ही शराब की सीसी मिली, शव का पंचनामा की कार्यवाही की गई है. जानकारी के मुताबिक मृतक राकेश सोनी तीन भाइयों में सबसे बड़ा था, इस घटना को देखते हुए मृतक की मां संपत देवी भाई गोपाल सोनी, घनश्याम सोनी सहित पूरे परिवार का रो कर बुरा हाल है।

# लुई ब्रेल की जयंती के अवसर पर दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला मुख्यालय स्थित सामाजिक संस्था दृष्टि में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी लुई ब्रेल की जयंती के अवसर पर दो दिवसीय लुई ब्रेल महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। संस्था के महासचिव शंकर लाल गुप्ता ने बताया कि इस महोत्सव में दृष्टिहीनों के मसीहा को श्रद्धांजलि दी जाएगी। साथ ही इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं दिल्ली से स्पेशल विद्यालयों की 10 टीमें प्रतिभाग के लिए आ रही है। इन सभी टीमों के बीच तीन जनवरी को ब्रेल लेखन-पाठन, भाषण, गीत-संगीत, डांस, फैंसी ड्रेस, सामान्य ज्ञान क्वीज, की प्रतिस्पर्धाएं संपन्न कराई जाएंगी। महोत्सव का उद्घाटन जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा किया जाएगा। दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय ब्रेल डे का शुभारंभ प्रातः एक जागरूकता रैली के द्वारा किया जाएगा। जिसको पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। बताया कि समारोह में मंडलायुक्त अजीत कुमार भी शामिल की अनुमति प्रदान की है। जो दृष्टिबाधितों के रोल मॉडल के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक एवं कवि, साहित्यकार राजेश एच आसुदानी, एवं डॉ जी.डी. सिंहल महासचिव मध्य प्रदेश नेत्रहीन कल्याण संघ को लुई ब्रेल अवॉर्ड-2026 प्रदान करेंगे। इस दो दिवसीय महोत्सव को 10 सत्रों में बांटा गया है।

## गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जनपद में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दो आरोपियों को पांच किलो 502 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। अभियान के क्रम में खण्डेहा चौकी प्रभारी राहुल पाण्डेय, उपनिरीक्षक मुन्नीलाल, इमरान खान व उनकी टीम आरक्षी शुभम त्रिपाठी व राजेश कुमार द्वारा आरोपी शिवशंकर तिवारी निवासी ग्राम चन्देरिया थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशांबी को पांच किलो 105 ग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार थाना सरधुवा में उपनिरीक्षक अजहर जमाल व उनकी टीम उपनिरीक्षक अनिल सिंह, मुख्य आरक्षी बृजेन्द्र यादव व आरक्षी मुकद्दर सिंह द्वारा आरोपी कामता प्रसाद निवासी हरिसनपुर थाना सरधुवा को 397 ग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इन दोनों आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

## सात तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की सघन मत्स्य पालन के लिए एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना में ऑनलाइन आवेदन करने के लिए विभागीय पोर्टल आगामी सात जनवरी 2026 तक खोला गया है। बताया कि सघन मत्स्य पालन के लिए एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना में लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक मत्स्य पालक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## गरीबों को कंबल बांटकर पहुंचाई ठंड से राहत

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** ठंड के प्रकोप से गरीब परिवारों को बचाने के लिए जिला प्रशासन के साथ समाजसेवियों द्वारा कंबल वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर अलाव जलवाने की व्यवस्था भी की जा रही है। लगातार एक हफ्ते से अधिक समय से पड़ रही हाड़ कपाऊ ठंड से जहां आमजन मानस हलाकान और परेशान हैं। कई दिनों से सूर्य देवता के दर्शन न होने के चलते ठंडक अपने पूरे शबाब पर है। अधिक ठंडक के चलते गरीब, बेसहरा, बुजुर्ग एवं बच्चों का बुरा हाल है। अत्यधिक ठंड को देखते हुए शासन तथा समाजसेवियों द्वारा कंबल वितरित करके ठंड से राहत दिलाने में प्रयास किया जा रहे है। इसी क्रम में रामनगर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत देऊंधा में युवा जन शक्ति समिति द्वारा लगभग 250 कंबल वितरित किए गए। समिति के अध्यक्ष युवा समाजसेवी पूर्णेन्दु पाण्डेय द्वारा बुजुर्गों व बेसहारों को कंबल वितरित किया गया।

# रेप पीड़िता के मामले में दोषी को बचाने का प्रयास करने वाले विवेचक के खिलाफ दर्ज होगा मुकदमा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

नाबालिग लड़की के साथ दुराचार के आरोपी को सजा सुनाने के साथ विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने इस मामले में विवेचना सही तरीके से न करते हुए एक निर्दोष व्यक्ति को फंसाने का प्रयास करने के लिए तत्कालीन रैपुरा थाना प्रभारी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराने के निर्देश दिए है। साथ ही तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक व पर्यवेक्षणीय अधिकारियों के विरुद्ध भी आवश्यक कार्यवाही करने के लिए अपर मुख्य सचिव गृह एवं पुलिस महानिदेशक को आदेश की एक प्रति भेजने को कहा है।
विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि रैपुरा थाने में बीती पांच अप्रैल 2020 को एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता महिला के अनुसार अगरहुण्डा निवासी छोटू उर्फ तेजप्रताप गुप्ता ने उसकी मानसिक रूप से विक्षिप्त नाबालिग पुत्री के साथ बलात्कार किया था। इस मामले में दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने आरोपी छोटू उर्फ तेजप्रताप गुप्ता को 25 वर्ष के कठोर कारावास और 50,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। साथ ही उन्होंने इस मामले में तत्कालीन रैपुरा थाना प्रभारी, विवेचक एवं पर्यवेक्षण अधिकारियों की कार्यशैली पर भी नाराजगी जाहिर की है।
उन्होंने आदेश में कहा है कि इस मामले की विवेचना करने वाले तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों की अपेक्षाओं के नितांत प्रतिकूल एवं वस्तुतः आपराधिक कदाचार करते हुए एक निर्दोष व्यक्ति को मिथ्या व गढ़े गए साक्ष्यों के आधार पर मृत्यु दण्ड तक से दण्डनीय अपराध में अभियोजित करने के प्रकरण में वास्तविक अभियुक्त को विवेचना की प्रक्रिया से प्रारम्भ से ही बाहर कर दिया गया था।
ऐसे में विवेचक रमेश चन्द्र के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कराते हुए न्यायालय को अवगत कराया जाए। साथ ही विवेचक रमेश चन्द्र एवं तत्कालीन थाना प्रभारी धर्मराज यादव तथा तत्कालीन पर्यवक्षणीय अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही के लिए आदेश की प्रति अपर मुख्य सचिव गृह व उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को भेजने को कहा है।

# संवेदीकरण कार्यशाला में सड़क सुरक्षा की दिलाई गई शपथ

जन एक्सप्रेस । बांदा



शुक्रवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के द्वितीय दिवस बस,ट्रक ऑटो, ई-रिक्शा तथा टैक्सी चालकों एवं उनके यूनियन के पदाधिकारियों के साथ जीरो फेटेलिटी हेतु संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर टैक्सी चालकों एवं उनके यूनियन के पदाधिकारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा सडक सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर सौरभ कुमार, आर.टी.ओ. श्यामलाल, ए.आर.टी.ओ. गुलाब चन्द्र, ए.आर.टी.ओ. वीरेन्द्र नाथ राजभर, पी.टी.ओ, ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारीगण जयराम सिंह, जय सिंह, संतोष पटेल, मयंक गुप्ता तथा भारी संख्या में बस, ट्रक, आटो, ई-रिक्शा के चालक व आमजनमानस के लोग उपस्थित रहे।

# एसपी ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। एसपी ने पुलिस लाइन स्थित विभिन्न कार्यालयों का भी निरीक्षण कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
परेड के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों एवं उपस्थित पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर और अनुशासन बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए। साथ ही स्वास्थ्य के लाभ के लिए परेड की दौड़ भी करायी। एसपी ने प्रभारी आरआई को आवश्यक सुधार के सम्बन्ध में निर्देशित किया तथा परेड में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों को अनुशासन, एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में प्रेरित किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहन तथा अन्य वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को वाहनों की कमियों को दूर करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा एसपी ने डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैन्टीन, मंदिर, भोजनालय, ऑमरी आदि का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक सुधार के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया।
इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी कार्यालय यामीन अहमद, प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव, प्रभारी आरटीसी शिवमूरत यादव, पीआरओ पंकज तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## डा0 सारिका मोहन ने पेश की मिसाल



**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** बतौर ट्रेनी आईएएस डा0 सारिका मोहन ने एसडीएम सदर के साथ ही कई जिम्मेदार पदों पर रहकर अपनी प्रशासनिक कार्यकुशलता की बेहतरीन मिसाल पेश की थी। पंजाब के पटियाला में जन्मी 2006 बैच की आईएएस अधिकारी डा0 सारिका मोहन ने बतौर ट्रेनी आईएएस अधिकारी रहते हुये 2009 में हमीरपुर में एसडीएम सदर के अलावा कई अहम पदों पर अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुये बेहतरीन प्रशासनिक कार्य कुशलता की मिसाल पेश की थी। फिलहाल योगी सरकार ने डा0 सारिका मोहन को सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ ही महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा की बड़ी जिम्मेदारी सौंपकर स्वास्थ्य शिक्षा के सुधारों की बेहतरी की तरफ एक अहम फैसला किया है।

# भूमि अधिग्रहण के विरोध में किया गया विरोध-प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जनपद में आवास विकास परिषद द्वारा आवासीय योजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण की दी जा रही नोटिस के विरोध में लगभग एक सैकड़ा परिवार कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। कर्वी के बेड़ी पुलिया आराजी नंबर 313, 314,315,317, 339 आदि को अहमदगंज में आवास विकास योजना को वहां से से अलग किए जाने की मांग की। भूस्वामियों का कहना है कि हम लोगों ने कर्ज तक लेकर जमीनें खरीदी थी। वहां पर व्यावसायिक व आवासीय प्लाटों पर मकान व दुकान भी बना लिए अगर यह योजना लागू होती है तो हम लोग बेघर हो जाएगे। उन्होंने जिलाधिकारी से इस योजना को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। व्यवसाई राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि यहां आवासीय उद्देश्य अलग-अलग रकबे में पंजीकरण बैनामा पूर्व में काश्तकारों से लोगों द्वारा खरीदा गया है जिसका नामांकन भी उनके नाम हो चुका है जिसमें लोगों द्वारा मकान भी बना लिया गया है जिसमें आवास विकास से उक्त भूमि अधिग्रहण करने पर लोग बेघर हो जाएंगे जिसका उन्होंने विरोध करते हुए जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर अजय सोनी, आनंद मिश्रा, राकेश भारद्वाज, धर्मेंद्र तिवारी, महेश प्रसाद केसरी, रितेश केशरवानी, यशु केशरवानी आदि भूस्वामी मौजूद रहे।

# मछली पालन से महिलाएं बढ़ रही संपन्नता की ओर

जन एक्सप्रेस । बांदा




ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से शुरू किए गए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का प्रभाव अब दिखाई देने लगा है। जिले में महिलाएं मछली पालन से आर्थिक संपन्नता की ओर कदम बढ़ा रही हैं। जिले में इसके लिए 19 समूह काम कर रहे हैं। इनमें लगभग 350 महिलाओं का चयन व प्रशिक्षण भी हुआ है। अलग-अलग क्षेत्र में 82 बायो फ्लॉक टैंक बनाए गए हैं जिनमें मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार से नामित एक प्राइवेट कंपनी इसकी देखरेख कर रही है जिस पर मछलियों के उत्पादन से लेकर बिक्री तक की जिम्मेदारी है।जिले में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिले के चार ब्लाकों में मछली पालन का स्टार्टअप हुआ है जिसमें नरैनी, बबेरू, बिसंडा व बड़ोखर खुर्द शामिल है।19 महिला समूह मछली पालन का कार्य कर रहे हैं। इसके लिए बबेरू क्षेत्र में 50,बिसंडा क्षेत्र में 22 व नरैनी क्षेत्र में 10 जगह बायो फ्लाक टैंक बनाये गए हैं।प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत इन महिला समूहों को सब्सिडी दिलाने की भी प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन भी कराए गए हैं।एक फ्लाक टैंक की पूरी प्रक्रिया में 60 हजार रूपये तक का खर्च होता है जिसमें 30 हजार रुपए सब्सिडी देने का प्रावधान है।उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से नामित नेचर जनिक्स कंपनी पूरी प्रक्रिया की देखरेख कर रही है।राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के डिप्टी कमिश्नर भईयन लाल ने बताया कि जिले में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्टार्टअप के रूप में 4 ब्लाकों में महिला समूहों के द्वारा मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। महिला समूह इसको करने में अपनी रुचि भी दिखा रही हैं।आने वाले समय में महिलाओं के और भी समूह इससे जुड़ेंगे और मछली पालन कर अच्छा मुनाफा कमाएंगे।



**सराहना : ऑपरेशन सिंदूर में अहम रहे...**

देश की रक्षा तैयारियों को मजबूती देने में रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डीआरडीओ द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने निर्णायक भूमिका निभाई। डीआरडीओ के 68वें स्थापना दिवस पर नई दिल्ली स्थित... पढ़ें पेज 12 पर...

# सीएम योगी ने वित्त विभाग की समीक्षा की, सभी विभागों को बजट खर्च में तेजी लाने के दिये निर्देश

- मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों को जारी बजट के व्यय को लेकर वित्त विभाग की समीक्षा की
- मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सभी विभाग समय से आवंटन बजट का करें इस्तेमाल, न हो कोई लापरवाही
- बोले, समय से बजट व्यय के लिए हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय हो
- मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग को निर्देश दिये कि अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की नई कार्ययोजना पर अभी से शुरू कर दें तैयारियां

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



### जिन विभागों में बजट व्यय में प्रगति धीमी, वे लाएं तेजी, हर अधिकारी की तय हो जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रमुख 20 विभागों के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने सभी प्रमुख विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभाग समय से आवंटन बजट का इस्तेमाल करें ताकि परियोजनाएं और योजनाएं समय से पूरी हो सकें और प्रदेशवासी इन योजनाओं लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बजट को समय से खर्च करने के लिए अधिकारी निर्णय लेने का सामर्थ्य विकसित करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, वह इसमें तेजी लाएं। साथ ही बजट को समय से खर्च करने के लिए हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय हो। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी विभाग के अधिकारी तुरंत निर्णय लें। उन्होंने कहा कि निर्णय लेने में देरी से समय से बजट व्यय नहीं हो पाता है। ऐसे में निर्णय लेने में तेजी दिखाएं।

### अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की नई कार्ययोजना पर अभी से शुरू कर दें तैयारियां

मुख्यमंत्री जी ने बैठक में वित्त विभाग को निर्देश दिये कि आगामी अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर अभी से सभी विभागों के साथ बैठक कर बजट मांग की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि आगामी बजट को विभाग आवंटित करने से पहले उनके पिछले पांच वर्ष के खर्च के आकंलन की समीक्षा करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वित्त विभाग नई कार्ययोजना को लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दे। वहीं केंद्र सरकार से आगामी बजट आवंटन को लेकर बेहतर समन्वय बनाएं ताकि समय से केंद्र सरकार से बजट मिल सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शुक्रवार सुबह वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा विभिन्न विभागों को जारी बजट के व्यय को लेकर वित्त विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभागों के बजट प्राविधान के सापेक्ष शासन द्वारा जारी स्वीकृतियों, विभागाध्यक्ष द्वारा आवंटन, व्यय आदि की अद्धयावधिक प्रगति पर अधिक बजट प्राविधान वाले प्रमुख 20 विभागों का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कुछ विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है। इसमें तेजी लाने के लिए विभागीय मंत्री और अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर हर माह बैठक करें। वहीं मुख्यमंत्री जी ने वित्त विभाग को निर्देश दिये कि जिन विभागों के आवंटन बजट के कुछ अंश को अभी तक किंहीं कारणों से जारी नहीं किया गया है, उन विभागों को तत्काल बजट आवंटित करें। उन्होंने सभी प्रमुख 20 विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन विभागों को विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से बजट जारी किया जाता है। इसके लिए विभाग के मंत्री, अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से बजट जारी करने के लिए पैरवी करें। इसके साथ ही केंद्र सरकार को पत्र लिखें और फोन से फालोअप करें। इसको लेकर मुख्य सचिव भी इनोसेटिव लें। मुख्यमंत्री जी ने अपने कार्यालय को निर्देश दिये कि जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, उनको चिन्हित करें और उनके विभाग के मंत्रियों को मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से पत्र जारी करें।

# 22 साल की उम्र में असाधारण उपलब्धियां, सार्थक अग्रवाल बने युवाओं के लिए प्रेरणा

- एलपीएस लखनऊ के टॉपर से लेकर BITS पिलानी स्टूडेंट यूनियन प्रेसिडेंट और स्टार्टअप फाउंडर तक का सफर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ के रहने वाले सार्थक अग्रवाल ने मात्र 22 वर्ष की उम्र में जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वह आज के युवाओं के लिए मिसाल बनती जा रही हैं। शिक्षा, सामाजिक सेवा, नेतृत्व और उद्यमिता–हर क्षेत्र में सार्थक ने अपनी अलग पहचान बनाई है। सार्थक अग्रवाल एलपीएस लखनऊ से टॉपर रहे, जहां उनकी सफलता को कोचिंग संस्थानों ने भी उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया और उनकी उपलब्धियों को अपने संस्थानों में प्रदर्शित किया। पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद सार्थक का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान BITS Pilani में हुआ।

### सामाजिक सेवा की मिसाल

BITS पिलानी में पढ़ाई के दौरान सार्थक अग्रवाल स्टूडेंट यूनियन के प्रेसिडेंट चुने गए। इस जिम्मेदारी के साथ उन्होंने केवल छात्र राजनीति तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि सामाजिक सरोकारों को भी प्राथमिकता दी। उन्होंने कैंपस में एनजीओ गतिविधियों की शुरुआत की, जिसके अंतर्गत हॉस्टल में बचा हुआ भोजन जरूरतमंद और गरीब लोगों तक पहुंचाने की प्रभावी व्यवस्था की गई। यह पहल न केवल सामाजिक संवेदनशीलता का उदाहरण बनी, बल्कि अन्य संस्थानों के लिए भी प्रेरणा साबित हुई।

### वर्षों पुरानी मांग को दिलाई रफ्तार

स्टूडेंट यूनियन प्रेसिडेंट रहते हुए सार्थक अग्रवाल ने एक और ऐतिहासिक पहल की। पिलानी रेलवे स्टेशन के निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को उन्होंने आगे बढ़ाया और इसकी DPR (Detailed Project Report) तैयार करवाई। इस प्रक्रिया में उन्होंने तत्कालीन रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से संवाद कर इस परियोजना को गति दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### आज स्टार्टअप दुनिया में नई पहचान

वर्तमान समय में सार्थक अग्रवाल Pulseverse Private Limited के Founder & CEO हैं। कम उम्र में स्टार्टअप की दुनिया में कदम रखकर वे यह साबित कर रहे हैं कि सही सोच, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति जिम्मेदारी के साथ युवा भी बड़े बदलाव ला सकते हैं।

युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

शिक्षा में उत्कृष्टता, सामाजिक सेवा में सक्रियता, प्रशासनिक समझ और उद्यमिता—इन सभी क्षेत्रों में संतुलन बनाकर सार्थक अग्रवाल आज देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि उम्र नहीं, बल्कि सोच और संकल्प ही सफलता की असली कुंजी है।

# महिगवां पुलिस ने शराब की दुकान से शराब खरीद कर लोगो को अधिक मूल्य पर शराब ब्रिकी करने वाले एक व्यक्ति को किया गिरफ़्तार

- पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से अवैध शराब की 21 पैकेट व 320 रू0 नकद बरामद किये

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन महिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी निरीक्षक राम कुमार गुप्ता के नेतृत्व उ0नि0 सतीश सिंह गश्त करते हुए कुम्हारावाँ चौराहे पर थे कि मुखविर खास की सूचना पर ग्राम खजुरी के पास पहुँचे तो एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र के बगल पुलिया के पास सड़क किनारे छोटे लाल उर्फ बघेल पुत्र स्व0 मोहन लाल गौतम निवासी ग्राम विशम्भर खेड़ा ग्रा0प0अलदमपुर थाना महिगवाँ लखनऊ उम्र करीब 30 वर्ष बताया। पुलिस ने अभियुक्त द्वारा हाथ में लिये झोले को खोलकर देखा गया तो देशी शराब के कुल 21 पैकेट शराब बरामद हुई, जिसमें विंडीज ब्रांड के 9 पैकेट जोशीला ब्रांड के 8 पैकेट, बंटी बबली ब्रांड के 4 पैकेट बरामद हुई। पुलिस के पूछने पर बताया कि अलग-अलग शराब ठेकों से शराब खरीद कर रख लेता हूँ और मंहगे दाम पर लोगों को बेचता हूँ। तलाशी लेने पर पहने शर्ट के बायीं ओर जेब से 320 रुपये बरामद हुए, जो शराब बेचने से प्राप्त व खर्च के बाद शेष रुपये होना बताया, बरामदगी व गिरफ़्तारी सवोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशो निर्देशो का पालन कर कार्यवाही की गई।

# सामाजिक सरोकारों के प्रति सजग, प्रतिबद्ध जनप्रतिनिधि थे श्याम बिहारी लाल : महाना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बरेली के फरीदपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र-122 से विधायक प्रो.श्याम बिहारी लाल के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अध्यक्ष ने कहा कि प्रो. श्याम बिहारी लाल दो बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित होकर जनसेवा में सक्रिय रहे। वे अपने क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा सामाजिक सरोकारों के प्रति सदैव सजग और प्रतिबद्ध जनप्रतिनिधि थे। उनकी सरलता, सौम्य व्यवहार और कर्मठता के कारण वे जनमानस में विशेष सम्मान रखते थे। अध्यक्ष ने कहा कि प्रो श्याम बिहारी लाल का निधन न केवल उनके परिजनों एवं समर्थकों, बल्कि प्रदेश की राजनीति और सामाजिक जीवन के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई लंबे समय तक संभव नहीं हो सकेगी। अध्यक्ष ने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल परिजनों एवं समर्थकों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति एवं संबल देने की प्रार्थना की है।

# गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना में विकासकर्ताओं को प्रतिपूर्ति के लिए 22800 लाख मंजूर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना प्रयागराज से मेरठ में जीएसटी के अतिरिक्त 6 प्रतिशत व्यय भार के दृष्टिगत विकासकर्ताओं को द्वितीय और तृतीय त्रैमास के लिए प्रतिपूर्ति हेतु 22800 लाख रूपये की धनराशि मंजूर कर दी है। गंगा एक्सप्रेसवे के निष्पादित अनुबन्ध के आर्टिकल 41 चेंज इन लॉ के तहत गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के विकासकर्ताओं पर जीएसटी की 6 प्रतिशत अतिरिक्त व्यय भार की प्रतिपूर्ति के लिए अवमुक्त की गयी है।



# राज्यपाल से मिले राज्य सूचना आयुक्त भेंट की अपनी पुस्तक सेवा और समर्पण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से राजभवन में राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को अपनी पुस्तक सेवा और समर्पण भेंट की। इस पुस्तक में सेवा और समर्पण की कार्यशैली को रेखांकित किया गया। इसके माध्यम से ही सुशासन का मार्ग प्रशस्त होता है।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने की स्पर्श दृष्टिबाधित विद्यालयों के कार्यों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित विद्यालयों में ग्राउंड डेवलपमेंट एवं स्मार्ट क्लास का निरीक्षण
- दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापरक एवं डिजिटल शिक्षा योगी सरकार की प्राथमिकता : कश्यप

पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने राजकीय दृष्टिबाधित दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इंटर कॉलेज एवं स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। मंत्री ने विद्यालय परिसरों में चल रहे ग्राउंड डेवलपमेंट, टाइल्स निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्थाओं एवं अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के अनुसार कार्यों को पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। विद्यालय में नवनिर्मित स्मार्ट क्लास का भी अवलोकन किया और कहा कि दिव्यांग बच्चों को तकनीक से जोड़कर शिक्षा देना समय की आवश्यकता है डिजिटल कक्षाओं के माध्यम से बच्चों को आधुनिक, गुणवत्तापरक एवं प्रभावी शिक्षा सुनिश्चित की जाए, जिससे वे मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें।मंत्री ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं अध्ययन के लिए स्वच्छ वातावरण अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय परिसर को नियमित रूप से साफ-सुथरा रखा जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए बच्चों की कक्षा संचालन की समय-सारिणी, सुरक्षा एवं सुविधाओं से संबंधित सभी आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाए ताकि विद्यार्थियों को असुविधा न हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार का संकल्प है कि दिव्यांग बच्चों को न केवल बेहतर आधारभूत संरचना उपलब्ध कराई जाए, बल्कि उन्हें आधुनिक शिक्षा, तकनीकी संसाधन और अनुकूल वातावरण देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जाए। योजनाओं और निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

# द्यान मंत्री ने की आलू की उपज के प्रबंधन एवं भंडारण व्यवस्था की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने आज आलू की आगामी उपज के सुचारू प्रबंधन, भंडारण और विपणन व्यवस्थाओं को लेकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में वर्तमान मौसम के अनुकूल होने के कारण पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर उत्पादन की संभावना व्यक्त की गई है, जिसके दृष्टिगत मंत्री ने अधिकारियों को पूर्व-नियोजित और सुदृढ़ तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं ताकि आलू किसानों को अपनी उपज बेचने या रखने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि प्रदेश में आलू उत्पादन बढ़ने के अनुमान के बावजूद भंडारण क्षमता पर्याप्त रूप से उपलब्ध है और बड़ी संख्या में कोल्ड स्टोरेज के स्थान रिक्त हैं। एहतियाती कदम उठाते हुए मंत्री ने निर्देश दिए कि अन्य राज्यों के बाजारों और वहां के आलू व्यापारियों से संपर्क स्थापित किया जाए ताकि विपणन की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। इसके साथ ही उन्होंने नवनिर्मित कोल्ड स्टोरेज का संचालन तत्काल शुरू करने और उनमें भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया।आलू उत्पादन के प्रमुख क्षेत्रों और मंडलों में व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए मुख्यालय स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आवंटित मंडलों का भौतिक निरीक्षण करें और फसल की पूर्व आवक से पहले विपणन एवं भंडारण की समस्त कमियों को दूर करें। राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य आलू किसानों को असुविधा से बचाना है, जिसके लिए मंडलवार अधिकारियों की तैनाती कर जवाबदेही तय की गई है।बैठक में मंत्री ने बाजार हस्तक्षेप योजना मार्केट इंटरवेंशन स्कीम को शीघ्र स्वीकृति कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भविष्य की जरूरतों को देखते हुए मल्टी-चैंबर शीतगृहों के निर्माण को प्रोत्साहित करने और पुराने शीतगृहों को आधुनिक तकनीक से लैस करने पर जोर दिया, जिससे आलू के साथ अन्य बागवानी फसलों का भी सुरक्षित भंडारण संभव हो सके।समीक्षा बैठक में भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा, निदेशक भानु प्रकाश राम, वित्त नियंत्रक अनिल कुमार सिंह, संयुक्त सचिव रजनीकांत पाण्डेय संयुक्त निदेशक सर्वेश कुमार, राजीव वर्मा सहित सभी मंडलों और जनपदों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोमती नदी में जल्द शुरू होगी वाटर मैट्रो

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जल परिवहन के संबंध में परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह के सरकारी आवास 9 कालीदास पर कोच्चि मैट्रो के निदेशक संजय कुमार से वार्ता हुई। लखनऊ में गोमती नदी में वाटर मैट्रों के संचालन पर विचार विमर्श किया गया। गोमती नदी में वाटर मैट्रो चलाने में क्या संभावनाएं हैं, इसकी तकनीकी व्यवहारिकता अध्ययन संबंधी रिपोर्ट निदेशक संजय कुमार ने प्रस्तुत की।परिवहन मंत्री ने बताया कि यूपी के तीन महत्वपूर्ण स्थानों की तकनीकी व्यवहारिकता अध्ययन रिपोर्ट तैयार हो चुकी है। लखनऊ के गोमती नदी में वाटर मैट्रो के संचालन हेतु कार्यवाही चल रही है। मथुरा में यमुना नदी में आगरा से मथुरा तक, गोरखपुर में रामगढ़ ताल, बलिया में सुरहा ताल एवं गंगा नदी में संचालन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जायेगा। यहां की जनता को सुविधाएं प्राप्त होगी। पर्यटन की दृष्टि से एवं आर्थिक उपार्जन की दृष्टि से उपयोगी होगा। जल परिवहन का विकास जनता के मनोरंजन की दृष्टि से बहुत उपयोगी होगा।परिवहन मंत्री ने बताया कि सर्वप्रथम नेवीगेशनल एड की कार्यवाही होगी। इन्टीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंटसिस्टम, पैसेंजर काउन्टिंग सिस्टम, पर्यावरणीय व्यवस्था, सोशल इंपैक्ट स्टडी, टर्मिनल, जेट्टी, रोड कनेक्टिविटी पोन्टुन, आटोमेटिक फेयर कलेक्शन एएफसी इलेक्ट्रिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर 11 केवी हाईटेंशन लाईट वोट चार्जर, हायर प्रोटेक्शन सिस्टम, एचवीएसी के अध्ययन के उपरान्त डीपीआर तैयार होती है।

# आपदाओं के जोखिमों को न्यूनीकृत करने हेतु किया जाय उचित प्रबंधन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

केंद्रीय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव मनीष भारद्वाज ने पिकप भवन स्थित राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय मे समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं का गहन अध्ययन करते हुए विभिन्न आपदाओं बाढ़ अग्निकाण्ड हीटवेव शीतलहरी वज्रपात भूकंप इत्यादि से होने वाले जोखिमों क्षतियों को न्यूनीकृत करने हेतु उचित प्रबंधन किया जाए तथा इसकी जानकारी आमजन तक पंहुचाई जाए। राष्ट्रीय प्राद्यौगिकी संस्थानों से सम्पर्क कर विकसित मॉडलों का उपयोग आपदा न्यूनीकरण के लिए किया जाए। भारत सरकार द्वारा आपदाओं के न्यूनीकरण के लिए शुरू कार्यक्रमों के अन्तर्गत एनसीसी, भारत स्काउट गाइड, स्कूल-कालेज के विद्यार्थियों सहित आमजनों को विभिन्न आपदों से बचने के लिए प्रशिक्षित किया जाए। उत्तर प्रदेश में बाढ़ क्षेत्र के समीप स्थित गांवों में नाविकों को सीपीआर का प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव दिया। इस कार्य के लिए भारत सरकार द्वारा सहयोग किया जायेगा। दिल्ली, मुम्बई और अहमदाबाद की तर्ज पर उत्तर प्रदेश को फ्लड फ्री प्रदेश करने के उद्देश्य से कार्य करें।समीक्षा बैठक में अपर मुख्यकार्यपालक अधिकारी डॉ हृषिकेश भास्कर याशोद ने प्राधिकरण द्वारा आपदा न्यूनीकरण हेतु किए गए कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रदेश में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक एवं प्रभावी बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा प्रदेश में आपदा न्यूनीकरण, तैयारी, प्रतिक्रिया एवं पुनर्वास से जुड़े कार्यो का समन्वित रूप से संचालित किया जा रहा है। मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण, इंटर्नशिप कार्यक्रम, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सिटी हीट एक्शन प्लान एवं शहरी आपदा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने हेतु महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहा हैं। राज्य स्तर पर अत्याधुनिक राज्य इमर्जेन्सी ऑपरेशन सेंटर की स्थापना की जा रही है। युवा आपदा मित्र परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं केंद्रीय गृह मंत्रालय के सहयोग से प्रदेश के 25 जनपदों में लगभग 29,772 को युवा आपदा मित्र का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मनीष भारद्वाज ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आपदा न्यूनीकरण में तेजी से कार्य करते हुए विभिन्न आपदाओं के जोखिमों को न्यूतम किये जाने हेतु नवीन योजनाओं को सम्मिलित किया जाए। राज्य स्तरीय इमर्जेन्सी ऑपरेशन सेंटर को बेस्ड बनाते हुए प्रदेश स्तर में मौसम संबंधी स्थानीय चेतावनी पर कार्य किया जाये। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, आईआईटी, स्टार्टअप फार्मो से सहयोग लिया जाये और उसके आपदा न्यूनीकरण के लिए बढ़ावा दिया जाये। आपदा प्रबंधन अधिनियम के नवीन संसोधन में शहरी नगरीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बनाए जाने के निर्देश दिए गये हैं। प्रदेश में इसको स्थापित कर कार्यवाही की जाये। उन्होंने आपदा मित्र परियोजना से शहरी एवं ग्रामीण युवाओं को जोड़ा जाए। स्कूल सैफ्टी योजना के माध्यम से प्रत्येक स्कूल, कॉलेज में आपदा प्रबंधन जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाये। मिटीगेशन प्रोजेक्ट के माध्यम से डूबने की घटनाओं, वज्रपात एवं अन्य आपदा के न्यूनीकरण के लिए अधिक से अधिक प्रोजेक्ट तैयार कर आपदा न्यूनीकरण कार्य किया जाये, जिससे उत्तर प्रदेश एक रोल मॉडल के रूप में आ सके।

# परिवहन मंत्री ने की प्रयागराज में होने वाले मेला की तैयारियों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- बेहतर एवं सुचारू यात्रा मुहैया कराने के दिए निर्देश
- आवागमन में असुविधा न हो : दयाशंकर

परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने प्रयागराज में माघ मेला स्नान के दृष्टिगत परिवहन निगम की तैयारीयों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि आवागमन को सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाए रखने हेतु समय पर तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए।उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन सिंह ने परिवहन मंत्री को आश्वस्त करते हुए बताया कि प्रयागराज में अस्थाई बस स्टेशन झूसी, लेप्रोसी, बेला कछार, नेहरू पार्क में वर्कशाप का कार्य पूर्ण हो गया है।5 चेक पोस्ट स्थापित होकर वर्तमान में कार्यरत हैं। 250 बेड के जर्मन हैन्गर को बनाने का कार्य भी पूर्ण हो गया है। व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के दृष्टिगत मुख्य पर्व स्नानों पर 2 दिन पूर्व से 1 दिन बाद तक मेला क्षेत्र में समिति के अधिकारीगण उपस्थित रहेगे। स्थानीय अधिकारी नियमित रूप से मेला क्षेत्र में उपस्थित हैं।प्रबंध निदेशक ने बताया कि 7 मागों गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, अयोध्या, मिर्जापुर, चित्रकूट एवं कानपुर पर क्यूआरटी टीम तैनात होकर कार्यरत हैं।अस्थाई बस स्टेशन झूसी एवं नेहरूपार्क में समतलीकरण का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। ग्राउण्ड की सफाई नियमित रूप से करायी जा रही है। झूसी, पटेल बाग एवं लेप्रोसी में प्रकाश की व्यवस्था पूर्ण हो गयी है। नेहरू पार्क में तथा बेला कछार में विद्युत पोल लग गये है विद्युत आपूर्ति में समय लगने के दृष्टिगत वैकल्पिक रूप में जनरेटर की व्यवस्था करा ली गयी हैं।झूसी बस स्टेशन पर 24 सीट के स्थाई एवं 8-8 सीट के दो मोबाईल टाईलेट तथा लेप्रोसी में 6-6 सीट के दो, बेला कछार में 8-8 सीट के दो, पटेल बाग में 8 सीट के एक मोबाईल टाईलेट उपलब्ध हो गये हैं। बस स्टेशनों पर अलाव, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, चकर प्लेट व रिपेयर मेन्टीनेंस हेतु आवश्यक उपकरण की व्यवस्था करा ली गयी है। अस्थाई बस स्टेशनों झूसी, पटेलबाग, लेप्रोसी, बेला कछार, नेहरू पार्क एवं विद्यावाहनी बस स्टेशन परसीसीटीवी कैमरा लगवा दिया गया है।आवागमन हेतु विवरण पलैक्सी लगवा दिया गया है। बस स्टेशनों पर अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था है। झूसी, पटेल बाग एवं लेप्रोसी में फायर ब्रिगेड स्थापित हो गया है।कैन्टीन हेतु जगह चिन्हित कर निर्माण कार्य आज पूर्ण कराते हुए 3 जनवरी को कियाशील हो जायेगा। कैण्टीन में गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ की उपलब्धता रहेगी तथा गुणवत्ता की खाद्य विभाग से नियमित रूप से चेकिंग भी करायी जायेगी। बस स्टेशनों पर पूछताछ काउण्टर स्थापित हैं। झूँसी,पटेल बाग बस स्टेशन पर 250 रिजर्व बस, लेप्रोसी बस स्टेशन पर 50 रिजर्व बस, बेला कछार बस स्टेशन पर 25 रिजर्व बस एवं नेहरू पार्क बस स्टेशन पर 75 रिजर्व बस के पार्किंग की प्लानिंग कर ली गयी है। अंदावा, फाफामऊ एवं नैनी क्षेत्र में लेप्रोसी पुल के पास तथा तेलियरगंज के पास 1-1 केन मय कटर मशीन की व्यवस्था करा ली गयी है। फाफामऊ, नैनी एवं अंदावा भार्ग पर गंगा एवं यमुना पुल के पास केन मय कटर की स्थापित करा दिया गया है। एएलएस व बीएलएस एम्बुलेन्स हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रयागराज से अनुरोध किया गया है। मागों पर नगर प्रवेश स्थलों के निकट सड़कों के किनारे खड़े वाहनों को हटाने हेतु प्रत्येक बस स्टेशनों पर 5-5 चालक रिजर्व रखा गया है।परिवहन निगम के मेला में तैनात अधिकारियों के मोबाईल नम्बर मेला नियंत्रण कक्ष एवं जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दिया गया है। अस्थाई बस स्टेशनों पर माघ मेला अवधि हेतु अस्थायी पुलिस चौकी की स्थापना हेतु पुलिस विभाग से अनुरोध किया गया है तथा बसों की द्वितीय चाभी बस स्टेशन पर तैनात मेलाधिकारी को उपलब्ध करायी जा रही हैं।माघ मेला में आने वाले समस्त चालकों परिचालकों की मादक पदार्थो का सेवन न किये जाने हेतु काउन्सिलिंग करायी जा रही है।

# कोहरे में ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत, दो चालक घायल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद में घने कोहरे के चलते शुक्रवार सुबह रायबरेली-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शंकरगंज चौकी के राजा मऊ पुल पर दो ट्रक आपस में भिड़ गए। हादसा सुबह करीब नौ बजे हुआ, जब दृश्यता बेहद कम थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कोहरे के कारण ट्रकों के चालकों को सामने से आ रहे वाहन का सही अंदाजा नहीं हो सका, जिससे दोनों ट्रकों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी, कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में दोनो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई और यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही मोहनगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।गंभीर रूप से घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रकों को हटवाकर मार्ग को सुचारु कराया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण घना कोहरा और तेज रफ्तार बताया जा रहा है।पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है, कि कोहरे के मौसम में सावधानी बरतें, गति नियंत्रित रखें और फॉग लाइट का प्रयोग अवश्य करें, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## अनियंत्रित बाइक पलटने से पति की मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल

**अमेठी।** जनपद में जामो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालूपुर ढबिया निवासी दिलीप पांडेय 40 वर्ष पुत्र राम मूरत पांडेय अपनी पत्नी ललिता के साथ बाइक से मुसाफिरखाना जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक बंधवा रेसी के पास पहुंची, अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए ।मौकेपर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो ले जाया गया,जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दिलीप पांडेय को मृत घोषित कर दिया। वहीं उनकी पत्नी ललिता की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही जामो पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की ।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# परिवहन विभाग के लिए चुनौती बना लोकेटर गैंग

## अधिकारियों के निकलते ही सड़कों पर दौड़ने लगते हैं अवैध वाहन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में परिवहन विभाग के लिए इन दिनों तथाकथित 'लोकटर गैंग' एक गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। इस गैंग की सक्रियता के चलते ओवरलोड और अवैध वाहन खुलेआम सड़कों पर फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि जैसे ही परिवहन विभाग के अधिकारी किसी मार्ग पर निरीक्षण या चेकिंग के लिए निकलते हैं, वैसे ही लोकटर गैंग सक्रिय हो जाता है। और अवैध वाहन चालकों को इशारों या अन्य माध्यमों से पहले ही सतर्क कर देता है। परिणाम स्वरूप या तो ओवरलोड वाहन अपना रास्ता बदल लेते हैं या फिर ढाबों, लिंक मार्गों और ग्रामीण सड़कों पर छिपा दिए जाते हैं। इससे न केवल परिवहन विभाग की कार्रवाई प्रभावित हो रही है, बल्कि शासन को राजस्व की भारी क्षति भी उठानी पड़ रही है। सबसे गंभीर चिंता का विषय यह है, कि ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क हादसों की आशंका भी लगातार बढ़ती जा रही है। परिवहन विभाग की चेकिंग के दौरान यह समस्या सामने आई है, कि लोकटर गैंग के सदस्य सड़कों पर जासूसों की तरह तैनात रहते हैं एवं अधिकारियों की लोकेशन की सूचना अवैध वाहन चालकों तक पहुंचाते हैं। कई ओवरलोड ट्रकों और डंपरों पर नंबर प्लेट तक नहीं होती, जिससे दुर्घटना की स्थिति में उनकी पहचान करना बेहद मुश्किल हो जाता है। इस संबंध में एआरटीओ महेंद्र बाबू ने स्वीकार किया कि लोकटर गैंग विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने बताया कि गैंग के सदस्यों की पहचान के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं और बहुत जल्द इस पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लोकटर गैंग की मौजूदगी के बावजूद विभाग अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हट रहा है तथा बिना पंजीकरण, ओवरलोड व नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। परिवहन विभाग का कहना है कि सख्त अभियान चलाकर न सिर्फ अवैध वाहनों पर शिकंजा कसा जाएगा, बल्कि लोकेटर गैंग को भी बेनकाब कर कानून के दायरे में लाया जाएगा।

# अटल आवासीय विद्यालय अयोध्या में प्रवेश हेतु 31 तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अटल आवासीय विद्यालय अयोध्या में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छह एवं कक्षा नौ में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इस संबंध में सहायक श्रमायुक्त छत्रसाल बरनवाल ने विस्तृत जानकारी देते हुए पात्र अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड-19 महामारी के दौरान निराश्रित राज्याश्रित हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के अंतर्गत पात्र बच्चों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा।

विद्यालय में कक्षा छह के लिए कुल 160 सीटें 80 बालक एवं 80 बालिकाएं तथा कक्षा 9 के लिए 61 सीटें 31बालक एवं 30 बालिकाएं निर्धारित की गई हैं। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र कार्यालय सहायक श्रमायुक्त जिला प्रोबेशन अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय तथा अटल आवासीय विद्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे आवेदनपत्र अभिलेखों सहित 31जनवरी को सायं 5 बजे तकसंबंधित कार्यालयों में जमा किए जा सकेंगे। अनाथ बच्चों के आवेदन पत्र केवल जिला प्रोबेशन कार्यालय में स्वीकार किए जाएंगे। पात्रता शर्तों के अनुसार कक्षा 6 में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का जन्म एक मई 2014 से पूर्व एवं 31 जुलाई 2016 के बाद नहीं होना चाहिए, जबकि कक्षा 9 हेतु जन्म तिथि एक मई 2011से पूर्व एवं 31 जुलाई 2013 के बाद नहीं होना चाहिए।

शैक्षणिक योग्यता के अंतर्गत कक्षा6 के लिए कक्षा 5 तथा कक्षा 9 के लिए संबंधित कक्षा उत्तीर्ण अथवा अध्ययनरत होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी कार्यालय सहायक श्रमायुक्त ब्लॉक परिसर गौरीगंज अथवा दिए गए दूरभाष व मोबाइल नंबरों परसंपर्क कर सकते हैं। यह योजना जरूरतमंद बच्चों के उज्ज्वलभविष्य की दिशा में एक सार्थक कदम मानी जा रही है।

# ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट की बैठक में पूनम सिंह को मिली प्रदेश महिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

नववर्ष के अवसर पर महात्मा गांधी सभागार, विकास भवन, रायबरेली में ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल (चौहान गुट) की एक गरिमामय बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जी.सी. सिंह चौहान, सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं संगठन के साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक का प्रमुख केंद्रबिंदु कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह रहीं, जिन्हें संगठन द्वारा प्रदेश महिला अध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने की औपचारिक घोषणा की गई। इस अवसर पर संगठन के नेतृत्व और उपस्थित सदस्यों ने पूनम सिंह के सामाजिक एवं संगठनात्मक अनुभव की सराहना करते हुए उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया।

पदभार ग्रहण करते हुए पूनम सिंह ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जी.सी. सिंह चौहान, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सभी साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ निभाएंगी तथा नारी सशक्तिकरण को मजबूती देने, व्यापारी हितों की प्रभावी पैरवी करने और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगी।

बैठक में नववर्ष के अवसर पर संगठन की आगामी कार्ययोजना, व्यापारियों की समस्याओं और महिला सहभागिता को बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनों ने संगठन की एकजुटता और जनहित में सकारात्मक भूमिका निभाने के संकल्प को दोहराया।

# ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में किया जिले का नाम रोशन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर की ताइक्कांडो टीम ने कोलकाता में खेले गए राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जबरदस्त प्रदर्शन दिखाते हुए 6 स्वर्ण पदक तथा 8 रजत पदक अर्जित किए हैं। पदक जीतने के बाद घर वापसी पर जिला मुख्यालय पहुंचते ही खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया।

जानकारी के अनुसार 2 जनवरी को राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जबरदस्त जीत हासिल करके ताइक्कांडो टीम जिला मुख्यालय पहुंची जहां पर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। 28 से 31 दिसंबर तक बंगाल ताइक्कांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन कोलकाता (वेस्ट बंगाल) में किया गया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए बलरामपुर के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण पदक सहित 8 पदक अर्जित किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्णिम उपलब्धियां अर्जित करने के पश्चात जनपद वापसी पर बलरामपुर ताइक्कांडो संघ ने विजेता खिलाड़ियों को पहलवारा स्थित ताइक्कांडो एकेडमी इंडोर हाल में समारोह पूर्वक सम्मानित किया। इस अवसर पर बलरामपुर ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष डॉक्टर प्रांजल त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव व डॉ अब्दुल कय्यूम ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रशंसा की तथा भविष्य में बलरामपुर का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपने अच्छे प्रदर्शन से और लगन के साथ गौरवान्वित करने का आवाहन किया।

संघ के पदाधिकारियों ने उपस्थित अभिभावकों की सराहना करते हुए कहा के इस दौर में अपने बच्चों को एक अच्छा खिलाड़ी बनने की जहां आप प्रेरणा दे रहे हैं, वहीं इस देश के होनहार खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन भी कर रहे हैं। खिलाड़ियों की उपलब्धि का श्रेय माता-पिता को देते हुए वरिष्ठ कोच ने कहा की मां-बाप के सहयोग के बिना कोई भी खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ सकता यह सत्य है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों के सब जूनियर बालक वर्ग में आध्यात्म प्रताप पाल, अनमोल मौर्य व हितेंद्र ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। कैडेट बालक भार वर्ग मे आदर्श मौर्य ने स्वर्ण पदक अर्जित किया, जबकि हरिओम कश्यप ने रजत पदक अर्जित किया। कैडेट बालिका का वर्ग मे साक्षी सिद्धार्थ ने कांस्य पदक अर्जित किया। जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग में क्रमशः अमन पांडे तथा सानिया खान ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं शचि कश्यप क्वार्टर फाइनल राउंड में मणिपुर की खिलाड़ी से एक अंक से सेमी फाइनल पहुंचने से चूक गईं। सब जूनियर बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश टीम को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिसमें बलरामपुर के सब जूनियर बालक वर्ग के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा। उत्तर प्रदेश टीम के कोच जियाउल हसमत तथा सहायक कोच के रूप में कृष्ण कुमार पाल ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व किया।

# एसएसबी नवीं वाहिनी के 23वें का स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल 9 वीं वाहिनी का 23वां स्थापना दिवस शुक्रवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 01 जनवरी को 09 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बलरामपुर का 23वां स्थापना दिवस समारोह समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मनोरंजन कुमार पाण्डेय, कमांडेंट 09वीं वाहिनी के निर्देशन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कमांडेंट द्वारा अमर शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर तथा पारंपरिक रीति से दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर 50 वीं वाहिनी के कमांडेंट संजय कुमार सहित दोनों वाहिनियों के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवान, उनके परिवारजन, बच्चे एवं स्थानीय गणमान्य अतिथि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर 03 कार्मिकों को आरक्षी से मुख्य आरक्षी पद तथा 02 कार्मिकों को मुख्य आरक्षी पद से सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। समारोह के दौरान बच्चों के लिए जलेबी रेस, चम्मच दौड़ एवं परिवारजनों के लिए म्यूजिकल चेयर जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में वाहिनी के जवानों एवं बच्चों ने देशभक्ति भाव से ओत-प्रोत तथा विभिन्न राज्यों के क्षेत्रीय नृत्यों की एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं।इसके अतिरिक्त सभी समवायों द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए, जिनका सभी उपस्थित जनों ने भरपूर आनंद लिया।कार्यक्रम के अंतिम चरण में अंतर समवाय खेलकूद प्रतियोगिता एवं शारीरिक दक्षता प्रतियोगिता सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों, परिवारजनों एवं बच्चों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में कमांडेंट मनोरंजन कुमार पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि स्थापना दिवस आत्म विवेचना, संगठनात्मक एकता एवं मनोबल सुदृढ़ करने का प्रतीक है। उन्होंने वाहिनी के सभी कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और आगे भी इसी समर्पण, अनुशासन एवं देशभक्ति के भाव के साथ राष्ट्रसेवा में योगदान देने का आह्वान किया।इस अवसर पर सभी बल कर्मियों एवं उनके परिवारजनों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं तथा ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना की गई।

## सिख गुरुओं के साथ बाल विवाह रोकथाम हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद में चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में बाल विवाह रोकथाम हेतु विभिन्न स्थानों ये नगर पालिका कार्यालय, गुरु पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में सिक्ख गुरुओं के साथ एवं जग मोहनेश्वर मंदिर में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष मा0 शत्रोहन सोनकर द्वारा समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के दुष्परिणामों के प्रति आमजन को जागरूक करना एवं इसे पूर्ण रूप से समाप्त करने का संदेश देना रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को बताया गया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। आमजन को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी गई।

# अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री ने आसपास के गांव में वितरित किया कंबल

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**




जनपद में आदित्य बिड़ला समूह की इकाई अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, यूनिट टांडा सीमेंट, प्लांट परिसर के निकट स्थित गाँवों के आर्थिक रूप से कमजोर, विकलांग, असहाय व जरूरतमंद परिवारों को सहारा देने एवं कड़ाके की ठंड से बचने हेतु कंपनी ने सीएसआर के तहत कंबल वितरण किया।

यूनिट हेड नागेश उपाध्याय द्वारा यह बताया गया कि भीषण ठंड के मौसम में लगभग 1000 गरीब एवं असहाय परिवारों की ठंड से बचाव एवं सहायता के उद्देश्य से कंबल वितरित किए गए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों को नए साल की बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की एचआर हेड करुणा करण तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि समाज के सहयोग और उत्थान के लिए इस प्रकार की पहलें अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा निरंतर जारी रहेंगी। कंबल वितरण कार्यक्रम लगभग एक हफ्ते चला जिसमें ग्राम सभा बिहरा, फतेहपुर, कनौरा, मखदूम नगर तथा हुसेपुर के हजारों ग्रामवासियों को अवधेश राय, सुदीप पांडेय, मनोज शाह एवं उनके ग्राम प्रधान अभिषेक मिश्रा, आजाद कुमार, अरुण पाल, राजमन वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में कंबल वितरण हुआ। सभी ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों ने अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की एवं यूनिट प्रबंधन का आभार प्रकट किया।

# नगर विकास मंत्री का ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में शुक्रवार को ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए के शर्मा आगमन पर जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। जानकारी के अनुसार 2 जनवरी को बलरामपुर नगर में उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के.शर्मा के आगमन पर वीर विनय चौराहे पर नगर के कर्मठ कार्यकर्ता बंधुओं, माननीय सभासद एवं सहयोगी साथियों द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और चौराहा जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में कैलाश नाथ शुक्ल विधायक, तुलसीपुर एवं राकेश तिवारी ब्लॉक प्रमुख, गैंडास बुजुर्ग की उपस्थिति रही।

सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर डी.पी. सिंह, संजय शर्मा अध्यक्ष, नगर उद्योग व्यापार मंडल, आनंद स्वरूप श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष, भाजपा, वीरेंद्र पाठक देहात मंडल अध्यक्ष, विनोद गिरी सभासद, अविनाश शुक्ला, जयंत सिंह, धीरज मोदनवाल, शरद कमलापुरी, अंकुश केसरवानी, रुपेश मिश्रा, राजेश मिश्रा, आलोक दूबे मनोज यादव (सभासद), शुभम गुप्ता, सूर्यभान सिंह, अमरेंद्र गुप्ता, ज्योत्सना शुक्ला, सरोज तिवारी (सभासद), सौरभ रतन पांडे, सभासद दीप कुमार, मनीष तिवारी, समीर, पंकज सैनी, आशीष कुमार, शैलेंद्र सिंह, राघवेंद्र कांत सिंह (सभासद), आनंद किशोर गुप्ता (सभासद), कृष्ण गोपाल गुप्ता,अमन बंसल, अक्षय शुक्ला (सभासद प्रतिनिधि), अजीत ओझा, संत मणि तिवारी, सौरभ तुलसियान, अनुभव श्रीवास्तव, युवराज सिंह, शिवम मौर्या, अभिषेक सिंह हाडा, शुभेंद्र गौरव मिश्रा, अंकित त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नगरवासी तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मंत्री जी के आगमन से बलरामपुर के विकास को नई गति मिलेगी। वहीं मंत्री ए.के.शर्मा ने स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार नगरों के सुव्यवस्थित विकास, ऊर्जा सुदृढ़ीकरण एवं जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और बलरामपुर को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

# शोभा यात्रा का हुआ भव्य स्वागत



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

श्रीगुरू गोविन्द सिंह जयन्ती के प्रकाश पर्व पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा का स्वागत कोतवाली रोड स्थित शहर की ख्याति प्राप्त प्रतिष्ठान मुकेश कम्प्यूटर्स पर विभिन्न संगठनों द्वारा किया गया। सिख धर्म में गुरू गोबिंद सिंह का महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। गुरू गोबिंद सिंह जी महाराज ने सिख धर्म के लिए कई नियम बनाए, जिसका पालन आज भी किया जाता है, उन्होनें गुरू ग्रंथ साहिब को गुरू के रूप में स्थापित किया और सामाजिक समानता का पुरजोर समर्थन किया। उपस्थित सभी लोगों ने पंच प्यारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं पवित्र गुरू ग्रन्थ साहिब के दर्शन किये, तदुपरान्त प्रसाद के रूप में मिष्ठान वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि शोभा यात्रा के प्रारम्भ वर्ष से ही वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी के नेतृत्व में स्वागत किया जाता रहा है, जो अनवरत जारी है। शोभा यात्रा का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से इं. दुर्गा प्रसाद स्वर्णकार, ओ.पी. यादव एडवोकेट, शिवशरण लाल वर्मा, सुशील मौर्य, प्रमोद वर्मा, प्रमोद कुमार मौर्य, अनुज बरवारी, पवन अग्रहरि, भाईलाल यादव एडवोकेट, अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह, राजेन्द्र कुमार यादव, दिनेश त्रिवेदी, प्रमोद वर्मा, सतीश सोनी, सुशील मौर्या, गोविन्द सोनी, हनुमान प्रसाद वर्मा, अशोक मिश्रा, अनुपम शुक्ला, ओरीलाल वर्मा, पारसनाथ सोनी, पुरूषोत्तम सोनी, केदार नाथ शास्त्री आदि लोग रहे।

## नववर्ष पर समाजसेवी आख्या सिंह ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल व मिठाई

**रायबरेली।** समाजसेवा के क्षेत्र में कदम रखने वाली समाजसेवी आख्या सिंह एवं उनके सहयोगियों ने नववर्ष 2026 की शुरुआत जरूरतमंदों और असहाय लोगों की सेवा से शुरू की है। समाजसेवी आख्या सिंह एवं उनके सहयोगियों ने सर्वप्रथम कैनाल रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात वहां पर बैठे गरीब लोगों को कंबल एवं मिठाई एवं कैनाल रोड पर ही सड़क किनारे लोहे का कार्य करके अपना जीवन यापन कर रहे लोहर-बढ़इया समुदाय के लोगों में कंबल एवं मिठाई का वितरण किया और सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं आशीर्वाद लिया। इसके बाद आईटीआई बालापुर स्थित अभयदाता मंदिर में जाकर दर्शन किया। इसके उपरान्त सिविल लाइन पुल के नीचे रह रहे असहाय व गरीब तबके के लोगों में कंबल एवं मिठाई एवं छोटे-छोटे बच्चों को मिठाई बांटी। नववर्ष पर सभी कंबल पाए लोगों ने खुशी से आख्या सिंह एवं उनके सहयोगियों को आशिर्वाद दिया। आख्या सिंह ने कहा कि आप लोगों का आशिर्वाद हमेशा हम सब पर ऐसे ही बना रहे।


## केशव प्रसाद मौर्या की टिप्पणी प्रदेश की सभी कामकाजी महिलाओं का अपमान: विजय विद्रोही

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस ( ऐक्टू) प्रदेश अध्यक्ष विजय विद्रोही ने बयान जारी कर कानपुर देहात के राजपुर कस्बे में उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की पदाधिकारी और आशा कर्मियों से मुलाकात में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से अपनी मांगो के सम्बन्ध में बात करते हुए सरकार से वार्ता कराकर 18 दिन से जारी हड़ताल खत्म कराने मांग पर कहा कि आपके पति आपकी कमाई खाते हैं, क्या जो 2000 रु. में तुम्हारा घर नहीं चलता। कामरेड विद्रोही ने कहा कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री का यह बेतुका कथन महिला श्रम को नकारने और उसके मूल्य को खारिज करने की भाजपाई मानसिकता का उजागर करता है और सभी कामकाजी महिलाओं के लिए उनके श्रम और बराबरी के हक अधिकार तथा अपने पारिश्रमिक के उचित मुख्य और संवैधानिक अधिकार की मांग पर हमला है। उन्होंने कहा कि उनकी 2000 रु की बेहद शर्मनाक प्रोत्साहन राशि में इसी प्रदेश के भीतर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की नौकरशाही जबरन वसूली कर लेती है, और 1.5 लाख करोड़ का पिछले 5 वर्ष में विभिन्न प्रोत्साहन राशियों का घोटाला कर लिया गया है। सरकार के संरक्षण के बिना यह लूट और घोटाला सम्भव नहीं है। सरकार इस पर रोक लगाने और घोटाले की जांच , वसूली और उसके भुगतान की मांग से भाग रही है। 225 करोड़ रु का आभा ,आयुष्मान कार्ड में योगदान का बकाया देने में पसीने छूट रहे हैं और देश और प्रदेश की डबल इंजिन की सरकारें इसी पर अपनी पीठ ठोकते थकती तक नहीं हैं। आशा कर्मियों के पारिश्रमिक के भुगतान और उसने वृद्धि के नाम पर अभद्रता और मर्यादाहीन टिप्पणी करने वाले मंत्री की ही कैबिनेट ने अगस्त 2025 के मानसून सत्र में विधान मंडल सदस्य तथा मंत्री सुख सुविधा ( संशोधन) विधेयक 2025 के जरिए एकमुश्त 85000 रु की वृद्धि अपने खुद की जेब के लिए कर ली। जिससे सालाना 105 करोड़ रु का अतिरिक्त भार बढ़ा। यानी कि इन माननीयों को 105 करोड़ रुपए सरकारी खजाने से पहले से ज्यादा देने का विधेयक पारित हुआ। जिनका खुद का घर 2.25 लाख रु और मुफ्त सुरक्षा,आवास, यात्रा , इलाज , नाश्ता , खाना ,पॉकेट खर्च से नहीं चल सका और उन्हें इसके लिए बढ़ोत्तरी का खुदगर्ज विधेयक पास करने में शर्म नहीं आई , उनको 2000 रु में रात दिन सेवाएं देने वाली आशा कर्मियों के पतियों को उनकी कमाई खाने जैसा घोर आपत्ति जनक बयान देने में कैसे शर्म आएगी। उन्होंने अंत में कहा कि इस तरह की बद जुबानी करने वाले उप मुख्यमंत्री से माफी मांगनी होगी।

# न्यू ईयर की खुमारी में डूबा रहा पोस्टमार्टम हाउस, दो डॉक्टर पीएम हाउस से रहे गायब

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

न्यू ईयर के खुमार का असर शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम हाउस में देखने को मिला। गुरूवार की रात से शुक्रवार की सुबह तक करीब एक दर्जन शव पीएम के लिये पहुंचे लेकिन दो डॉक्टर दो बजे तक पीएम हाउस नहीं पहुंचे जिससे परिजन आक्रोशित हो गये। किसी ने मामले की शिकायत पहले डीएम और फिर सीएमओ से कर दि जिसके बाद हड़कम्प मच गया। भीषण ठंड में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों और अन्य कारणों से हुई मौतों के बाद पोस्टमॉर्टम हाउस में शुक्रवार सुबह से भीड़ जुटने लगी। दोपहर 2 बजे तक कर्नलगंज, चौबेपुर, महाराजपुर, कोतवाली, साढ़, सजेती, छावनी,




बाबूपुरवा,स्वरूप नगर थाना क्षेत्रों से 16 शव पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। बिठूर के मृतक रोहित त्रिपाठी के बहनोई अरुण ने कहा- कब

## डॉक्टर के पीएम हाउस ना पहुंचने पर मचा हड़कंप

पोस्टमॉर्टम होगा, कोई बता नहीं रहा। किसी भी स्टाफ से पूछो तो मुंह फेर ले रहें। पोस्टमॉर्टम हाउस में घाटमपुर सीएचसी में तैनात डॉ. चित्रा, उर्सला में तैनात डॉ.आशीष और डॉ. मुन्नालाल की ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन, ड्यूटी पर सिर्फ डॉ. चित्रा समय पर पहुंचीं। डॉ. मुन्नालाल सीएमओ की फटकार के बाद दोपहर 2.05 बजे बजे पहुंचे। डॉ. आशीष 2 बजे तक भी नहीं पहुंचे। पीड़ित परिजन अपने-अपने शवों के इंतजार में घंटों ठंड में ठिठुरते रहे। इधर-उधर भटक रहे परेशान परिजनों ने सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी से फोन कर शिकायत की। इस पर उन्होंने पोस्टमॉर्टम हाउस प्रभारी से फोन किया। समस्या का कारण पूछा तो प्रभारी ने बताया कि डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं आए हैं। वे फोन भी नहीं उठा रहे हैं। इसके बाद सीएमओ ने ड्यूटी पर तैनात डॉ. आशीष और डॉ. मुन्नालाल को फोन किया। उन्हें फटकार लगाई। तब डॉक्टरों ने कहा- सॉरी सर... जल्दी ड्यूटी पर पहुंच रहे हैं। दरअसल रोस्टर के हिसाब से डयूटी होने के बाद दोनों डॉक्टरो ने आज डयूटी है की नहीं यह बहाना बनाकर सीएमओ को बरगलाया लेकिन इंचार्ज ने उनके झूठ की पोल खोल दी। शुक्रवार की देर शाम तक 11 शवों का पीएम हो सका।

## मानको को ठेंगा दिखाता कांशीराम कालोनी का जीवन हास्पिटल

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** स्वास्थ्य विभाग की छापामार टीम का कांशीराम कालोनी पर स्थित प्राइवेट अस्पतालों पर शिकन्जा ढीला होता जा रहा है। छापामार टीम के ढीले पड़े शिकन्जे का ही परिणाम है कि कांशीराम कालोनी पर स्थित जीवन हास्पिटल छापामार टीम की सक्रियता को ठेंगा दिखाते हुए मानको के विपरीत कार्य कर रहा है। सूत्रो द्वारा दावा किया जा रहा है कि जीवन हास्पिटल में पहले से ही कुछ आशाओं द्वारा दलाली की जा रही थी। यह आशाएं नियमों को ताख पर रखकर जिला महिला अस्पताल से डिलेवरी केसो को इस अस्पताल में जाकर भर्ती करवाती है और लम्बा कमीशन पाकर तीमारदारों को खुले आम लुटवाने का काम कर रही है। अपनी आय का जरिया बढ़ाने के लिये जीवन अस्पताल ने और अधिक आशाओं से सम्पर्क कर उनको अपने अस्पताल की दलाली में लगाने की फिराक में है।

# अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

## पाण्डु नदी पुल के पास पुलिस की कार्रवाई, 21 क्वाटर देशी शराब बरामद

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



ककवन। थाना ककवन पुलिस ने चेकिंग के दौरान पाण्डु नदी पुल के पास से अवैध देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से मस्तीह ब्रांड की 21 क्वाटर देशी शराब बरामद की है। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत कार्रवाई की गई है।

उपनिरीक्षक देवेश मोहन ने बताया कि 1 जनवरी 2026 को पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग करते हुए पाण्डु नदी पुल ककवन-रसूलाबाद बॉर्डर के पास भ्रमणशील थी। इसी दौरान पुल से लगभग 100 मीटर पहले एक युवक सफेद रंग का थैला लेकर आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर घबरा गया। संदेह के आधार पर उसे रोककर तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान युवक के पास से एक सफेद प्लास्टिक बैग में रखी 21 क्वाटर देशी शराब (मस्तीह मसाला, प्रत्येक 200 मि.ली.) बरामद हुई। शराब रखने के संबंध में वह कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने गांव में ऊँचे दामों पर शराब बेचने की बात स्वीकार की।गिरफ्तार युवक ने अपना नाम दिनेश कुमार हंसदा पुत्र सुखराम मांझी, निवासी बिजली टावर ग्राम कुरौली, थाना ककवन, कानपुर नगर (मूल निवासी बोकारो, झारखंड), उम्र करीब 26 वर्ष बताया। तलाशी में उसके पास से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 20 नकद भी बरामद हुए। बरामद शराब में से 4 क्वाटर नमूने के रूप में सील किए गए, जबकि शेष 17 क्वाटर अलग से सील कर कब्जे में ले लिए गए। कार्रवाई की वीडियोग्राफी ई-साक्ष्य एप के माध्यम से की गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने गवाही देने से इनकार कर दिया।

पुलिस ने अभियुक्त को शाम 4:30 बजे हिरासत में लेते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अभियुक्त के परिजनों को सूचना दी जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# मोक्ष पाना है तो हरी नाम संकीर्तन जरूरी पंडित आचार्य पं.श्रीकृष्ण द्विवेदी





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

नेशनल आइडियल स्कूल बैकुंठपुर बिठूर रोड में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ बीते दिन गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हो गया। कलश यात्रा में 101 महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर प्रभु का नाम संकीर्तन करते हुए नगर भ्रमण करते कथा स्थल पहुंची। यह श्रीमद् भागवत की कथा सरस कथा वाचक आचार्य पंडित श्री कृष्णा द्विवेदी द्वारा सुनाई जा रही है। कथा के दूसरे दिन बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा अपने साथियों के साथ कथा मंच पर पहुंचे और व्यास पीठ को नमन करते हुए कथा व्यास को माल्यार्पण किया। इसके बाद मंच से बोलते हुए उन्होंने कहा कि यदि मानव जीवन में भगवान का नाम स्मरण ना हो तो जीवन व्यर्थ है। अपने जीवन काल में एक बार कथा अवश्य करनी चाहिए जिससे जीवन सार्थक हो जाए। कथा व्यास आचार्य पंडित श्री कृष्ण द्विवेदी जी ने कथा के माध्यम से श्रोताओं को बताया कि कलयुग में प्रभु नाम का स्मरण करने से ही मुक्ति है। प्रभु नाम का स्मरण करने से ही कल से बचा जा सकता है। इसलिए हर समय प्रभु नाम के स्मरण को करते रहना चाहिए, उन्होंने कहा कलयुग केवल नाम अधारा समीर सुमिरि नर उतरही पारा, अर्थात् हरि नाम स्मरण से ही मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से परीक्षित पंडित महेश दत्त त्रिवेदी एवं श्रीमती कृष्णा कांति त्रिवेदी आयोजक पंडित रजनीश दत्त त्रिवेदी के साथ-साथ अभिजीत त्रिवेदी शिवम् दीक्षित प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# डीएम आवास परिसर में शव रखकर हंगामा मचाने पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सुरक्षा मे सेंध लगाकर डीएम आवास परिसर में शव लेकर हंगामा करने के मामले में कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उस्मानपुर केशव नगर निवासी रामपाल डऊअ में संविदा पर सफाईकर्मी थे। परिजनों का आरोप है कि 16 दिसंबर को केडीए ने अतिक्रमण हटाने के दौरान उनका मकान गिरा दिया था। उस दौरान आवास दिलाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई व्यवस्था नहीं हुई।

कड़ाके की ठंड में परिवार तिरपाल के नीचे रह रहा था। परिवार का आरोप है कि ठंड से मौत हुई। पोस्टमॉर्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका, बिसरा सुरक्षित किया गया है। कोतवाली प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि 30 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। डीएम ऑफिस के बाहर शव रखे जाने की सूचना मिलते ही डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता, एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार समेत कई थानों की फोर्स मौके पर आ गई। फिलहाल मुआवजे के आश्वासन के बाद परिजन शव को पीएम के लिए लेकर गए हैं।

मृतक की बेटी ज्योति ने बताया कि उनके पिता की ठंड से मौत हुई है। 16 दिसंबर को केडीए द्वारा उनका मकान गिराए जाने के बाद वह ठंड में तिरपाल डालकर रह रहे थे। भीषण ठंड से उनकी मौत हो गई। उनको रहने के लिए मकान और मुआवजा चाहिए। परिजनों द्वारा डीएम कार्यालय के बाहर शव रखे जाने के बाद एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने वार्ता के लिए कहा। वार्ता के बाद परिजन शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लेकर रवाना हो गए हैं। प्रदर्शन के दौरान भीम आर्मी के कौशल बाल्मीकि व कार्यकर्ता रहे। मामले में डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने तीन सदस्यीय कमेटी की गठन किया है, जिसमें एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार, केडीए सचिव व एक अन्य विभाग के अधिकारी को शामिल किया है। यह कमेटी मकान गिरने से लेकर मौत तक की जांच करेगी।

# ठंड में जमीन पर बैठकर मोबाइल चला रहे बीटेक छात्र की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




ठंड में जमीन पर बैठ कर मोबाइल चला रहा बीटेक छात्र की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। छोटा भाई भी बगल में ही बैठा था उसे लगा कर भाई मोबाइल देखते देखते नींद में जमीन पर झुक गया है इसलिये पांच मिनट तक कुछ नहीं बोला लेकिन शरीर में कोई हलचल न देखकर उसने भाई को हिलाया तो वह एक तरफ लुढक गया। पड़ोसियों की मदद से छात्र को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।डॉक्टरों ने ठंड की वहज से ब्रेन हैमरेज की आशंका जतायी है। जवान बेटे की मोत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। युवक करीब एक साल से अपने छोटे भाइयों के साथ में रहकर पढ़ाई कर रहा था, जबकि उसके पिता छत्तीसगढ़ स्थित प्राइवेट स्कूल में शिक्षक हैं। मूलरूप से महोबा, कबरई के मवईखुर्द निवासी प्रशांत यादव (19) रामादेवी स्थित पेट्रोल पंप के पीछे किराए के मकान में छोटे भाई प्रवीण व मौसेरे भाई योगेंद्र के साथ रहते थे। मौसा परमानंद ने बताया कि प्रशांत बीटेक की तैयारी कर रहा था। जबकि प्रवीण और योगेंद्र इंटर की पढ़ाई कर रहे हैं।प्रशांत के पिता बाबूराम छत्तीसगढ़ स्थित एक प्राइवेट कॉलेज में शिक्षक हैं। बताया कि गुरुवार शाम करीब 7 बजे प्रशांत सब्जी लेने के गया था। 8 बजे तक वापस आने के बाद उसने खाना बनाया। खाना खाने के बाद प्रवीण और योगेंद्र जमीन पर लगे बिस्तर पर सो गए। जबकि प्रशांत बिस्तर पर ही बैठे-बैठे मोबाइल देख रहा था। रात करीब 11 बजे मोबाइल में रील देखते-देखते प्रशांत औंधे मुंह गिर पड़ा। छोटे भाइयों ने पड़ोसियों की मदद से उसे कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल कर्मचारियों ने मामले की जानकारी चकेरी पुलिस को दी।

# एक्सप्रेस खबरें...

### साड़ी कारोबारी के घर पर बम से हमला

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** 31 फसर्ट की नाइट गली में हुड़दंग करने से मना करने पर अज्ञात युवकों ने साड़ी कारोबारी के घर पर बम चला दिये। उन्होंने घर में लगे सीसीटीवी फुटेज की चेक किए, जिसमें तीनों बदमाश बमबाजी करते हुए कैद हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत गोविंद नगर पुलिस से की। जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। गुजैनी एफ ब्लॉक निवासी अनुभव त्रिपाठी ने बताया कि वह साड़ी का कारोबार करते हैं, घर के ग्राउंड फ्लोर में उनका शोरूम है। बताया कि 1 जनवरी की शाम वह दुकान पर बैठे थे, जबकि उनकी कार शोरूम से कुछ दूरी पर गली में खड़ी थी। शाम करीब 5:45 बजे तीन युवक पैदल आए और कुछ देर बाद दोबारा वापस जाकर उनकी कार में बमबाजी कर दी। तेज धमाका सुनकर वह बाहर निकले तो आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्होनपे बताया की 31 की रात को गली में कुछ युवक बाइक से आये थे हुड़दंग कर रहे थे जिस पर उन्हें डांट कर भगाया था ये वहीं लड़के भी हो सकते है। गुजैनी थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि 1.23 सेकेंड का सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो युवकों और एक बालक से पूछताछ की गई। पूछताछ में सामने आया कि सभी एक ही मोहल्ले के निवासी हैं तथा किसी प्रकार की कोई रंजिश नहीं है।नए साल के दौरान जमीन पर पटककर फोड़े जाने वाले पटाखे के दीवार से टकराने से गाड़ी का शीशा क्षतिग्रस्त हुआ।

### पत्नी की प्रताड़ना से प्रताड़ित पति ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** पत्नी की प्रताड़ना से आहत पति ने न्यू ईयर की शाम फांसी लगाकर जान दे दी। शुक्रवार को परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो हड़कम्प मच गय। घटना की जानकारी होने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।मृतक की पहचान बाबूराम (45) के रूप में हुई है। वह टाइल्स और पत्थर का काम करते थे। उन्होंने पंखे में साड़ी के सहारे फांसी लगाई थी। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने मौके से कई साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।बाबूराम के भतीजे रवि निषाद ने आरोप लगाया है कि उनकी चाची अनीता पिछले तीन साल से चाचा को प्रताड़ित कर रही थी। चाची ने महिलाओं और अन्य माध्यमों से 14-15 लाख रुपए का कर्ज ले रखा था, जिसकी किस्तें चाचा भरते थे। पत्नी अनीता पिछले तीन साल से अपने मायके घाऊखेड़ा में रह रही हैं।लोन की किस्त जमा करने को लेकर कई बार झगड़ा हो चुका था।

### कारोबारी ने आरोपियों पर धमकी देने का दर्ज कराया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** चकेरी के लाल बंगला निवासी मो इस्माइल सईद उर्फ शरीफ ने बताया कि वह चमनगंज में मेसर्स सदफ इंटरनेशनल के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। साल 2022 में उनके पास आयुषी खुराना, वर्तिका, कविन्दर, पूजा शर्मा व संदीप आकर मिले। उन्होंने अपने को हरियाणा के खेरकी डौला गुडगांव में टेस्ला पॉवर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का डायरेक्टर बताते हुए डिस्ट्रीब्यूटरशिप लेने की बात कही। विश्वास में लिया कि उनकी कंपनी बैटरी बनाने का काम करती है, जिसकी मार्केट में अच्छी डिमांड है। बातों पर विश्वास करने पर उन लोगों ने उनसे विभिन्न तिथियों में रुपए लेकर अपनी कंपनी की बैट्रियां बेचने के लिए भेजते रहे। करीब तीन साल तक उन लोगों से 1.52 करोड़ का कारोबार हुआ। इस पर उन लोगों ने 1.10 करोड़ की रकम अदा की। इसके बाद शेष बचे 41 लाख रुपए का भुगतान नहीं किया गया। जब उन लोगों ने बकाया रुपए की मांग की गई तो कहा गया कि पहले बचा हुआ माल वापस करेंगे तभी भुगतान करेंगे।शर्त मानने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने गालीझगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दी। चमनगंज थाना प्रभारी संजय राय ने बताया कि आरोपियों पर आपराधिक विश्वासघात, धमकाने की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

### नव वर्ष पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** राष्ट्रीय सेवा परिषद के द्वारा गत वर्षों की भाति इस वर्ष भी नई बस्ती के कैंप कार्यालय मे देर रात पदाधिकारियो ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ जश्न मनाते हुए आंग्ल नववर्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी संचालन जिला महासचिव विजय शुक्ला व संयोजन उप सचिव डॉ विकास जैन ने किया। रंगारंग कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर किया। स्वागत की श्रखला में अतिथियों का पटका पहना स्वागत किया गया। नववर्ष के स्वागत कार्यक्रम पर पदाधिकारियों ने कविता, गीत, चुटकुलो तथा नृत्य के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां दी।

# ककवन ब्लॉक में नववर्ष पर सेवा, सम्मान और संकल्प का प्रेरक आयोजन






**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

ककवन। ककवन विकास खंड में नववर्ष के शुभ अवसर पर सेवा, सम्मान और मानवीय संवेदना से परिपूर्ण एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख किरनलता के नेतृत्व एवं उनके प्रतिनिधि विनय यादव की उपस्थिति में विकास खंड के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों–सफाईकर्मी, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक सहित ब्लॉक स्टाफ–को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।यह सम्मान केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन कर्मठ कर्मचारियों के निःस्वार्थ और सतत योगदान की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में सामने आया, जो प्रतिदिन प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं तथा आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रीतिभोज का आयोजन भी किया गया।कार्यक्रम का भावनात्मक एवं प्रेरक केंद्र ब्लॉक में तैनात एडीओ के.बी. सिंह का सेवानिवृत्ति विदाई समारोह रहा। इस अवसर पर सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए गए कार्यकाल के अनुभव साझा किए और उनकी कार्यशैली, प्रशासनिक दक्षता एवं मानवीय दृष्टिकोण की सराहना की। वातावरण में एक ओर नववर्ष की नई उम्मीदें थीं, तो दूसरी ओर सेवा-निवृत्ति की गरिमामयी शांति–दोनों का भावपूर्ण समन्वय स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। अपने संबोधन में प्रतिनिधि विनय यादव ने कहा कि एडीओ के.बी. सिंह ने अपने संपूर्ण कार्यकाल में सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता को सर्वोच्च स्थान दिया। बिना किसी भेदभाव के शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाने में उनकी भूमिका सराहनीय रही। उन्होंने प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास की मजबूत सेतु का निर्माण किया, जो उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह आयोजन इस संदेश के साथ संपन्न हुआ कि प्रशासनिक जीवन में पद से अधिक महत्व सेवा का होता है। कर्मचारियों का सम्मान विकास की मजबूत नींव का प्रतीक है,

जबकि सेवानिवृत्ति समारोह यह दर्शाता है कि कर्म और आचरण की विरासत पदों से कहीं अधिक स्थायी होती है।

ककवन ब्लॉक में आयोजित यह कार्यक्रम नववर्ष के संकल्प के रूप में याद किया जाएगा। जहाँ सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाने और कर्तव्य की मशाल को निरंतर प्रज्वलित रखने का प्रेरक संदेश सभी के सामने रखा गया।

# फैक्ट्री कर्मचारी के घर चोरी की घटना को अंजाम दें चोरों ने लगाई आग

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

अमार्पुर में आर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मचारी के घर शातिर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद घर में आग लगा दी। कर्मचारी शुक्रवार सुबह घर पहुंचे तो घर में पूरी गृहस्थी सुलगते हुए मिली। इसके बाद उन्होंने फायर ब्रिगेड और पुलिस को जानकारी दी। अमार्पुर थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करके वारदात को अंजाम देने वालों को सीसीटीवी फुटेज से तलाश में लगी है।मूलरूप से अलीगढ़ निवासी दीपक कुमार दुबे ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मचारी हैं। दीपक ने बताया कि नए साल के चलते 25 नवंबर को वह पत्नी किशोरी और दोनों बच्चों दिव्यांश व तेजस के साथ गांव गए थे। वह गुरुवार रात को कानपुर लौटे और सीधे स्टेशन से नाइट शिफ्ट करने के लिए ऑर्डिनेंस फैक्ट्री चले गए।शिफ्ट पूरी होने के बाद सुबह 10 बजे घर पहुंचे तो दंग रह गए। अमार्पुर स्टेट कैंपस स्थित घर में आग के चलते पूरी गृहस्थी जल चुकी थी और घर से धुआं उठ रहा था। उन्होंने मामले की जानकारी अमार्पुर थाना और फायर ब्रिगेड को दी। लेकिन आग पूरी तरह से शांत हो चुकी थी और फायर ब्रिगेड की टीम निरीक्षण करने के बाद लौट गई। अमार्पुर थाने की पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची। दीपक दुबे ने बताया कि आग की चपेट में आने से उनकी लाखों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई है। शातिर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद घर में आग लगा दी। क्यों कि घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। इससे साफ है कि चोरी के बाद वारदात को अंजाम दिया है। इसके साथ ही घर में रखे आलमारी और बक्सों का भी ताला टूटा हुआ मिला। डीसीपी वेस्ट दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले में तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। एक टीम को चोरी व घर में आग लगाने के मामले का खुलासा करने के लिए गठित किया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा करके आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

## धूमधाम के साथ मनाया गया समाचार पत्र का 11वां स्थापन दिवस

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** हिन्दी दैनिका समाचार पत्र का 11वां स्थापना दिवस शहर के सीतापुर फैमिली रेस्टोरेंट में केक काटकर मनाया गया। जिसमें कई प्रतिष्ठित लोगों, संपादकों, वरिष्ठ पत्रकारों के साथ कई अखबारों के ब्यूरो चीफ और पत्रकारों ने भाग लिया। समाचार पत्र का प्रथम अंक सतीश आर्य के द्वारा 1 जनवरी 2016 को निकाला गया था। तब से लगातार आर्नव न्यूज समाज में वंचित शोषितों और असहाय लोगों की आवाज को उठाने का कार्य कर रहा है। समाज में हो रही हर छोटी बड़ी घटनाओं को आर्नव न्यूज अखबार अपने समाचारों में जगह दे रहा है। संपादक सतीश आर्य के द्वारा जिला सीतापुर के हरगांव के गोड़ापुरवा गांव से है सपादक श्री आर्य का समाचार पत्र आज प्रदेश के कई जिलों के साथ ही हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड में भी अपने पांव पसार रहा है। इस अवसर पर संपादक रामसेवक कनौजिया, संपादक वीरेंद्र तिवारी, संपादक आशीष शुक्ला घायल, ब्यूरो चीफ जितेंद्र शुक्ला, ब्यूरो चीफ विशाल रस्तोगी, ब्यूरो चीफ उत्तम सिंह, एडिटर दिवाकर शास्त्री, ब्यूरो चीफ पंकज तिवारी, लोग मौजूद रहे।

# मनरेगा योजना में जिम्मेदारों के संरक्षण में चल रहा घोटाला

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

जनपद के कई विकास खण्डों में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के चलते रोजगार सेवक और ग्राम प्रधान मनरेगा कार्यों में फर्जी हाजिरी दर्ज कर रहे हैं।सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायतों में कार्यस्थलों पर उपस्थित न रहने वाले श्रमिकों के नाम से पुरानी तस्वीरों को दोबारा अपलोड किया जा रहा है। इतना ही नहीं, एक ही श्रमिक की फोटो को कई मास्टर रोलों में दोहराकर अपलोड करने के गंभीर मामले भी सामने आ रहे है। इससे श्रमिकों की असली उपस्थिति और वास्तविक भुगतान पर सवाल खड़े हो गए हैं। बताते चले कि विकास खण्ड परसेण्डी की ग्राम पंचायत अहमदपुर कंजा में तकनीकी सहायक,प्रधान व रोजगार सेवक के द्वारा मनरेगा कार्य मे फर्निवाड़ा किया जा रहा है, ग्राम पंचायत में चल रहे मनरेगा कार्य रामसिंह के खेत से मरघट तक चकबन्ध निर्माण कार्य पर लगभग 45 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है ऑनलाइन दर्ज की गई हाजिरी में एक ही श्रमिक को हर बार अलग अलग मास्टररोलो पर आगे पीछे खड़ा कर फर्जीवाडा किया जा रहा है। यही हाल ग्राम पंचायत खदनीय में भी है जन्हा पर मनरेगा से चल रहे कार्य सुशील के खेत से जसवंत के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य पर प्रधान के द्वारा फर्जीवाडा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत उमरिया खानपुर में प्रधान के द्वारा मनरेगा योजना को कमाई का जरिया बना लिया गया है मनरेगा के अंतर्गत कराये जा रहे कार्य ग्राम पंचायत उमरिया खानपुर में शहीद उधम सिंह अमृत सरोवर निर्माण कर पर 40 श्रमिको की व सीसी रोड से रामा के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य पर 37 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है लेकिन वास्तविक स्थिति में मोके पर कार्य ही नही कराया जा रहा है जिसके चलते प्रधान ने ऑनलाइन दर्ज की गई हाजिरी में पुरानी फोटो की फोटो अपलोड कर सरकारी धन को चुना लगाया जा रहा है।

# सचिवो ने किया प्रधान व परिजनों के नाम भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाँट

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

### गलत कार्य आईडी पर भी किए गए ग्राम निधि से भुगतान

ग्राम पंचायत बांसी में ही सचिव रविकान्त शुक्ला के द्वारा अभी हाल ही में किए गए भुगतानों में सरकार के आदेशों की घज्जिया उड़ा कर फर्जीवाडा करने का काम किया गया है जिसमे सचिव ने कार्य आईडी संख्या 111371447 जो कि मानदेय व मजदूरी के लिए निर्धारित है उक्त आईडी पर ग्राम पंचायत में रोड़ा राबिस डलवाई कार्य के नाम पर 19332 रूपये,ग्राम पंचायत में दवा छिड़काव के नाम पर 21345 रूपये व प्रशासनिक व्यय के नाम पर दो भुगतान क्रमशः 7500 रूपये व 9691 रूपये का भुगतान कर फर्जीवाडा किया गया है। जब उक्त सम्बन्ध में ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी का प्रयास किया गया तो बजती रही घण्टियाँ नही उठा फोन।

पिसावां। विकास खण्ड पिसावां में सचिवो का भ्रष्टाचार थमने का नाम नही ले रहा है, एक के बाद ग्राम पंचायतों में खुलते भ्रष्टाचार के राज जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है वही सरकार के द्वारा जारी आदेशो की हो रही अवहेलना भी जिम्मेदारों की लापरवाही का नतीजा साबित हो रही है, ई ग्राम स्वराज पोर्टल की निगरानी व्यवस्था भी फेल होती नजर आ रही है, सूत्रों के मॉने तो कमीशनबाजी की खेल में ग्राम पंचायत का विकास होना मील का पत्थर साबित हो रहा है सूत्र यह भी बताते है कि सचिवो के द्वारा फर्जीवाडा कर सरकारी धन का बंदरबाँट किया जा रहा है व सचिवो की काली कमाई का हिस्सा आलाधिकारियों तक पहुचाया जाता है जिसके चलते सचिव बेखौफ होकर फर्जीवाड़ों को अंजाम दे रहे है। उदहारण के तौर पर विकास खण्ड पिसावां की ग्राम पंचायत बांसी में सचिवो के द्वारा प्रधान से मिलीभगत कर सरकारी धन की जमकर लूट की गई है सचिवो ने प्रधान कान्ति देवी व प्रधान के परिजनों उत्तरा व अखिलेश के नाम पर भारी भरकम रकम निकाल कर फर्जीवाडा किया है ग्राम पंचायत में सचिवो ने जारी आदेशो को ताख पर रखकर लगभग प्रधान व प्रधान परिजनों के नाम 10 लाख से अधिक का भुगतान कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। जिसमे प्रधान कान्ति देवी के नाम लगभग 5 लाख रुपये व प्रधान के परिजनों अखिलेश के नाम पर भी लगभग 5 लाख रूपये का भुगतान किया गया है वही प्रधान के अन्य परिवारीजन उत्तरा आदि के नाम पर भारी भरकम रकम का भुगतान कर शासनादेश की घज्जिया उडा दी गयी है।

जब उक्त प्रकरण की जानकारी के लिए खण्ड विकास अधिकारी से जानकारी की गई तो बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है जांच कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

 ► पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या और हमले की घटनाएं, सेक्युलर दलों की चुप्पी

**मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बनने के बाद से हिन्दुओं की स्थिति दिन प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। नोबेल शांति पुरस्कार पाने वाला वास्तव में हिन्दुओं रक्त का प्यासा हो गया है जो उस्मान हादी के अंतिम संस्कार की जनसभा में कहता है कि 'हादी तुम जहां कहीं भी हो हम तुम्हारे हर सपने को अवश्य पूरा करेंगे।' यह भाषण यूनुस की खतरनाक मंशा का संकेत कर रहा है। बांग्लादेश इस बात का प्रमाण है कि जहां मुस्लिम आबादी बढ़ जाती है, वहां पर अन्य अल्पसंख्यक समाज का रहना दूभर हो जाता है।**

*अगस्त 2024 में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हिंसक प्रदर्शनों के चलते अपना देश छोड़ना पड़ा, जिसके बाद बांग्लादेश में हिन्दुओं पर आक्रमण, हत्या और आगजनी की भीषण घटनाएं हुई क्योंकि हिन्दुओं को उनकी पार्टी का समर्थक माना जाता है। शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी। यूनुस के आते ही पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई बांग्लादेश में सक्रिय हो गई और भारत तथा हिन्दू विरोधी आग भड़काने में जुट गई। दिसंबर 2025 में भारत विरोधी नेता उस्मान हादी की हत्या के बाद यह आग और भड़क गई। अब ईशनिंदा के झूठे आरोप लगाकर हिन्दुओं की हत्याएं की जा रही हैं। हिन्दू घरों में बाहर से ताला लगाकर आग लगाई जा रही है। इन सभी क्रूर आपराधिक घटनाओं को यूनुस सरकार का मौन समर्थन है जिससे हिन्दू जान बचाकर भाग तक नहीं पा रहा है। विभाजन के समय बांग्लादेश में हिन्दू जनसँख्या 23 प्रतिशत थी। 1974 की जनगणना में यह घटकर मात्र 13.5 प्रतिशत रह गई थी और अब मात्र 7.96 प्रतिशत है। हिन्दुओं पर हो रहे धार्मिक अत्याचारों का यही हाल रहा तो बांग्लादेश में हिन्दू पूरी तरह से लुप्तप्राय हो जाएंगे। विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2022 में अल्पसंख्यकों पर 47 हमले दर्ज किए गए जो 2023 में बढ़कर 302 हो गए और फिर 2024 में तेजी से बढ़कर 3200 हो गए। दिसंबर माह में ही पहले दीपू चन्द्र दास और फिर अमृत मंडल को भीड़ ने ईशनिंदा के नाम पर बर्बरता से मार डाला। चटगांव मे हिंदू परिवार के घर में आग लगा दी गई। घटनास्थल से एक धमकी भरा नोट मिला जिसमें हिन्दुओं पर इस्लाम विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया गया था और गंभीर परिणाम की चेतावनी दी गई। हादी की मौत का बदला लेने के लिए भीड़ हिन्दुओं के खून की प्यासी होकर हथियारों के साथ सड़कों पर घूम रही है। बांग्लादेश में प्रतिवर्ष किसी न किसी बहाने हिंदू मंदिरों पर हमले हो रहे हैं और अब तक 850 से अधिक हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया जा चुका है। केवल ताजा हिंसा में ही अभी तक 200 से अधिक हिन्दुओं की हत्याएं और 170 से अधिक हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार जैसे जघन्य अपराध हो चुके हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार बांग्लादेश में साल 2022 से 2024 के बीच हिन्दू अल्पसख्यकों पर हमलों के मामले आठ गुना बढ़ गए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा के मामलों में जिस प्रकार से वृद्धि देखी जा रही है वह केवल तात्कालिक कानून व्यवस्था की समस्या नहीं है अपितु देश की सामाजिक तथा जनसांख्यिकीय संरचना को बदलने के लिए दशकों से किए जा रहे कट्टर इस्लामी राजनीतिक प्रयासों का परिणाम भी है। बांग्लादेश मे हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा की पृष्ठभूमि बहुत पुरानी है। शेख हसीना की सरकार के समय भी हमले होते थे, विशेषकर जब हिन्दुओं के पवित्र नवरात्र प्रारंभ होते थे तब ईशनिंदा की झूठी अफवाहें फैलाकर दुर्गा पंडालों पर हमले किए जाते थे और उनमें तोड़फोड़ की जाती थी। अब अंतर यह आ गया है कि इन घटनाओं का नियंत्रण पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई व कट्टरपंथी अराजक तत्वों के हाथ में आ गया है। बांग्लादेश मे ईशनिंदा कट्टरपंथियों का सबसे बड़ा हथियार बन गया है। आठ ऐसे अवसर रहे हैं जब हिंदुओं पर ईशनिंदा के नाम पर भयानक हमले किए गए। सुनामगंज में एक फेसबुक पोस्ट के बाद पूरा हिंदू गांव तबाह कर दिया गया। रंगपुर के गंगा चरा में एक हिंदू युवक पर आरोप लगाने के बाद दंगाइयों ने 22 हिंदू घरों को ध्वस्त कर दिया।*

## एक्सप्रेस आलेख

**आत्मनिर्भर भारत के लिए अवसर भी है पर हम अपनी सीमाओं को भी नजरअंदाज़ नहीं कर सकते। उदाहरण के लिए युवा भारत को अक्सर एक पूंजी के रूप में घोषित किया जाता है पर इसके लिए कौशल, स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश करना होगा। कौशल विकास की कमी और युवाओं में बेरोज़गारी के चलते समाज में असंतोष पैदा हो रहा है। यद्यपि नई शिक्षा नीति के दस्तावेज में अनेक प्रावधान हैं पर उसकी विसंगतियों को दूर कर उनके कार्यान्वयन के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे। उपेक्षा और साधनों के अभाव में विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था में गिरावट चिंताजनक है। शिक्षा की पहुँच, उसकी गुणवत्ता और प्रासंगिकता को लेकर संशय बना हुआ है।**

# राष्ट्रीय नवोन्मेष और विकसित भारत की संकल्पना



गिरीश्वर मिश्र

**विकास रोजगार-रहित या अल्प-रोजगार वाला हो रहा है, आय और संपति की असमानता भी बढ़ी है और अनौपचारिक क्षेत्र की असुरक्षा बनी हुई है। साथ ही जाति, वर्ग, लिंग और क्षेत्रीय विषमताएँ भी हैं। उनको दूर कर बहिष्कृत जनों का समावेश जरूरी होगा अन्यथा राजनैतिक दलों द्वारा सामाजिक ध्रुवीकरण कर चुनावी लाभ लेने का चक्र चलता रहेगा। हमें बहुलता और राष्ट्रीय एकता को जोड़ना आवश्यक है।**

पिछले एक दशक में भारत की छवि निश्चित रूप से एक सशक्त देश के रूप में निखरी है। नए वर्ष में इस बदलते भारत के भविष्य के बारे में सोचते हुए हमें देश की समृद्ध प्राचीन सभ्यता और आधुनिक राष्ट्र राज्य की संकल्पना दोनों को ध्यान में रखना होगा। लोक की स्मृति में अभी भी नैतिक और न्यायपूर्ण शासन के लिए राम-राज्य की अमिट छवि कायम है। न केवल साल 1950 में लागू भारत के संविधान की मूल प्रति में मौलिक अधिकारों वाले अध्याय के आरंभ में राम का चित्र अंकित किया गया था बल्कि साल 2025 में अक्टूबर तक 22 करोड़ लोग अयोध्या में रामलला के दर्शन कर चुके हैं। साल के अंत तक यह संख्या 50 करोड़ हो सकती है। इसलिए जहाँ वैश्वीकरण के अनुकूल आकांक्षाओं को ध्यान में रखना होगा वहीं नैतिकता, सत्य तथा अहिंसा जैसे मानदंडों की भी चिंता करनी है। राम-राज्य धर्म का राज्य की संकल्पना है जिसमें समता, समानता और सौहार्द के साथ सबका हर तरह से कल्याण मुख्य लक्ष्य है। देश की प्रगति की कथा को देखें तो उसमें निरंतरता और परिवर्तन दोनों के तत्व मिलते हैं। आज हमें संयत होकर यह विचार करना होगा कि विकसित भारत कैसा होगा ? यह प्रश्न इसलिए भी जरूरी हैं कि भारतीय समाज में अनेक प्रकार की बहुलताएँ हैं जिसे लेकर कुछ विचारक देश की मौलिक एकता को प्रश्नांकित करते हैं। वे भूल जाते हैं कि भारतीय दृष्टि में बहुलता अंतर्निहित मौलिक एकता का ही प्रकटन होती है- एकम् सद् विप्राः बहुधा वदंति। उसी एकता को खोजना पहचानने का उद्देश्य होना चाहिए। यही सात्विक ज्ञान है जैसा गीता में कहा गया है- अविभक्तम् विभक्तेषु यः पश्यति स पश्यति यानी बंटे हुओं में वह तत्व जो अनबंटा रहते हुए सब में मौजद रहता है उसे देखना चाहिए। पूरे प्राणी जगत में निकटता को आधार बना कर विविधताओं का सह अस्तित्व और पारस्परिक संवाद इस भारत की मौलिक सोच रही है। ऐसे में दूसरा या अन्य अनन्य (गहरा दोस्त!) हो जाता है। तब दूसरा या 'पर' हमारे अपने स्व या आत्म का हिस्सा या 'अपर' हो जाता है। हम दूसरे का आदर करते हैं और अपरिचित को अतिथि देवता के रूप में पूजते हैं । यह अकारण नहीं है कि परिवार या कुटुंब का रूपक हमारी सोच में केंद्रीय है। सबको शामिल करते हुए वसुधैव कुटुंबकम् के लक्ष्य को अपनाते हुए ही विविधता में समरसता स्थापित हो सकेगी। देश की एकता, देश को अपनाने के भाव और देशप्रेम के लिए भी यह दृष्टि जरूरी है। बीता वर्ष भारत के लिए चुनौतियों भरा था। अमेरिकी नीति ने भारत के निर्यात, रुपये की कीमत, निवेश तथा भुगतान संतुलन आदि को लेकर मुश्किलें खड़ी कर दीं। राष्ट्रपति ट्रम्प की तथाकथित अमेरिकी हितों को आक्रामक ढंग से आगे धकेलने की नीति ने निश्चित ही व्यापारिक दृष्टि से अहित किया। अमेरिका द्वारा पारस्परिक सीमा शुल्क अर्थात् 25



**भारत एक बड़ी वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है और अनुमान है कि साल 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी के साथ वह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। आशा की जाती है कि आर्थिक उन्नति से आम जनों का जीवन स्तर ऊँचा उठेगा।**

प्रतिशत टैरिफ लगाने का निर्णय लिया गया। इन सबको देखते हुए स्थिति संभालने के लिए भारत ने कई कदम उठाए गए। जीएसटी की दरें कम की गई और श्रम कानून में बदलाव लाया गया। यह बड़ी उपलब्धि है कि अंतरराष्ट्रीय अनिश्चितिता की विकट परिस्थितियों में भी भारत की जीडीपी की दर विश्व में अव्वल दर्जे की बनी रही। खुदरा मंहगाई दर भी आठ साल में सबसे कम रही। अच्छी पैदावार, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार, कच्चे तेल की कम कीमत ने इस परिस्थिति में मदद की। शेयर बाजार में घरेलू निवेशक हमारी अर्थव्यवस्था की ताकत बने। आयकर रिटर्न के दाखि़लों और कर-संग्रह में भी सुधार हुआ। कई देशों के साथ व्यापार समझौते भी किए जा रहे हैं। बिजली, शहरी विकास, खनन, और वित्तीय सेवा के क्षेत्र में नई पहलें की गई। भारत एक बड़ी वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है और अनुमान है कि साल 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी के साथ वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। आशा की जाती है कि आर्थिक उन्नति से आम जनों का जीवन स्तर ऊँचा उठेगा। सामाजिक संरचना की दृष्टि से मध्यम वर्ग का आकार बढ़ रहा है जिससे खपत और शहरीकरण में वृद्धि और ग़रीबी में कमी के आसार बन रहे हैं। देश में बुनियादी ढांचा विस्तृत और सुदृढ़ हो रहा है। खासतौर पर डिजिटल प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई), अंतरिक्ष विज्ञान, मेट्रो और बुलेट ट्रेन आदि को लेकर प्रगति दर्ज हो रही है। मेड इन इंडिया के तहत मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, स्वास्थ्य सेवा और स्टार्टअप्स में भारी वृद्धि से रोजगार के नए अवसर बढ़ रहे हैं। उत्पादन क्षेत्र में प्रगति की संभावना दिख रही है और स्वदेशी विकास की नीति अपनाई जा रही है। अनुमान है कि 5-जी और रोबोटिक्स के उपयोग का दायरा विस्तृत होता जायेगा। व्यापारिक लेनदेन अधिकाधिक 'कैशलेस' होते जाएँगे। अब ऑनलाइन ख़रीददारी और ओटीटी प्लेटफॉर्म तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। भविष्य में एआई का प्रभुत्व और भी बढ़ेगा। उसी के साथ साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा बड़ा महत्वपूर्ण सरोकार बन रहा है। इन सबके साथ यह भी याद रखना जरूरी है कि देश का भविष्य सिर्फ आर्थिक उन्नति के सूचकों तक सीमित नहीं किया जा सकता। आर्थिक विकास को केवल वृद्धि दर के अर्थ में ही नहीं, बल्कि रोजगार के अधिक अवसर, सामाजिक गतिशीलता और आम जनों के जीवन-स्तर में उन्नति के संदर्भ में भी देखना होगा। जनसंख्या का विशाल आकार और सबके लिए गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित करना निश्चित रूप से एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए हमारी अर्थव्यवस्था को ज्ञान-केंद्रित और सामाजिक रूप से ज्यादा उत्तरदायी भी बनाना होगा। आत्मनिर्भर भारत के लिए अवसर भी है पर हम अपनी सीमाओं को भी नजरअंदाज़ नहीं कर सकते। उदाहरण के लिए युवा भारत को अक्सर एक पूंजी के रूप में घोषित किया जाता है पर इसके लिए कौशल, स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश करना होगा। कौशल विकास की कमी और युवाओं में बेरोज़गारी के चलते समाज में असंतोष पैदा हो रहा है। यद्यपि नई शिक्षा नीति के दस्तावेज में अनेक प्रावधान हैं पर उसकी विसंगतियों को दूर कर उनके कार्यान्वयन के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे। उपेक्षा और साधनों के अभाव में विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था में गिरावट चिंताजनक है। शिक्षा की पहुँच, उसकी गुणवत्ता और प्रासंगिकता को लेकर संशय बना हुआ है। इसी तरह सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा की मुश्किलें भी बढ़ी हैं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी सुविधाएँ पर्याप्त नहीं हैं। अभी भी महिला श्रम-भागीदारी निम्न दर पर है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पूर्णिमा 15:32 तक |
| नक्षत्रः | आर्द्रा 17:32 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | ऐन्द्र, 29:15 तक |
| सूर्योदयः | 07:14 |
| सूर्यास्तः | 17:36 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 09:50-11:07 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 12:04-12:46 |

## जन एक्सप्रेस

### हो जीवन खुशहाल !

*हो नववर्ष मंगलमय ।*
*मिले रोज उपहार ।।*
*सुख और समृद्धि ।*
*रहे आपके द्वार ।।*
*मनोकामना पूर्ण हो ।*
*हो जीवन खुशहाल ।।*
*प्रगति हर पल आपकी ।*
*करती रहे कमाल ।।*
*यश? और कीर्ति ।*
*खूब मचाए शोर ।।*
*बजे इसका डंका ।*
*और फैले चहुंओर ।।*
*समय और उर्जा का ।*
*है करना उपयोग ।।*
*आपके प्रशंसको का ।*
*मिले सदा सहयोग ।।*




- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

### नए साल पर चेहरे की चमक बढ़ने के लिए ऐसे बनाए होममेड ब्लीच

**आज** की भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल और ठीक से स्किन की देखभाल न करने के कारण बहुत से लोगों को स्किन पर डेड सेल्स के जमा होने, स्किन के टैन होने और स्किन से जुड़ी कई समस्याओं से परेशान रहते हैं। ऐसे में स्किन को नेचुरल रूप से ग्लोइंग बनाने और हेल्दी बनाए रखने के लिए घर पर हल्दी और बेसन जैसे औषधीय गुणों से युक्त चीजों से ब्लीच बनाया जा सकता है।



**हल्दी और बेसन के ब्लीच के फायदे:** आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. किरण गुप्ता के अनुसार, इस ब्लीच में नेचुरल चीजें होती हैं, जो स्किन को नेचुरली हेल्दी और ग्लोइंग बनाने में सहायक हो सकती हैं, लेकिन इनसे किसी भी तरह की एलर्जी हो तो इसके इस्तेमाल से बचें।

**स्किन को एक्सफोलिएट करे:** इस ब्लीच का इस्तेमाल करने से स्किन को नेचुरली एक्सफोलिएट करने और स्किन को नेचुरली हेल्दी और ग्लोइंग बनाने में मदद मिलती है। इससे डल स्किन की समस्या से राहत देने और स्किन को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**इंफेक्शन से बचाव करे:** इस ब्लीच में मौजूद हल्दी में भरपूर मात्रा में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियस के गुण होते हैं। ऐसे में इस ब्लीच का इस्तेमाल करने से स्किन का इंफेक्शन से बचाव करने, सूजन को कम करने और स्किन को नेचुरली हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**स्किन को मॉइस्चराइज करे:** इस ब्लीच में मौजूद शहद में भरपूर मात्रा में मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से स्किन को अंदर से नमी देने, स्किन को हाइड्रेट करने और त्वचा में निखार लाने में मदद मिलती है।

**स्किन को ग्लोइंग बनाए:** इस ब्लीच में अच्छी मात्रा में विटामिन-सी होता है। ऐसे में इसका इस्तेमाल करने से स्किन को नेचुरल रूप से ग्लोइंग बनाने, त्वचा की टैनिंग को कम करने, त्वचा में निखार लाने और त्वचा के दाग-धब्बों को कम करने में मदद मिलती है।

**सावधानियां:** इस ब्लीच का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। किसी भी चीज से परेशानी होने, एलर्जी होने या स्किन के सेंसिटिव होने पर इसका इस्तेमाल करने से बचें। इसका इस्तेमाल हफ्ते में 1 बार करना फायदेमंद हो सकता है।

**निष्कर्ष:** हल्दी, बेसन, शहद, नींबू के रस, गुलाब जल और दही से बने इस नेचुरल ब्लीच का इस्तेमाल करने से स्किन को नेचुरल रूप से एक्सफोलिएट करने, स्किन का इंफेक्शन से बचाव करने, टैनिंग कम करे, स्किन को मॉइस्चराइज करने और स्किन को ग्लोइंग बनाने में मदद मिलती है, लेकिन ध्यान रहे, स्किन के सेंसिटिव होने या इससे किसी भी तरह की एलर्जी होने पर इसका इस्तेमाल करने से बचें। स्किन से जुड़ी अधिक समस्या महसूस होने पर डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## एक्सप्रेस विशेष

# हिंदुओं और भारत के खिलाफ पश्चिमी देशों में कैसे भरा जा रहा है जहर



पंकज जयस्वाल

**हर बार जब भारतीयों या हिंदुओं को नस्ली सफ़ाई या नरसंहार का शिकार बनाया जाता है, तो उनकी आसानी से उपलब्ध नफ़रत की कहानी उत्प्रेरक का काम करती है। हर बार जब ये हिंदू विरोधी नरसंहार और जातीय सफ़ाई होती है।**

**श्रीराम** कृष्णन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर व्हाइट हाउस का सीनियर पॉलिसी एडवाइजर नियुक्त किए जाने और विवेक रामास्वामी के 26 दिसंबर, 2024 को एक्स पर पोस्ट करने के बाद, जब वे डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के लीडर के तौर पर अपने छोटे से कार्यकाल में थे, तो प्लेटफॉर्म पर भारत विरोधी नफरत में काफी बढ़ोतरी देखी गई। जनवरी 2025 में सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ ऑर्गेनाइज्ड हेट ने ङ्क पर भारत विरोधी नस्लवाद पर एक रिपोर्ट जारी की। तब से, इस बात का कोई खास संकेत नहीं मिला है कि एक्स सहित सोशल मीडिया पर भारत विरोधी पूर्वाग्रह कम हुआ है। इस रिपोर्ट में एक्स पर भारत विरोधी नस्लवाद के मौजूदा स्तर का विश्लेषण किया गया है। यह भारत विरोधी भावना में बढ़ोतरी का विश्लेषण करती है, भारत विरोधी नस्लवादी बातचीत में मुख्य विषयों और कहानियों को बताती है और उन पोस्ट और मुद्दों पर प्रकाश डालती है जिनका उल्लेखनीय प्रभाव और पहुंच रही है। एक्स पर 680 ज़्यादा एंगेजमेंट वाली भारत विरोधी नस्लवादी पोस्ट को 1 जुलाई से 7 सितंबर, 2025 के बीच 281.2 मिलियन व्यूज़ मिले। भारतीयों को

**यह जानबूझकर किया गया प्रयास है ताकि दूसरों को भारत के खिलाफ़ निष्क्रिय या आक्रामक तरीके से लामबंद होने के लिए उकसाया जा सके, उन्हें भारत पर आक्रमण और भारतीयों और हिंदुओं के खिलाफ़ नस्ली सफ़ाई के लिए तैयार किया जा सके। लक्ष्य भारतीयों को बड़े पैमाने पर और गंभीर रूप से नीचा दिखाना है, ठीक वैसे ही जैसे नाज़ी जर्मनी और यूरोप के अन्य हिस्सों में यहूदियों के साथ किया गया था।**

हमलावर और नौकरी चोर बताने वाली कहानियों के साथ-साथ भारतीयों को देश से निकालने की मांगों वाली 474 पोस्ट (69.7%) और 111.8 मिलियन व्यूज़ मिले, जिससे इमिग्रेशन और निष्कासन से जुड़ी बातें एंगेजमेंट का मुख्य कारण बन गईं। असंतोष और नौकरी चोरी की बातें मुख्य समूह में प्रमुख थीं, जोज़ेनोफ़ोबिया को आर्थिक असुरक्षा के साथ मिला रही थीं और भारतीयों पर वीज़ाप्रतिबंध, इनकार, निर्वासन और नागरिकता रद्द करने की मांगों को बढ़ा रही थीं। 121 पोस्ट (17.8%) में भारत विरोधी अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया और उन्हें 74.3 मिलियन व्यूज़ मिले। 12 अगस्त को फ्लोरिडा में एक सिख ड्राइवर से जुड़े ट्रक दुर्घटना संबंधी 74 पोस्ट (10.9%) को 94.9 मिलियन व्यूज़ मिले, जिससे पता चलता है कि कैसे एक ही घटना का इस्तेमाल पूरे समुदाय को पेशे के आधार पर बलि का बकरा बनाकर बदनाम करने के लिए किया जाता है। अगस्त 2025 में गतिविधि चरम पर थी, जिसमें 381 पोस्ट और 189.9 मिलियन व्यूज़ थे। अमेरिका-भारत टैरिफ विवाद और घटना-आधारित गुस्सा कहानियों में बढ़ोतरी के साथ मेल खाता था, जो दर्शाता है कि नीतिगत तनाव और ब्रेकिंग न्यूज़ नस्लवादी सामग्री को बढ़ाने वाले अनुमानित कारक के रूप में काम करते हैं। लगभग 65% पोस्ट यूएस पर केंद्रित थे, जिससे यह कन्फर्म होता है कि स्टडी के दौरान यूएस ही भारत विरोधी डिजिटल नस्लवाद का केंद्र था। असल में, वे भारत से नफ़रत नहीं करते बल्कि यह एक औपनिवेशिक मानसिकता और विकासशील देशों के प्रति पूर्वाग्रह है। यह उनके प्रभुत्व और भारत के अपनी पुरानी शान में लौटने के लिए खतरा पैदा करता है। पश्चिमी मीडिया और सत्ता संरचनाओं में कई लोगों के लिए भारत सिर्फ़ हिंसा, पूर्वाग्रह, गरीबी और सामाजिक अशांति का प्रतीक हो सकता है। इतना ही नहीं, बल्कि औपनिवेशिक सोच वाले भारतीय बुद्धिजीवी भी ऐसे ही हैं। हिंदूफोबिया और हिंदू विरोधी नफ़रत कई अलग-अलग रूप ले सकती है, जानबूझकर और अनजाने में भी। उदाहरण के लिए, छठी कक्षा के छात्र को मूर्ति पूजक कहा जा सकता है और उसे अपनी क्लास से अलग-थलग महसूस कराया जा सकता है; एक दक्षिण एशियाई प्रोफेसर एक कॉलेज छात्र को हिंदू विरासत का छात्र होने के लिए निशाना बना सकता है और उसे शर्मिंदा कर सकता है; एक चुने हुए अधिकारी पर अमेरिका-भारत संबंधों पर उसकी स्थिति के कारण दोहरी वफ़ादारी का आरोप लगाया जा सकता है और उसके साथ दोहरा मापदंड अपनाया जा सकता है या एक हिंदू अमेरिकी को उसी कारण से नाज़ी समर्थक कहा जा सकता है। यह कोई आलोचना नहीं है। सैन्य स्टील्थ हथियारों की तरह, यह एक बेहद घातक, नरसंहार करने वाला मनोवैज्ञानिक हथियार है जो सबकुछ नष्ट कर देता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम के लिए बड़ा कदम यातायात नियमों को केवल औपचारिकता न समझें: एआरटीओ



■ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत पीलीभीत में वृहद कार्यशाला आयोजित

■ वाहन चालकों को सेफ ड्राइविंग व लेन अनुशासन का दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने और यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद पीलीभीत में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। पूरनपुर रोड स्थित प्रत्यायन चालक प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित वृहद कार्यशाला में परिवहन व्यवसायियों, वाहन स्वामियों और चालकों को सुरक्षित वाहन संचालन और लेन ड्राइविंग से संबंधित व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का आयोजन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) वीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए वाहन चालकों और परिवहन व्यवसायियों ने सहभागिता की, जिन्हें सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों, सावधानियों और आधुनिक ड्राइविंग व्यवहार की जानकारी दी गई।

### तेज रफ्तार और लापरवाही बनती है हादसों की बड़ी वजह- वीरेंद्र सिंह




कार्यशाला को संबोधित करते हुए वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि जनपद सहित प्रदेश भर में होने वाली अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं के पीछे तेज गति, गलत लेन परिवर्तन, ओवरटेकिंग में लापरवाही, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग न करना जैसे कारण प्रमुख हैं। उन्होंने दुर्घटना आंकड़ों का उल्लेख करते हुए बताया कि छोटी-सी लापरवाही भी गंभीर जान-माल की हानि का कारण बन सकती है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों को केवल औपचारिकता न समझें, बल्कि उन्हें अपने जीवन की सुरक्षा से जोड़कर देखें। वाहन चलाते समय संयम, सतर्कता और अनुशासन ही सुरक्षित यात्रा की सबसे बड़ी कुंजी है।

### लेन ड्राइविंग से सुधरती है यातायात व्यवस्था

कार्यक्रम के दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वैभव सोती ने वाहन चालकों को लेन ड्राइविंग के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संकेत चिन्हों, सड़क मार्किंग, लेन बदलने के नियम और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि लेन अनुशासन अपनाने से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आती है, बल्कि यातायात जाम और अव्यवस्था की समस्या भी दूर होती है।

उन्होंने कहा कि लेन ड्राइविंग आधुनिक यातायात व्यवस्था की आधारशिला है और इसके पालन से सड़कें अधिक सुरक्षित बनती हैं। प्रतिभागियों ने लिया नियमों के पालन का संकल्प लिया कार्यशाला के समापन पर उपस्थित परिवहन व्यवसायियों और वाहन चालकों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही उन्होंने इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। परिवहन विभाग की ओर से बताया गया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत जनपद पीलीभीत में आगे भी जागरूकता रैलियां, प्रशिक्षण कार्यशालाएं, स्कूल-कॉलेजों में कार्यक्रम और प्रवर्तन अभियान चलाए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके और सुरक्षित यातायात संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सके।

# जंगल की सरहद पर टूटती खेती, बढ़ता हाथियों का संकट, जंगल की सरहद पर असुरक्षित किसान

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



टाइगर रिजर्व से सटे गांवों में हाथियों का बढ़ता तांडव अब महज एक वन्यजीव घटना नहीं रहा, बल्कि यह किसानों की आजीविका, ग्रामीण सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था की गंभीर परीक्षा बन चुका है। माला रेंज से लगे महुआ और सिरसा सरदाह गांवों में बीती रात हाथियों के एक बड़े झुंड का अचानक प्रवेश कर गन्ना और गेहूं की तैयार फसलों को रौंद देना इस संकट की भयावह तस्वीर पेश करता है।

किसान महीनों की मेहनत, लागत और उम्मीदों के साथ फसल तैयार करता है। ऐसे में एक ही रात में खेतों का उजड़ जाना उसके लिए आर्थिक ही नहीं, मानसिक आघात भी है। रात के सन्नाटे में हाथियों की चिंघाड़, भारी कदमों की गूंज और घरों में दुबके ग्रामीण—यह सब बताता है कि जंगल से सटे गांवों में भय अब रोजमर्रा की सच्चाई बनता जा रहा है। महुआ गांव के गौरीशंकर, देवदत्त, हरिराम, प्रेम प्रकाश, जगन्नाथ, लाल बहादुर जैसे अनेक किसानों की फसलें तबाह हुईं, वहीं सिरसा सरदाह गांव में भी सुबह खेतों पर पहुंचे किसानों को केवल बर्बादी ही नजर आई। कई परिवारों की सालभर की आय पर एक झटके में असर पड़ा है।

यह समस्या अचानक पैदा नहीं हुई। जंगलों का सीमित होता दायरा, हाथियों के पारंपरिक गलियारों में अतिक्रमण, खेती का फैलाव और प्रभावी रोकथाम उपायों की कमी ने मानव-वन्यजीव संघर्ष को और तेज कर दिया है। वन विभाग की गश्त और निगरानी व्यवस्था हाथियों की आवाजाही वाले संवेदनशील इलाकों में अभी भी नाकाफी दिखाई देती है। चेतावनी तंत्र, सोलर फेंसिंग, बैरियर और रात्रिकालीन निगरानी जैसे उपाय कागजों तक सीमित रह जाते हैं, जबकि जमीन पर किसान असुरक्षित महसूस करता है।

सबसे बड़ी पीड़ा तब होती है, जब नुकसान के बाद मुआवजा प्रक्रिया लंबी और जटिल बन जाती है। फसल नष्ट होने के बाद किसान तत्काल राहत की उम्मीद करता है, लेकिन आकलन, रिपोर्ट और स्वीकृति के चक्र में समय लगने से उसकी परेशानी और बढ़ जाती है। इस देरी के कारण किसान कर्ज के बोझ तले दबने को मजबूर होता है। आवश्यक है कि प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तात्कालिक और दीर्घकालिक—दोनों स्तरों पर ठोस कदम उठाए। हाथियों की नियमित आवाजाही वाले गांवों में प्रभावी सोलर फेंसिंग, मजबूत बैरियर, ड्रोन व सायरन आधारित अलर्ट सिस्टम, और वन विभाग की चौबीसों घंटे गश्त सुनिश्चित की जाए। साथ ही, नुकसान का त्वरित सर्वे कर समयबद्ध मुआवजा दिया जाए, ताकि किसानों को तत्काल राहत मिल सके। वन्यजीव संरक्षण जरूरी है, लेकिन इसके साथ ही जंगल से सटे गांवों में रहने वाले किसानों की सुरक्षा और आजीविका की रक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

यदि समय रहते संतुलित और ठोस नीति नहीं अपनाई गई, तो यह संघर्ष और गहराएगा। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की पहचान केवल वन्यजीवों से नहीं, बल्कि उन किसानों से भी है जो जंगल की सरहद पर रहकर खेती करते हैं।

अब जरूरत है कि जंगल भी सुरक्षित रहें और किसान भी—यही सच्चा और स्थायी समाधान है।

# रानीगंज नहर पुलिया के पास बाघ ने नीलगाय को बनाया निवाला, इलाके में दहशत

**लगातार चहलकदमी से सहमे ग्रामीण, सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम; अलर्ट जारी**

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र अंतर्गत गांव रानीगंज नहर पुलिया के आसपास बाघ की लगातार मौजूदगी से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार बीते लगभग एक सप्ताह से बाघ की चहलकदमी देखी जा रही थी, लेकिन गुरुवार देर रात बाघ द्वारा नीलगाय का शिकार किए जाने के बाद दहशत और बढ़ गई।शुक्रवार सुबह नहर किनारे झाड़ियों में नीलगाय का अधखाया शव पड़ा मिला, जिसे देखकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। नहर पुलिया के पास और झाड़ियों में बाघ के ताजे पगचिन्ह साफ दिखाई दिए, जिससे बाघ की मौजूदगी की पुष्टि हो गई।ग्रामीणों का कहना है कि बाघ खेतों और आबादी के बेहद नजदीक घूम रहा है। इस कारण लोग सुबह-शाम खेतों पर जाने से भी डर रहे हैं। कई किसानों ने फसल की रखवाली बंद कर दी है, जिससे नुकसान की आशंका बढ़ गई है।मामले की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र का निरीक्षण किया। टीम ने बाघ के पगचिन्हों को ट्रेस कर उसकी गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी है। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने, अकेले बाहर न निकलने और बच्चों को घर से दूर न भेजने की सलाह दी है। साथ ही संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है।वन विभाग का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए टीमें अलर्ट मोड पर हैं। उधर, ग्रामीणों में बाघ को लेकर भारी भय का माहौल बना हुआ है और लोग जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र में सामान्य जनजीवन बहाल हो सके।

# धान खरीद में भ्रष्टाचार की शिकायत पर राज्यमंत्री सख्त

**एसडीएम व मंडी सचिव को लगाई फटकार, कार्रवाई की दी चेतावनी**



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बीसलपुर क्षेत्र में धान खरीद के दौरान भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और किसानों के उत्पीड़न की शिकायतों को गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने गंभीरता से लिया है। कई ग्राम प्रधानों द्वारा की गई शिकायत पर राज्यमंत्री ने बीसलपुर के एसडीएम और मंडी समिति के प्रभारी सचिव को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

राज्यमंत्री के आवास पर बीसलपुर क्षेत्र से पहुंचे ग्राम प्रधानों और किसानों ने शिकायत की कि मंडी समिति परिसर में कई-कई दिनों से धान से भरी ट्रालियां खड़ी हैं, लेकिन उनकी खरीद नहीं की जा रही। आरोप लगाया गया कि धान खरीद के बदले किसानों से धन उगाही की जा रही है और टोकन सत्यापन के नाम पर अवैध वसूली हो रही है। साथ ही किसानों के साथ असम्मानजनक व्यवहार भी किया जा रहा है। शिकायतों को सुनने के बाद राज्यमंत्री ने तत्काल बीसलपुर एसडीएम और प्रभारी मंडी सचिव से फोन पर वार्ता की और चेतावनी भरे लहजे में कहा कि किसानों का शोषण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी हुई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ शासन स्तर से कार्रवाई तय मानी जाए।

साथ ही मंडी समिति परिसर में पहुंचे किसानों के धान की तत्काल पारदर्शी व्यवस्था के तहत खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री से मिलने वालों में ग्राम प्रधान ओमपाल, खुगेश गंगवार, गोधन लाल, मनोज कुमार, सुनील कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुखलाल, नरेश गंगवार, मुनेन्द्र पाल सहित कई ग्राम प्रधान एवं किसान मौजूद रहे।

### पुलिस का लोगो लगी कार ने स्कूटी सवार को घसीटा

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। दिल्ली के कंझावला में साल 2023 में 31 दिसंबर और 1 जनवरी की मध्य रात एक युवती की कार के घसीटने से मौत हो गई थी। कार उसे 10 किलोमीटर से ज्यादा दूर तक घसीटते हुए ले गई थी। ऐसा ही मामला यूपी के मिर्जापुर जिले के शेरवां क्षेत्र में सामने आया। बीते गुरुवार को अदलहाट थाना क्षेत्र के भुईली खास गांव के पास दोपहर सवा एक बजे कार ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद स्कूटी सवार धर्मेंद्र कार में फंस गया। पुलिस का लोगो लगी कार धर्मेंद्र को घसीटते हुए भागने लगी। रास्ते में कंबल वितरण के लिए आए लोगों को भी कार ने टक्कर मारी। 10 किमी दूर शेरवां चौकी के आगे चंदौली के मझगवां जाकर कार युवक समेत सड़क किनारे खेत में उतर गई। इस दौरान 10 किमी तक की सड़क खून से लाल हो गई। शरीर के चीथड़े उड़ गए थे। कुछ हिस्सा बचा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार एक को पकड़ा जबकि दूसरा भाग गया। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने पुलिस चौकी शेरवां पर हंगामा किया। पुलिस चौकी के बाहर चक्काजाम कर दिया। मौके पर फोर्स के साथ पहुंचे चकिया विधायक कैलाश आचार्य एसडीएम व सीओ चुनार के समझाने पर एक घंटे बाद जाम समाप्त हुआ।

## एक्सप्रेस खबरें...

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम इलाके की निवासी एक महिला ने थाना जहानाबाद में तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि उसकी शादी वर्ष 2008 में साबिर नामक व्यक्ति से हुई थी। वर्ष 2017 तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन इसके बाद पारिवारिक विवाद के चलते दोनों अलग रहने लगे। महिला के दो बच्चे भी हैं। इसी दौरान करीब दो वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात पड़ोस में किराए पर रहने वाले पीलीभीत जनपद के थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम चका निवासी अजीम पुत्र युसूफ से हुई। पति से अलग रहने की जानकारी होने पर आरोपी ने उसे प्रेमजाल में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। महिला को एक जनवरी को जानकारी हुई कि आरोपी का कहीं और रिश्ता तय हो गया है। इस पर वह विरोध दर्ज कराने पीलीभीत के जहानाबाद स्थित उसके घर पहुंची, जहां आरोपी ने उसके साथ अभद्रता की। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। जनपद के थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम नवादा श्यामपुर निवासी अनोखी देवी ने थाना अमरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को उनका पुत्र वीरेंद्र कुमार अपने साथी प्रेमकिशोर के साथ दवा लेकर जहानाबाद से घर लौट रहा था। जहानाबाद-अमरिया मार्ग पर कल्याणपुर चौराहे के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। उपचार के दौरान वीरेंद्र कुमार की मौत हो गई, जबकि प्रेमकिशोर का शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्लॉट के नाम पर दो लाख की ठगी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम पिपरा वाले नंबर दो निवासी हरस्वरूप ने न्यायालय के आदेश पर थाना सुनगढ़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार कचहरी में उसकी पहचान रामसरन वर्मा निवासी रामनगर कॉलोनी, बरहा से हुई थी। आरोपी ने स्वयं को प्लॉटिंग का काम करने वाला बताकर बरहा रोड पर लायंस बाल विद्या मंदिर के सामने 100 गज का प्लॉट दिखाया और कीमत 13 लाख रुपये बताई। बाद में सौदा नौ लाख में तय हुआ और 24 अगस्त 2024 को पीड़ित ने दो लाख रुपये एडवांस के रूप में दे दिए, जिसकी रिकॉर्डिंग और फोटो भी उसके पास हैं। तय समय सीमा के बाद भी न तो बैनामा कराया गया और न ही रुपये लौटाए गए। चार मई 2025 को रुपये मांगने पर आरोपी ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी, तमंचा दिखाया और पांच हजार रुपये भी छीन लिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फोन पर बदनाम करने और जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र की एक महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी शादी शाहजहांपुर जिले के थाना बंडा क्षेत्र के निवासी सचिन से हुई थी। शादी से पूर्व उसकी बातचीत शाहजहांपुर के एक युवक से होती थी, जिसे उसने विवाह के बाद बंद कर दिया।आरोप है कि इसके बाद वह युवक उसे बदनाम करने लगा और उसके ससुराल वालों को फोन कर अश्लील बातें कहने लगा। महिला के वैवाहिक जीवन को बर्बाद करने और जान से मारने की धमकी भी दी गई। 26 दिसंबर को फोन पर धमकी देने के बाद महिला ने पुलिस से शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### 18 लाख की धोखाधड़ी और फर्जी एनओसी का मामला




जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज के मैनेजर सचिन खंडारी ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना सुनगढ़ी में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार कंपनी ने जसवंत सिंह निवासी किशनपुर, थाना बीसलपुर को बड़े वाहन पर लोन दिया था, जिस पर कंपनी का एचपी दर्ज था।आरोप है कि जसवंत सिंह ने जानबूझकर किस्तों का भुगतान नहीं किया और कंपनी के 18 लाख 82 हजार 435 रुपये बकाया हो गए। जांच में पता चला कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर कंपनी कर्मचारियों के जाली हस्ताक्षर कर फर्जी एनओसी तैयार की और एआरटीओ कार्यालय की मदद से वाहन किसी अन्य के नाम ट्रांसफर करा दिया। मामले में एआरटीओ कार्यालय के कुछ कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने ठेका देशी शराब दुकानों व कैंटीनों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। नववर्ष के अवसर पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आई। बुधवार की शाम घुंघचाई थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में संचालित ठेका देशी शराब की दुकानों व कैंटीनों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों पर स्टॉक, व्यवस्थाएं, निर्धारित मूल्य सूची, अनुशासन एवं नियमों के अनुपालन की बारीकी से जांच की गई। पुलिस ने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए कि नववर्ष के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस ने दुकानों पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर तलाशी भी ली और निर्देशित किया कि मूल्य सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होनी चाहिए। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने को कहा गया। पुलिस की अचानक कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस ने चेतावनी दी कि नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी में 12वीं तक के स्कूल 5 जनवरी तक बंद

**शीतलहर से सुरक्षा के लिए ष्टरूके सख्त निर्देश**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रही शीतलहर को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बड़ा फैसला लिया गया है। प्रदेश भर में कक्षा 12वीं तक के सभी बोर्डों के स्कूलों में 5 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। यह आदेश परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त एवं सभी बोर्डों के विद्यालयों पर समान रूप से लागू होगा। मुख्यमंत्री ने शीतलहर से जनसामान्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को सतर्क, संवेदनशील और भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ठंड से बचाव के सभी उपाय जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू होने चाहिए। सीएम योगी ने निर्देश दिए कि जरूरतमंदों, गरीबों और बेसहारा लोगों के लिए कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। किसी भी व्यक्ति को खुले में सोने के लिए मजबूर न होना पड़े, इसके लिए प्रशासन को विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।

### रैन बसेरों में पूरी सुविधाएं देने के आदेश

मुख्यमंत्री ने नगर निकायों और जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि रैन बसेरों में गर्म बिस्तर, स्वच्छ पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि ठंड के कारण किसी प्रकार की जनहानि न हो। जनपद पीलीभीत में जिला प्रशासन ने भी नागरिकों से अपील की है कि वे खुले में न सोएं, अत्यधिक ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का प्रयोग करें और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक गर्म पानी का सेवन करें। किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी रैन बसेरा या प्रशासनिक सहायता केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

प्रशासनिक स्तर पर शीतलहर से निपटने की तैयारियों को और मजबूत किया जा रहा है, ताकि ठंड के इस दौर में आमजन सुरक्षित रह सके।

### कृभको के नए राज्य प्रबंधक बने ऋषिपाल सिंह राठौर



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। कृषक भारती को-ऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ऋषिपाल सिंह राठौर को उत्तर प्रदेश का नया राज्य प्रबंधक नियुक्त किया है। उन्होंने लखनऊ स्थित कृभको कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

ऋषिपाल सिंह राठौर मूल रूप से ग्राम सांपला बेगमपुर, जिला सहारनपुर के निवासी हैं। उन्होंने स्नातकोत्तर कृषि शिक्षा प्राप्त कर वर्ष 1996 में कृभको से अपना करियर शुरू किया। इसके बाद पंजाब, हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। पश्चिम बंगाल में राज्य विपणन प्रबंधक के रूप में सेवाएं देने के बाद अब उन्हें उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें विपणन क्षेत्र में लगभग 30 वर्षों का प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय अनुभव है। कृभको प्रबंधन ने आशा व्यक्त की है कि उनके अनुभव और दक्षता से संगठन के उद्देश्यों को नई गति मिलेगी। पूरनपुर में कृभको केंद्र के इंचार्ज डीसी शुक्ला सहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# धार्मिक स्थल तक नहीं पहुंच पा रहे ग्रामीण खेत स्वामी ने ब्रह्मदेव स्थल को चारों ओर से तारबंदी कर किया था कब्जा

**राजस्व व पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर हटवाया अवैध कब्जा**

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



थाना घुंघचाई क्षेत्र अंतर्गत घुंघचाई-सिमरिया ता. अजीतपुर बिल्हा रोड स्थित प्राचीन ब्रह्मदेव स्थल तक ग्रामीणों का पहुंचना मुश्किल हो गया था। आरोप है कि एक खेत स्वामी ने ब्रह्मदेव स्थल के चारों ओर तार लगाकर उसे अपने खेत में मिला लिया था, जिससे श्रद्धालुओं का धार्मिक स्थल पर जाना बाधित हो रहा था। ग्रामीणों के अनुसार खेत स्वामी करीब डेढ़ वर्ष से ब्रह्मदेव स्थल पर अवैध कब्जा जमाए हुए था। धीरे-धीरे उसने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की भूमि पर भी कब्जा करना शुरू कर दिया। कई बार कब्जा हटाने के लिए कहे जाने के बावजूद उसने कोई ध्यान नहीं दिया।

मामले को लेकर महाकाल एक्टिव सेना व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को राजस्व विभाग के निरीक्षक नंदलाल, लेखपाल व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी एकत्र हो गए। राजस्व विभाग की टीम ने ब्रह्मदेव स्थल के चारों ओर लगी तारबंदी हटवाकर स्थल को कब्जा मुक्त कराया। सफाई के दौरान वहां से मूर्तियां भी मिलीं, जिन्हें पुनः विधिवत ब्रह्मदेव स्थल पर स्थापित किया गया। धार्मिक स्थल पर रखी अन्य अवैध वस्तुओं को हटाकर रास्ता बहाल किया गया। पूरे अभियान के दौरान पुलिस बल तैनात रहा और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। राजस्व निरीक्षक नंदलाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए स्थल को पूरी तरह कब्जा मुक्त करा दिया गया है।

# नंगे पैर आई वृद्धा को राज्यमंत्री ने खुद पहनाए जूते

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



अमरिया तहसील परिसर में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार का मानवीय और संवेदनशील रूप देखने को मिला। कार्यक्रम में कड़ाके की ठंड के बीच नंगे पैर पहुंची एक वृद्ध महिला को देखकर राज्यमंत्री ने तत्काल बाजार से जूते मंगवाए और स्वयं उन्हें पहनाकर वृद्धा का आशीर्वाद लिया। प्रशासन की ओर से आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद थे। कंबल वितरण के दौरान राज्यमंत्री की नजर कुर्सी पर बैठी उस वृद्ध महिला पर पड़ी, जो ठंड के बावजूद नंगे पैर थी। पूछने पर वृद्धा ने बताया कि उसके पास पहनने के लिए जूते नहीं हैं। यह सुनते ही राज्यमंत्री ने तुरंत जूते मंगवाकर वृद्धा को पहनाए। बताया गया कि जूते पहनाने वाली वृद्ध महिला अमरिया क्षेत्र के दिनारपुर गांव की निवासी है। इस दौरान मौजूद लोगों ने राज्यमंत्री की संवेदनशीलता की सराहना की। कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने दूरदराज से आए जरूरतमंद लोगों को कंबलों का वितरण किया।

# ड्यूटी की चिंता हुई कम, बच्चों की देखभाल के लिए पुलिस लाइन में शुरू हुआ वात्सल्य भवन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

ड्यूटी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बना पाना पुलिस कर्मियों, विशेषकर महिला पुलिसकर्मियों के लिए लंबे समय से एक बड़ी चुनौती रहा है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए रिज़र्व पुलिस लाइन परिसर में नवनिर्मित क्रेच भवन 'वात्सल्य भवन' की शुरुआत की गई है। अब ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मियों के नन्हे बच्चों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और स्नेहमय वातावरण में देखभाल की सुविधा मिल सकेगी। रिज़र्व पुलिस लाइन में बनाए गए इस शिशु देखभाल केंद्र का उद्घाटन पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। वात्सल्य भवन का उद्देश्य ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के छोटे बच्चों की सुरक्षित और समुचित देखभाल सुनिश्चित करना है, ताकि कर्मी निश्चिंत होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

# माघ मेला स्नान को लेकर उरई रेलवे स्टेशन पर प्रशासन-रेलवे समन्वय बैठक, श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा पर जोर

## माघ मेला स्पेशल ट्रेन को डीएम व एसपी ने फूलमाला पहनाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस । उरई



प्रयागराज में माघ मेला स्नान के सुचारु एवं सुरक्षित आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने रेलवे स्टेशन उरई के सभागार में रेलवे अधिकारियों, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक में श्रद्धालुओं की यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि प्रयागराज में माघ मेला स्नान का शुभारंभ हो चुका है, जो 01 फरवरी 2026 तक चलेगा। इस दौरान जनपद से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज जाएंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को स्टेशन परिसर में प्रवेश से लेकर प्लेटफॉर्म, ट्रेन में चढ़ने तथा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यक सहायता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एसपी ने कहा कि रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती प्रभावी ढंग से की जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसपी व डीएम ने माघ मेला स्पेशल ट्रेन से प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं को फूलमाला पहनाकर ससम्मान रवाना किया तथा उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, एडीएम न्यायिक योगेंद्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, एसीएम रेलवे पवन कुमार सहित रेलवे, प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुशीनगर एक्सप्रेस के जनरल कोच में हालत बिगड़ने से यात्री की मौत

**उरई।** कुशीनगर एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर करते समय हालत बिगड़ने से यात्री की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। लोकमान्य तिलक से गुरुवार रात गोरखपुर जा रही कुशीनगर एक्सप्रेस के जनरल कोच में उस समय अफरा तफरी मच गई कि जब बोगी में सवार एक यात्री हालत बिगड़ने की वजह से अचेत हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो झांसी के बाद जब यह दृश्य देखा तो कंट्रोल को सूचना दी गई। इसी बीच गाड़ी उरई रेलवे स्टेशन पर आ गई। खबर मिलने के बाद आरपीएफ दरोगा रेलवे पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। इसी बीच रेलवे अस्पताल से डॉक्टरों की टीम भी आ गई और बोगी में जाकर जब यात्री को देखा तो वह मृत हालत में पाया गया। सुरक्षा कर्मियों की माने तो उसके पास से गोरखपुर का टिकट मिला है। इससे माना जा रहा है कि वह मुंबई में काम करता था और नए साल के मौके पर अपने घर नेपाल जा रहा था। रास्ते में अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और देखते ही देखते मौत हो गई। रेलवे पुलिस आवश्यक कार्रवाई करने में आरपीएफ के साथ लगी है।

# 3 महीने बाद दो सगे भाइयों पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई

- हरपालपुर कस्बा निवासी अधेड़ को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप
- पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर नही दर्ज किया था मुकदमा

हरपालपुर समर के पानी व बिजली को लेकर चल रहे पुराने विवाद के बाद आरोपियो द्वारा जूतों व चप्पलों से मारने पीटने पर आत्म ग्लानि बस अधेड़ द्वारा आत्महत्या के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर अभियोग दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना व कस्बा निवासी श्रीधर का राहुल व अतुल पुत्रगण शिवशंकर के साथ समर के पानी व बिजली को लेकर पूर्व में विवाद हुआ था।इसी विवाद के चलते आरोपियो ने श्री धर को देख लेने व जान से मार देने की धमकी दी थी।आरोप है कि बीती 24 सितंबर को विपक्षीगण राहुल व अतुल पुत्रगण शिवशंकर ने अपने निर्माणाधीन मकान के सामने गाली गलौज करते हुए जूतों और चप्पलों से जमकर मारा पीटा था। जिससे अपमानित होकर श्रीधर ने आत्म ग्लानिवश क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।इस घटना की श्रीधर के पुत्र मोनू ने तहरीर देते हुए थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया था। इस घटना की श्री धर के पुत्र मोनू ने तहरीर देते हुए थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया था। आखिरकार मृतक के पुत्र ने न्यायालय का दरबाजा खटखटाया और 3 महीने बाद न्यायालय के आदेश पर राहुल व अतुल पुत्रगण शिवशंकर के खिलाफ धारा 108 के तहत पुलिस ने अभियोग दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पंकज ने बताया कि अग्रिम बिधिक कार्यवाई जारी है।

## दिनदहाड़े सूने मकान का ताला चटकाकर लाखों का माल ले गए चोर

जन एक्सप्रेस । उरई

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला इंदिरा नगर कुइया रोड पर घूम रहे बेलगाम चोरों ने एक सुने मकान को निशाना बना लिया। जहां पर दिनदहाड़े गेट का ताला काट कर अंदर रखे नगदी व गहने सहित करीब तीन लाख रुपए का माल समेट कर फरार हो गए। खबर मिलने के बाद पहुंचे गृहस्वामी ने सूचना पुलिस को दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला इंदिरा नगर कुइया रोड पर रहने वाले भरत राजपूत किसी काम से अपने गांव गये थे। जबकि घर पर किराएदार भी नहीं थे और घर पूरी तरह से सूना था।

इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े लोगों की नजर बचाकर मेन गेट का ताला चटका दिया। इतना ही नहीं घर में घुसकर चोरों ने अन्दर कमरों में लगे चार पांच ताले और तोड़ दिए। इसके बाद फुर्सत से अलमारी और सूटकेस तोड़कर कीमती सामान पार कर दिया। दोपहर के समय मुहल्ले के लोगों ने मकान मालिक को सूचना दी। भरत राजपूत के कहने पर कुछ लोगों ने भीतर जाकर देखा तो सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। इसकी जानकारी होने पर मकान मालिक भरत मौके पर आया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर जल्द चोरों का पता लगाने की बात कही है।

इस मामले में पीड़ित ने मंडी चौकी पुलिस को प्रार्थना पत्र भी दे दिया है। पीड़ित गृहस्वामी के मुताबिक लगभग ढाई तीन लाख रुपये के गहने, जिनमें सोने का एक मंगलसूत्र और दो जोड़ी पायलों के अलावा तीस हजार रुपये की नगदी चोरी हुई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल करने में लगी हुई हैं।

# प्रधान ने जरूरतमंदों को वितरित किये कंबल

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद



शाहाबाद विकास खण्ड की ग्राम पंचायत चंदूपुर खैराई में नववर्ष के अवसर पर जरूरतमंदों एवं गरीब परिवारों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 400 निर्धन,असहाय एवं ठंड से प्रभावित लोगों को कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम पंचायत भवन परिसर में सम्पन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह ने कहा कि भीषण ठंड के इस मौसम में गरीब और असहाय लोगों को राहत पहुंचाना उनका सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि नववर्ष की शुरुआत सेवा और सहयोग के भाव से करना ही सच्चा उत्सव है। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगजनों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को प्राथमिकता दी गई। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली और ग्रामीणों ने प्रधान के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी ग्राम प्रधान द्वारा गरीबों का ध्यान रखा गया है, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें काफी राहत मिलेगी।

# पूर्व विधायक के पुत्र सहित 10 लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

जन एक्सप्रेस । कालपी

- महिला ने छेड़खानी कर गले में पड़ा मंगलसूत्र तोड़ ले जाने का भी लगाया आरोप

कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पूर्व विधायक के पुत्र सहित दस लोगों पर घर में घुसकर पति के साथ मारपीट करने व उसके गले से मंगलसूत्र तोड़कर छीन ले जाने का आरोप लगाया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

कालपी कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी।जिसमें बताया कि 31 दिसंबर की रात कालपी व सरसेला गांव के लगभग दस लोग शराब के नशे में उसके घर में घुस आए और उसके दिव्यांग पति के साथ मारपीट करने लगे। आरोप तो यह भी है कि कुछ लोगों ने उसे बुरी नियत से पकड़कर छेड़खानी की। आरोप तो यह भी है कि कुछ लोगों ने उसे बुरी नियत से पकड़कर छेड़खानी की। जब उसने शोर मचाया तो मोहल्ले के लोग आ गए।महिला का आरोप है कि इन आरोपियों में पूर्व विधायक का पुत्र भी शामिल था और उसी के कहने पर उक्त लोगों ने घटना को अंजाम दिया और वह उसका मंगलसूत्र तोड़कर छीन ले गए। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।मामले में कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, मारपीट की जानकारी हुई थी।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना ऑन-लाइन पोर्टल का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । हरदोई



जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने सर्व ने सूचित किया है कि उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) 19 दिसम्बर 2025 से निदेशक महिला कल्याण द्वारा ऑन-लाइन पोर्टल का शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने बताया कि 01 मार्च 2020 के पश्चात् अपने माता-पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक अथवा अभिभावक को खो दिया है अथवा 18 से 23 वर्ष के ऐसे किशोर जिन्होंने कोविड या अन्य कारणों से अपने माता-पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक अथवा अभिभावक को खो दिया है तथा वह कक्षा 12 तक शिक्षा पूर्ण करने के उपरान्त राजकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने हेतु शिक्षा प्राप्त कर रहें हों या नीट, जेईई, क्लैट जैसे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले अथवा जिनकी माता तलाकशुदा स्त्री या परित्यक्ता है अथवा जिनके माता-पिता या परिवार का मुख्यकर्ता जेल में है अथवा ऐसे बच्चे जिन्हे बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति/बाल वैश्यावृत्ति से मुक्त कराकर परिवार/पारिवारिक वातारण में समायोजित कराया गया हो अथवा भिक्षावृत्ति/वैश्यावृत्ति में सम्मिलित परिवारों के बच्चों को प्रतिमाह रूपये 2500 का आर्थिक सहयोग प्रदान किये जाने का प्राविधान है। उक्त योजना के पात्र समस्त नवीन लाभार्थी जो अभी तक योजना का लाभ नहीं प्राप्त कर रहे हैं उनसे अनुरोध है कि वह अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र से शासन द्वारा जारी ऑन-लाइन पोर्टल mbsyup.in पर आवेदन कर सकते है।

## युवक पर चोरी करने व विरोध करने पर पुत्री के साथ मारपीट का आरोप

**उरई।** कोंच नगर में स्थित काशीराम कॉलोनी निवासी नाजिर खां पुत्र वसीर खा जो बेटर गीरी का काम करता है। बताया गया कि गुरुवार रात्रि को जब उसकी पुत्री घर पर अकेली थी। तभी मुहल्ले का ही निवासी रेहान उर्फ अय्या पुत्र इरफान किवाड़ तोड़कर घर में घुस गया। जो घर में रखे 10 हजार रुपये नगद व 4 आना भर के टाक्स सोने के और 100 ग्राम चांदी की पायल चोरी कर ली। तभी पुत्री जाग गई तो आरोपी ने उसे थप्पड़ व बेल्टों से उसकी मारापीट शुरू कर दी। बताया कि इस दौरान शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गए। तभी आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। नाजिर ने शुक्रवार को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर कराकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# जनवरी को होगा तहसील समाधान दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस । हरदोई

डीएम अनुनय झा ने माह जनवरी 2026 में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के संबंध में बताया है। कि 03 जनवरी 2026 को हजरज अली जन्मदिवस के दृष्टिगत 05 जनवरी को तहसील सदर में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया जायेगा। तहसील सण्डीला में सीडीओ, तहसील सवायजपुर मे एडीएम वि0रा0, तहसील बिलग्राम में एडीएम न्यायिक, तहसील शहाबाद मे एसडीएम शहाबाद की अध्यक्षता में किया जायेगा। 17 जनवरी 2026 को तहसील बिलग्राम मे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता मे तथा तहसील सण्डीला में सीडीओ, तहसील सवायजपुर एडीएम वि0रा0, तहसील शहाबाद मे एडीएम न्यायिक, व तहसील सदर मे नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद हरदोई की अन्य तहसीलों मे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा नामित अधिकारियों की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा, जिसमे एएसपी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित तहसील ब्लाक, नगर पालिका/नगर पंचायत एवं थाना स्तरीय समस्त अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग लिया जाये।

## शाखा प्रबंधक ने दो बकायेदारों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद

एक बैंक से कर्ज लेने के बाद उसी जमीन पर दूसरे बैंक से पुनः कर्ज लेने के मामले में बैंक मैनेजर में दो बकायेदारों पर धोखाधड़ी का केस तरह दर्ज कराया है। यह केस अदालत के आदेश पर दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आर्यावर्त ग्रामीण बैंक मानपुर के शाखा प्रबंधक अभिषेक त्रिपाठी के अनुसार श्यामपाल एवं रामचंद्र पुत्रगण शहजादे निवासी मंसूर नगर पोस्ट मानपुर ने 11 सितंबर 2015 को अपनी भूमि बंधक रखकर कर दो लाख 90 हजार रुपए का कर्ज लिया था, जो वर्तमानमें 4,50,088 रूपये हो चुका है। जिसे अदा नहीं किया गया। 24 मई 2018 को उसी भूमि पर स्टेट बैंक की बावन शाखा से श्याम पाल द्वारा कर्ज ले लिया गया जबकि बंधक भूमि को नीलाम करने, बेचने का कर्ज की अदायगी तक कर्जदार को कोई हक नहीं होता है। शाखा प्रबंधक ने पिहानी थाने पर प्रार्थना पत्र लेकर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी करने का मुकदमा पंजीकृत करने की अपील की परंतु मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया।

तब उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर श्याम पाल और रामचंद्र के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक पिहानी ने बताया अदालत के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी गई।

## कार से टकराकर बाइक सवार घायल, अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के हरदोई मार्ग पर मिलन ढाबे के निकट तेज रफ्तार बाइक और कार की टक्कर हो गई जिससे तीन बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के तारा गांव निवासी लवकुश पुत्र सत्यकुमार अपने साथी बिरजू पुत्र चंदन तथा टड़ियावा के हेमराज के साथ शुक्रवार को शाम 4:30 बजे बाइक से शाहाबाद से जा रहे थे। जैसे ही मिलन ढाबे के पास पहुंचे। पीछे से आ रही वैगन आर कार से टक्कर हो गई जिससे तीनों घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। लव कुश चोट लगने से लहू लुहान हो गया। सभी घायल शराब के नशे में थे। घायलों का सीएचसी शाहबाद में इलाज चल रहा है।

# जिलाधिकारी ने जन सुनवाई मे सुनी 37 शिकायतें




जन एक्सप्रेस । हरदोई

कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। आज जन सुनवाई मे आज कुल 37 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षाविद शिवराज सिंह की 7वीं पुण्यतिथि पर कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन

जन एक्सप्रेस । हरदोई



मल्लावां क्षेत्र में शिक्षविद शिवराज सिंह की सातवीं पुण्यतिथि व भाई डॉ आलोक सिंह नीलू की पुण्यस्मृति में विशाल नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर, नि:शुल्क बीज वितरण, नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन, ट्राई साइकिल वितरण समेत कल्याणकारी कार्यक्रमो का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधायक की मां बिमला देवी के साथ चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम को शुरूआत कराई। कस्बे के जूनियर हाईस्कूल मैदान में शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशू के आयोजन पर दिव्य आलोक सेवा फाउंडेशन के बैनर तले जनकल्याणकारी कार्यक्रम में उनके स्व पिता शिवराज सिंह की सातवीं पुण्यतिथि व भाई स्व डॉ आलोक सिह नीलू की पूण्यस्मृति पर स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क हाई ब्रिड सब्जी का बीज वितरण, निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर, के साथ ही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमे स्वास्थ्य शिविर में लगाए गए स्टालो में न्यूरो से संबंधित, स्त्री रोग, बाल रोग, नाक कान गला रोग, दंत रोग, मधुमेह रोग, मानसिक रोग, पेट गैस रोग, समेत अन्य रोगों के रोगियों की जांच कर निशुल्क दवा वितरित की गई। विधानसभा सभा अध्यक्ष और वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने सयुक्त रूप से 42 निशक्तजनो को ट्राई साइकलों का वितरण किया। कार्यक्रम में आए किसानों को 10 हजार पैकेट निशुल्क हाइब्रिड सब्जी का बीज वितरण किया गया।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने आए हुए लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्व. शिवराज सिंह हमेशा ही समाज के प्रति समर्पित रहे है। उनकी शिक्षा और समर्पण से लोगो को नई दिशा मिली थी। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका परिवार बाबूजी के ही कदमो पर चल रहा है। बताया कि भाजपा सरकार मे 2017 से 81 मेडिकल कालेज स्थापित किए जा चुके है। उत्तर प्रदेश को क्षय रोग से मुक्त करने की मुहिम सरकार की ओर से चलाई जा रही है।

विधायक आशीष सिंह, आशू ने मौजूद लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता की ऊर्जा से ही यह सब सम्भव हो पाता है। क्षेत्र की जनता ही उनका परिवार है। विधायक की मां विमला देवी ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर सांसद अशोक रावत, प्रान्त प्रचारक कौशल, जिलापंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, डीएम अनुनय झा, एसपी अशोक मीणा, जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, उन्नाव पूर्व जिलाअध्यक्ष अवधेश कटियार ब्लाक प्रमुख डॉ गीता वर्मा, डॉ संजय सिंह, डॉ दियाँशूचंद्र रहे। कार्यक्रम का संचालन अमीकबीर ने किया।

# खिचड़ी मेले की तैयारियों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक

## नगर पंचायत चौक में अधिकारियों संग समीक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और स्वच्छता को प्राथमिकता देने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



खिचड़ी मेले के सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं भव्य आयोजन को लेकर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में नगर पंचायत चौक कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि खिचड़ी मेला जनपद की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है, इसलिए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने मेले में हेल्थ कैंप, खोया-पाया केंद्र, जूता-चप्पल घर, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निचलौल एवं महराजगंज मार्ग पर भव्य स्वागत द्वार लगाए जाने तथा पूरे मेला क्षेत्र को आकर्षक ढंग से सजाने के निर्देश दिए, जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को सकारात्मक और भव्य अनुभूति प्राप्त हो। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर पर्याप्त पार्किंग स्थलों की व्यवस्था करने तथा आपात स्थिति के लिए कम से कम दो पार्किंग स्थल रिजर्व रखने के निर्देश भी दिए गए।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर मेला क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा निचलौल एवं झंझनपुर मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू करने के निर्देश दिए गए। भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

स्वच्छता व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने मेला परिसर में तीन शिफ्ट में सफाईकर्मियों की तैनाती, पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरुष शौचालयों की व्यवस्था तथा उनकी नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

थ्वद्युत सुरक्षा के दृष्टिगत विद्युत खंभों पर आठ फीट तक इंसुलेशन कराने और मेला अवधि में 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने को कहा गया।

इसके साथ ही पूरे मेला परिसर में पीए सिस्टम लगाकर आवश्यक सूचनाओं, दिशा-निर्देशों एवं आपातकालीन घोषणाओं के प्रसारण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। एकीकृत कंट्रोल रूम स्थापित कर सीसीटीवी के माध्यम से पूरे मेला क्षेत्र की सतत निगरानी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से तय करने को कहा।

बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया और तहबाजारी एवं झूलों की स्थापना के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ, एसडीएम सदर श्री जितेंद्र कुमार, ईओ नगर पंचायत ओमप्रकाश यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिंदू सम्मेलन का भूमि पूजन संपन्न, निकली बाइक रैली

जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज



हिंदू समाज को संगठित करने और सनातन संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से पनियरा क्षेत्र के मिठौरा मंडल में 4 जनवरी को प्रस्तावित विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को शक्ति पीठ औसानी दरगाह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्यक्रम स्थल का भूमि पूजन संपन्न हुआ।

आयोजन समिति के महामंत्री ओमप्रकाश के नेतृत्व में आचार्यों ने विधि-विधान से पूजन कराया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने हिंदू एकता का संकल्प लिया।

भूमि पूजन के पश्चात भव्य मोटरसाइकिल जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में युवा और सनातन प्रेमी शामिल हुए। भगवा ध्वजों से सजी रैली मिठौरा मंडल के प्रमुख मार्गों से गुजरी और जय श्रीराम तथा संगठित हिंदू-समर्थ भारत के नारों से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। रैली का उद्देश्य आगामी सम्मेलन के लिए जन-जागरण करना रहा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष महंत त्यागी दास जी ने युवाओं का आभार जताते हुए अधिक से अधिक संख्या में 4 जनवरी को सुबह 11 बजे शक्ति पीठ औसानी दरगाह पहुंचने की अपील की। इस कार्यक्रम में रामचंद्र यादव, जीवेश मिश्रा, दीपक त्रिपाठी, मोहनलाल मौर्य, अशोक, जगदीश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस। ठूठीबारी/महराजगंज



सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत ठूठीबारी कोतवाली पुलिस प्रशासन एवं कस्बा स्थित राधा कुमार इंटर कॉलेज में संचालित नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सतर्कता का संदेश देना रहा।

शुक्रवार को रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य सड़क से कोतवाली होते हुए नो मैंस लैंड तक पहुंची। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि हेलमेट पहनें, सुरक्षित रहें, सीट बेल्ट लगाएं, तेज गति से न चलें और यातायात नियमों का पालन करें जैसे नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। वही कोतवाली के पुलिस कर्मियों ने भी राहगीरों और वाहन चालकों से नियमों का पालन करने की अपील की। कोतवाली प्रभारी नवनीत नागर ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों की भागीदारी से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और युवा वर्ग जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित होता है। इस दौरान कोतवाली के कोतवाली के उपनिरीक्षक जय नारायण सिंह, मनोहर यादव, निलेश पाण्डेय व विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत जाटव, संतोष कुमार कश्यप, प्रमोद कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर एक्ट का अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे, जेल

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले की थाना कंधई पुलिस ने शुक्रवार को गैंगस्टर एक्ट के अभियोग से संबंधित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध कंधई थाने में गौवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम के तहत पहले से भी दो मुकदमे दर्ज हैं। एसपी दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी सीओ पट्टी के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी कंधई सतेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में एसआई सुनील कुमार राय व उनकी पुलिस टीम ने थाना इलाके के चकमुबारकपुरगांव निवासी अनीस अहमद को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के कठार मोड़ किशुनगंज के समीप गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त पर जिले में हत्या का प्रयास, गौवध अधिनियम व गैंगस्टर जैसे गंभीर अपराध पंजीकृत है।

# एसपी ने आदेश कक्ष के सौंदर्यीकरण का किया उद्घाटन, विभागीय अभिलेखों की जांच

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़




जिले में शुक्रवार को एसपी दीपक भूकर ने पुलिस लाइन स्थित आदेश कक्ष के सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एसपी द्वारा नवनिर्मित एवं सौंदर्यीकृत आदेश कक्ष का अवलोकन किया गया तथा प्रशासनिक गतिविधियों को और अधिक सुव्यवस्थित, आधुनिक, प्रभावी एवं तकनीक-सुसज्जित बनाने की दिशा में किए गए कार्यों की सराहना की गई। एसपी ने कहा कि आदेश कक्ष किसी भी जनपद की पुलिस व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र होता है, जहाँ से प्रशासनिक नियंत्रण, दिशा-निर्देशन एवं समीक्षा कार्य संपादित किए जाते हैं। सौंदर्यीकरण एवं संरचनात्मक सुधार से न केवल कार्य-परिस्थितियाँ बेहतर होंगी, बल्कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यकुशलता, अनुशासन एवं समन्वय में भी सकारात्मक वृद्धि होगी। उद्घाटन के बाद एसपी दीपक भूकर ने पुलिस आदेश कक्ष में औपचारिक रिपोर्टिंग करते हुए विभागीय अभिलेखों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आदेश कक्ष को सदैव स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सक्रिय रखा जाए, ताकि जनपद में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं प्रशासनिक समन्वय को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। इस दौरान एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय, सीओ लाइन शिव नारायण वैस, प्रशिक्षु आईपीएस मो. आफताब आलम तथा प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार राय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कातिल बेटा: पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर हत्यारे बेटे को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़




जिले में शुक्रवार को स्वाट टीम व अंतू थाने की पुलिस ने बीते दिनों अंतू थाना इलाके के नरी गांव में हुए वृद्ध के ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए मृतक के बेटे को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि बीते रविवार की शाम थाना अन्तू इलाके के नरी गांव निवासी रामलखन अपने बेटे के साथ खेत में पानी लगाने गया था। कुछ देर बाद बेटा वापस आ गया लेकिन पिता रात भर घर वापस नहीं आया। सुबह परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद घर से कुछ दूर पर सरसों के खेत में रामलखन का शव मिला। इस संबंध में मृतक के बेटे की तहरीर के आधार पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की गहनता से छानबीन कर रही थी। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर गठित टीमें घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्यों, तकनीकी सूचनाओं व सीसीटीवी फुटेज के जरिये मामले के खुलासे में लगी हुई थी। एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अंतू आनन्द पाल सिंह व उनकी पुलिस टीम ने बाप के हत्यारे बेटे को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ करनी शुरू की तो वो टूट गया और सारी कहानी बयां कर दी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल एक चिरी हुई पुरानी लकड़ी का टुकड़ा भी बरामद किया जिससे उसने पिता की हत्या की थी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त उदयभान ने बताया कि उसने अपने पिता की हत्या खेत में एक चिरी हुई पुरानी लकड़ी से पिता के सिर पर जोरदार वार कर रविवार शाम साढ़े सात बजे की थी।

बताया कि मेरी माँ की मृत्यु के बाद मेरे पिता सौतेली माँ ले आया था और उसी के कहने में चलता था। पिता के आदतों से परेशान होकर मैंने हत्या कर दी। पिता के मोबाईल के सम्बन्ध में पूछने पर बताया कि हत्या कर उनका शव सरसों के खेत में छिपाकर वहाँ से मुख्य मार्ग से न आकर खेतो, खेतों से घर की तरफ जाते समय रास्ते में खेत में फेंक दिया था। फिलहाल पुलिस ने बाप के हत्यारे बेटे को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

## लूट, छिनैती व गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, जेल

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले की मानिकपुर थाने की पुलिस ने शुक्रवार को लूट, छिनैती, आर्म्स एक्ट एवं गैंगस्टर जैसे गंभीर मुकदमों के आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी मानिकपुर नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एसआई अचिन्त्य शुक्ला व उनकी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सतीश पटेल को थाना इलाके के चौरही ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त महेशगंज थाना क्षेत्र के महमदपुर चारपुरा गांव का निवासी है। सतीष पटेल के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में गम्भीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।

# एसपी ने ली परेड की सलामी पुलिसकर्मियों से लगवाई दौड़


जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने पुलिस लाइन में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी ली। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन व विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने के लिए निर्देशित किया गया। एसपी ने विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण करते हुए आदेश कक्ष में कर्मचारियों को उनके दायित्वों को समझाया गया। अभिलेखों का भी एसपी ने निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन, वर्दी की शुद्धता, शारीरिक दक्षता एवं समय की पाबंदी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रशिक्षण अवधि को आत्मविकास का सर्वोत्तम अवसर बताते हुए पुलिस सेवा में सत्यनिष्ठा, व्यवहार-कुशलता एवं जनता के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने हेतु प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने कंट्रोल रूम एवं 112 आपातकालीन सेवा कार्यालय का निरीक्षण कर कर्मियों की कार्यप्रणाली, अभिलेखीय व्यवस्था एवं प्रतिक्रिया तत्परता का अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निरंतर सतर्कता एवं त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय, सीओ लाइन शिवनारायण वैस, प्रशिक्षु आईपीएस मो. आफताब आलम एवं प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार राय उपस्थित रहे।

# पत्नी पर बनाया गर्भपात कराने का दबाव, पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जिले के जेठवारा थाना इलाके के एक गांव की युवती ने अपने पति पर गम्भीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। नगर कोतवाली देहात इलाके में किराये के मकान में रहने वाली एक युवती ने तहरीर देते हुए अपने पति पर आरोप लगाया है कि उसका पति जो आजमगढ़ जिले का रहने वाला है और टावर का काम करता है। दोनों ने बीते जुलाई माह में एक मंदिर में विवाह किया जिसके बाद दोनों साथ रह रहे हैं और महिला गर्भवती है। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने अपने पति से गर्भवती होने की बात बताई तो वह गर्भपात कराने के लिए दबाव बनाने लगा। आरोप है कि पीड़िता द्वारा गर्भपात कराने से इंकार करने पर पति उसे मारता पीटता है और बीमार होने पर दवा इलाज भी नहीं करवा रहा है। पीड़िता के अनुसार उसके माता पिता व भाई अत्यंत गरीब हैं जिस कारण मायके में भी उसका रहना सम्भव नही है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# माघ मेला–2026 : एएसपी व सीओ सिटी ने यातायात व पार्किंग व्यवस्था का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़

प्रयागराज माघ मेला 2026 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुगम यातायात को लेकर एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में जिले की पुलिस ने भी अपनी कमर कस ली है और पूरी तरह अलर्ट है। तैयारियों की समीक्षा करने निकले अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशांत राज हुड्डा शुक्रवार को प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग पर स्थित कोहड़ौर थाना पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी धनन्जय राय को निर्देशित करते हुए रुट डायवर्जन पर पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान भारी वाहनों के लिए चिन्हित किये गए पार्किंग स्थल का जायजा लिया। एएसपी ने थाना इलाके में राजमार्ग पर लगे कैमरों से सम्बंधित विस्तृत जानकारी ली। मालूम हो कि प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना रहता है। जिसके चलते जिले में यातायात संसाधनों, डायवर्जन, पार्किंग व्यवस्था, होल्डिंग एरिया समेत भीड़ प्रबंधन को लेकर पुलिस व प्रशासन की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। मेला अवधि के दौरान जनसामान्य की सुविधा, सुरक्षा, यातायात सुगमता तथा श्रद्धालुओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित किए जाने को लेकर जिले की पुलिस पूरी तरह तैयार है। एएसपी पूर्वी ने कहा कि पूरे मेले के साथ ही मुख्य स्नान पर्वों पर खास सतर्कता रहेगी। मेले में वाहनों का दबाव न बनने पाए, इसका ध्यान रखा जाए। महत्वपूर्ण प्वाइंट तय किए गये हैं। रूट डायवर्जन व बेहतर पार्किंग की व्यवस्था की गई है।



# मृत्युंजय महादेव धाम उमरछा में सस्वर सुंदरकांड प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस का पाचवां खंड सुंदरकांड केवल एक अध्याय नहीं, बल्कि जीवन की विषम परिस्थितियों में विजय प्राप्त करने का एक सफलता सूत्र है।
सुंदरकांड की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह भक्त हनुमान के पराक्रम, बुद्धि और समर्पण की गाथा है। जहाँ संपूर्ण मानस में भगवान राम की महिमा है, वहीं सुंदरकांड में राम जी ने स्वयं अपने भक्त की महिमा का बखान किया है। यह हमें सिखाता है कि अटूट विश्वास और शुद्ध संकल्प से समुद्र जैसी बाधाओं को भी पार किया जा सकता है।
उक्त बातें सुशील कुमार उपाध्याय भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जौनपुर ने मृत्युंजय महादेव धाम उमरछा में प्रत्येक माह, प्रदोष के दिन होने वाली सस्वर सुंदरकांड पाठ के आज के कार्यक्रम के समापन पर आयोजित सम्मान समारोह अवसर पर कही, उन्होंने आगे कहा कि मुझे बेहद प्रसन्नता है कि श्वेता प्रियांशी रामचरित मानस समिति, मलिकानपुर के कलाकारों ने अपनी मधुर और भक्तिपूर्ण प्रस्तुति से इस परिसर को साक्षात लंका दहन और राम-मिलन की अनुभूति करा दी है। आपकी कला और भक्ति का संगम प्रशंसनीय है। अंत में, मैं यही प्रार्थना करता हूँ कि बजरंगबली हम सभी के जीवन के शोक और बाधाओं का अंत करें और समाज में सुख-शांति का संचार करें।
इस भव्य अनुष्ठान की शुरूआत पंडित हीरामणी उपाध्याय जी के कुशल सानिध्य और वैदिक रीति-विधान से यजमान शेषनाथ शुक्ल जी एवं उनकी धर्मपत्नी द्वारा पूजा पाठ से किया, उपस्थित दर्शकों के साथ-साथ निर्णायक मंडल के सदस्य ललित शुक्ल, कैलाश नाथ शुक्ल और सतीश कुमार उपाध्याय ने अपने निर्णय को बंद लिफाफे में सुरक्षित रखा।
जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने कहा कि सुंदरकांड रामचरित मानस का हिस्सा है जो बजरंगबली हनुमानजी को समर्पित है। हिंदू धर्म में रामचरितमानस का विशेष महत्व है, और उसके सुंदरकांड अध्याय को अत्यंत शुभ और शक्तिशाली माना जाता है। सुंदरकांड श्रीराम कथा का वह भाग है जिसमें भगवान हनुमान की वीरता, भक्ति और बुद्धिमत्ता का अद्भुत वर्णन है। इस पाठ को नियमित रूप से पढ़ने से जीवन में कई प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं आध्यात्मिक, मानसिक, भावनात्मक और भौतिक रूप से। सुंदरकांड का पाठ करने से व्यक्ति का साढ़ेसाती और ढैय्या का प्रभाव भी कम हो जाता है।
निर्णायक मंडल के सदस्य सतीश कुमार उपाध्याय के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित राजकृष्ण शर्मा, आशीष शुक्ल, सुधांशु सिंह, परविंदर चौहान, रोहित सिंह, इंद्रसेन सिंह, घनश्याम यादव, देवेंद्र सिंह, राजकुमार उपाध्याय, ईश नारायण उपाध्याय, सुरेंद्र मिश्रा, महेंद्र उपाध्याय, अच्छे लाल पांडेय, संजय सिंह, बैजनाथ सिंह को स्मृति चिह्न और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।
कार्यक्रम के आयोजक सुशील कुमार उपाध्याय ने सस्वर सुन्दरकाण्ड प्रतियोगिता के प्रतिभागीगण कु श्वेता यादव, कु प्रियांशी यादव, नितिन तिवारी, श्रवण तिवारी, आर पी सरोज और अवधेश यादव को अंग वस्त्र और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में रामायण और हनुमान जी की आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे प्रभाकर, पद्माकर, सुरेश उपाध्याय, अरुण उपाध्याय, देवेश कुमार उपाध्याय, राकेश शुक्ल, सन्तोष उपाध्याय, प्रेमा सिंह, अशोक, संतोष सिंह, राजेश, जयशंकर शुक्ल, संतोष शुक्ल ढोलन, अरविंद, सूरज, दीनानाथ, अनिल, विकास, और रमेश निषाद सहित सैकड़ों महिला पुरुष भक्त जन उपस्थित रहे।

## पुलिस की कार्रवाई में बदमाश घायल, एक पुलिसकर्मी जख्मी

जन एक्सप्रेस। बरेली। थाना इज्जतनगर पुलिस की शुक्रवार सुबह बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक शातिर अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया, जबकि एक पुलिसकर्मी जख्मी हुआ है। मुठभेड़ में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस के अनुसार दो जनवरी 2026 को सुबह करीब पौने आठ बजे थाना इज्जतनगर पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग और वांछित अपराधियों की तलाश में ग्राम मुड़िया अहमदनगर से सैदपुर चुन्नीलाल मार्ग पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान सैदपुर बाग पुलिस बूथ से करीब सौ मीटर पहले एक स्कूटी पर सवार दो संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने पीछा किया। आगे जाकर स्कूटी सवार दोनों व्यक्ति गिर पड़े। खुद को घिरता देख एक बदमाश ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी, जिससे हेड कांस्टेबल धनीश सक्सेना घायल हो गए। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया। दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान फैजान पुत्र हसनैन 22 वर्ष निवासी मोहल्ला कस्सावान, थाना फरीदपुर, जनपद बरेली के रूप में हुई। उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, 270 रुपये नकद और एक स्कूटी बरामद की गई।

# बबरखा ग्राम पंचायत में उचित दर दुकान आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उपजिलाधिकारी सदर ने बताया कि तहसील सदर के विकास खंड करंजाकला अंतर्गत ग्राम पंचायत बबरखा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित होने वाली उचित दर दुकान वर्तमान में रिक्त है। उक्त दुकान के आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह दुकान आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए वर्टिकल आरक्षण के अंतर्गत निर्धारित है।
उपजिलाधिकारी ने बताया कि आवेदक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल या समकक्ष होनी चाहिए तथा आयु 21 वर्ष से अधिक हो। अभ्यर्थी के बैंक खाते में कम से कम 40 हजार रुपये उपलब्ध होना अनिवार्य है, जिससे वह एक माह का खाद्यान्न एक साथ उठा सके। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदक स्थानीय निवासी हो और परिवार के किसी सदस्य के नाम कोई अन्य उचित दर दुकान आवंटित न हो।
आवेदन के साथ जिला पूर्ति अधिकारी के पक्ष में एक हजार रुपये की अर्नेस्ट मनी बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करनी होगी। दुकान आवंटन की स्थिति में 10 हजार रुपये की प्रतिभूति राशि तथा 100 रुपये का नॉन-ज्यूडिशियल स्टांप देना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी या उसके परिवार के किसी सदस्य के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला दर्ज न हो तथा पूर्व में अनियमितता के कारण दुकान निरस्त न हुई हो।
उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्राम प्रधान अथवा उनके परिवार के सदस्यों के पक्ष में दुकान का आवंटन नहीं किया जाएगा।
इच्छुक अभ्यर्थी 1 जनवरी से 8 जनवरी 2026 तक किसी भी कार्यदिवस में तहसील सदर स्थित आपूर्ति कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर 15 जनवरी 2026 की सायं 5 बजे तक पूर्ण अभिलेखों सहित जमा कर सकते हैं। आवेदनों की जांच 16 जनवरी को की जाएगी तथा पात्र अभ्यर्थियों के मध्य 17 जनवरी 2026 को दोपहर 2 बजे तहसील सदर कार्यालय में लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा।

# शहर की धड़कन पर कीचड़ का कब्ज़ा, चहारसू सद्भावना पुल मार्ग बना जनसंकट

**संबंधित विभागों से मांग है कि**

- इस सड़क की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए
- तत्काल जलनिकासी, सड़क की मरम्मत और सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था
- जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए
- ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

**सवाल पूछना ज़रूरी है**

- क्योंकि यह सिर्फ सड़क नहीं, लोगों की जान का मामला है



**सबसे बड़ा सवाल यह है कि**

- जब इसी रास्ते से जनपद के तमाम नेता और अधिकारी रोज़ाना गुजरते हैं
- तो फिर महीनों से इस बदहाल सड़क पर किसी जिम्मेदार की नज़र क्यों नहीं पड़ रही?
- क्या किसी बड़े हादसे का इंतज़ार किया जा रहा है?
- क्या आम जनता की परेशानी अब व्यवस्था के लिए मायने नहीं रखती?

**यह सड़क कोई गली**

**मोहल्ले की नहीं, बल्कि शहर की चुनिंदा अतिव्यस्त सड़कों में से एक है। इसके बावजूद न मरम्मत, न जलनिकासी, न ही कोई स्थायी समाधान।**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शहर के हृदय स्थल चहारसू चौराहे से सद्भावना पुल* की ओर जाने वाला मार्ग आज बदहाली का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है।
यह वही सड़क है जहाँ दिनभर हज़ारों लोग छोटे व्यापारी, महिलाएं, बच्चे और बुज़ुर्ग आवाजाही करते हैं। सड़क के दोनों किनारों पर खाने-पीने की दुकानें हैं, ट्रैफिक का दबाव है, लेकिन रोड के बीचों-बीच भरा कीचड़ और गंदा पानी कभी भी किसी बड़े हादसे को दावत दे रहा है। बारिश हो या न हो, सड़क पर जमा कीचड़ और फिसलन भरा पानी आए दिन एक्सीडेंट का कारण बन रहा है। दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं, पैदल चलना मुश्किल हो गया है, और दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।

# खम्हरिया में हिन्दू सम्मेलन आयोजित

जन एक्सप्रेस। बस्ती



हरैया। तहसील क्षेत्र के विक्रमजोत विकास खंड के खम्हरिया में हिंदू सम्मेलन का आयोजन गुरुवार को किया गया। आयोजन को कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ओपी सिंह पूज्य संत वैदेही वल्लभ महराज बल्लभ कुंज धाम व पूज्य संत हरिहर दास अयोध्या के साथ मुख्य वक्ता नवल अखिल भारतीय सह गौ सेवा ने संबोधित किया। कहा कि भारत लम्बे समय तक आजाद देश रहे इस लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की गई। संपूर्ण हिन्दू समाज को एक होना पड़ेगा। जब तक हिन्दू समाज एक नहीं होगा भारत विश्व गुरु नहीं बन सकता। पंच परिवर्तन पर कहा की सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्वदेशी वस्तु का उपयोग करना चाहिए, नागरिक कर्तव्य के अंतर्गत आयोजन में वर्ष 1963 में 3000 स्वयंसेवकों को दिल्ली परेड में बुलाया गया था। जिसके बाद श्री राम जन्मभूमि के लिए संघर्ष किया गया। आज अनेक प्रकार के कार्य हिन्दू समाज में कर रहा है। वेश व भाषा का जीवन में बहुत असर होता है, हमें अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। इस अवसर पर जिला प्रचारक राघवेन्द्र, अखिलेश सिंह मोनू, विकास सिंह, धनप्राप्त वर्मा, नरेश भट्ट, स्वर्णदीप, रामनिहोर, प्रमोद, अजय सिंह, केके सिंह, रितेश सिंह राहुल, रामलौट, शैलेश, प्रमोद, महेन्द्र सिंह, आनन्द सिंह, बलराम सिंह, सन्तोष भरत, रमेश सत्येन्द्र चन्द्र मणि, अमित वर्मा, लकी राम स्वार्थ आदि उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची में मनमानी का आरोप: सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बस्ती



दुबौलिया विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रानीपुर लाद के नागरिकों ने कृष्ण प्रताप सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि मतदाता सूची को शुद्ध कराया जाय। पत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायत रानीपुर लाद की पंचायत निर्वाचक सूची तैयार करने में बीएलओ द्वारा घोर अनियमितता बरती गयी है। जो मतदाता गांव में रहते है उनका भी लगभग 400 लोगों का नाम मतदाता सूची से काटा गया है तथा जो मतदातां वयस्क है परन्तु बीएलओ के पक्ष में नहीं रहते है उनका भी नाम मतदाता सूची से काटा गया है। बीएलओ प्रधान प्रतिनिधि के सगे पट्टीदार है इस कारण से वे मनमानी कर रहे हैं। मांग किया कि मतदाता सूची में पात्र लोगों का नाम कटने न पाये।
ज्ञापन देने वालों में भानु प्रताप सिंह, विपुल कुमार सिंह, अभिनव सिंह, आनन्द सिंह, माधुरी सिंह, ध्रुपराज, हरिबख्श सिंह, अभिषेक कुमार, रवि प्रकाश सिंह, शंकर सिंह, अमर मौर्य, अजय सिंह, भगवत सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान राकेश सिंह, अंशुल सिंह, अंजू सिंह, अंकित प्रताप सिंह, राकेश सिंह, सोनू सिंह, विजय सिंह, मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

# एनएच व बाईपास निर्माण की प्रगति को लेकर डीएम की सख्ती

## लंबित मुआवजा तत्काल देने के निर्देश



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) एवं बाईपास निर्माण से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा वितरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई।
जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन किसानों को भूमि अधिग्रहण के सापेक्ष मुआवजा राशि का भुगतान अभी अवशेष है अथवा जिन प्रकरणों में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न हो रहा है, उनका त्वरित गति से निस्तारण करते हुए शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप एनएच और बाईपास निर्माण कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराना प्राथमिकता है।
डीएम ने दो टूक कहा कि मुआवजा वितरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि इस कार्य में किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसकी जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, उप जिलाधिकारी केराकत, उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं सहित संबंधित तहसीलों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं लेखपाल उपस्थित रहे।

## राह चलती महिलाओं पर फब्तियां कसने वाला मनचला गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

खुटहन 2 जनवरी पुलिस ने शुक्रवार को सब्जी मंडी के पास से आ-जा रही राह चलती महिलाओं पर फब्तियां कस कर रहे शोहदे को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया सुराग मिला कि जिला मुख्यालय मार्ग के सब्जी मंडी के पास खड़ा युवक आने-जाने वाली महिलाओं व युवतियों पर अश्लील फब्तियां कसने के साथ ही छेड़खानी कर रहा है। एंटी रोमियो दस्ते के एसआइ अशोक कुमार ने कांस्टेबल मैनुद्दीन अंसारी,रवि कुमार व महिला आरक्षी पूनम कुमारी के साथ पहुंचक गभिरन गांव निवासी आरोपित ऋषि मौर्या को गिरफ्तार कर लिया। छेड़खानी की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपित का चालान कर दिया।

# डीआईजी ने थाना लालगंज का किया औचक निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

जन एक्सप्रेस। बस्ती



पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी द्वारा शुक्रवार को थाना लालगंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
निरीक्षण के दौरान डीआईजी बस्ती ने थाना कार्यालय, मालखाना, साइबर हेल्पडेस्क, मिशन शक्ति केंद्र, सीसीटीएनएस कार्यालय, बंदीगृह एवं थाना परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना अभिलेखों की जांच करते हुए सभी पंजिकाओं को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए।
डीआईजी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि थाना परिसर एवं कार्यालय की नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जाए तथा लंबित विवेचनाओं और न्यायालय से संबंधित लंबित आदेशों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।
साथ ही थाना परिसर में खड़े माल मुकदमाती, लावारिस एवं जब्त वाहनों का ऑपरेशन क्लीन के तहत शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश भी दिए गए।
निरीक्षण के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिसकर्मियों को जनसुनवाई में संवेदनशीलता बरतने, पीड़ितों की समस्याएं गंभीरता से सुनने तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।
इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना लालगंज संजय कुमार सहित थाना स्तर के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# दूसरों की मदद करने से होता है पुण्य लाभ: जिला अधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे, इसके लिए हम सदैव प्रयत्नशील रहते है। सरकार के साथ-साथ समाज के अन्य लोग भी विशेषकर पत्रकार बंधु भी ऐसे कार्यों में लग जाये तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। उक्त उद्गार जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने जौनपुर पत्रकार संघ द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किया। उन्होंने कहाकि ऐसे कार्यों से दूसरे की सहायता हो जाती है और पुण्य मिलता है। उन्होंने जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम को उनके जन्मदिन पर बधाई भी दी आगन्तुकों का अभिवादन करते हुए जौनपुर पत्रकार संघ के संरक्षक ओमप्रकाश सिंह ने जिलाधिकारी की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहाकि जिलाधिकारी अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते ही है वे देर रात तक ग्रामीणांचलों में भ्रमण करते हुए लोगों का दुख दर्द दूर करने का प्रयास करते हैं कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके किया अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं शाल देकर सम्मानित किया गया प्रदीप सिंह सफायर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ मधुकर तिवारी तथा आभार ज्ञापन शशिमोहन सिंह क्षेम ने किया उक्त अवसर पर लोलारख दूबे, रामदयाल द्विवेदी, शशिराज सिन्हा, डॉ भारतेन्दु मिश्रा, अनिल पांडेय, अमित सिंह, एकलाख खान, रामश्रृंगार शुक्ल, राजीव पाठक, चन्द्रप्रकाश जेपी मौर्या, राजेश मौर्या, विनोद विश्वकर्मा, जेड हुसैन बाबू, अजीत सिंह, सभाषद रूपा गुप्ता, दयाशंकर सिंह, शशिशेखर सिंह, देवांश सिंह, शिवम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## आम जनता पार्टी सोशलिस्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश चौहान का मनाया गया जन्मदिन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। आम जनता पार्टी सोशलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान का 45वां जन्मदिन गुरूवार को जफराबाद स्थित एक मैरेज लॉन में धूमधाम के साथ मनाया गया। जिलाध्यक्ष सूरज कुमार चौहान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने केक काटकर उनके दीर्घायु की कामना किया। तत्पश्चात एक दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर जोगेन्द्र चौहान, अमेरिकन चौहान, अनिल कुमार, छोटेलाल, दिनेश कुमार, अरविन्द, ब्रजलाल मास्टर, चन्द्रभूषण, प्रेम चौहान, अजय चौहान समेत तमाम पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे मिला अज्ञात अधेड़ का शव



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा**



जौनपुर शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के ताखा पूरब गांव स्थित मैदा मिल के समीप एक व्यक्ति सड़क के किनारे पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय लायें। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का शिनाख्त का प्रयास कर रही है।
क्षेत्र के ताखा पूरब गांव स्थित मैदा मिल के समीप शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को सड़क के किनारे अचेतावस्था पड़ा हुआ देख कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। चिकित्सकों का कहना है कि ठंड से मौत हुई है। लेकिन मृतक का शिनाख्त नहीं हो सका है। मृतक लाल काला जैकट, काला इनर, कथई स्वेटर, बादामी मफलर पहन रखा है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनाने के निर्देश, 'सोलर गांव' विकसित करने पर डीएम का जोर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायकों के साथ बैठक कर शासन की प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।
बैठक में उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शेष पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनाए जाने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रह जाए।
जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पंजीकरण कराए जाएं। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे स्वयं अपने-अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित कर आमजन को प्रेरित करें। साथ ही प्रत्येक ग्राम को सोलर गांव के रूप में विकसित करने का आह्वान किया।
डीएम ने कहा कि जो ग्राम प्रधान प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करेंगे, उनके नाम माननीय प्रधानमंत्री से पुरस्कृत किए जाने हेतु संस्तुत किए जाएंगे।
उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया,
जिला पंचायत राज अधिकारी नवीन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चालकों की संवेदीकरण कार्यशाला सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




जिलाधिकारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के द्वितीय दिवस पर बस, ट्रक, ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, टैम्पो व टैक्सी चालकों तथा यूनियन पदाधिकारियों के साथ जीरो फैटेलिटी के उद्देश्य से संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में किया गया।

आयोजित कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) देवेन्द्र सिंह ने निर्देशित किया कि सभी वाहन चालक यात्रियों के साथ शालीन एवं सभ्य व्यवहार सुनिश्चित करें। यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत प्रत्येक वाहन पर किराया सूची अनिवार्य रूप से चस्पा की जाए तथा निर्धारित दरों के अनुसार ही किराया वसूला जाए। उन्होंने वाहन सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक वाहन में प्राथमिकी उपचार किट, अग्निशमन यंत्र रखने एवं उनकी नियमित जांच कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने यूनियन पदाधिकारियों को पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित कर निर्धारित स्थलों पर ही वाहनों के खड़े होने एवं पार्किंग स्थलों के चयन को सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी चालकों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कदापि न करें, नशे की अवस्था में वाहन न चलाएं तथा निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं। शहर एवं हाईवे पर वाहनों का संचालन केवल निर्धारित गति सीमा में ही होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक रूट के लिए अलग-अलग कोड नंबर लागू किए जाएं। जो वाहन जिस रूट के लिए निर्धारित है, उसी रूट पर संचालित हो। अन्य रूट पर सवारी बैठाते पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सभी चालक अपने-अपने निर्धारित स्टैंड से ही सवारियां बैठाएं।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि समस्त विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई जाए। साथ ही प्रतिदिन सभी संबंधित विभाग सड़क सुरक्षा के अंतर्गत किए गए कार्यों की सूचना एआरटीओ को उपलब्ध कराएं, ताकि जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा एवं औचक निरीक्षण किया जा सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि रोडवेज बसों में म्यूजिक सिस्टम के माध्यम से यात्रियों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाए। ऑटो व ई-रिक्शा चालकों को चेतावनी देते हुए कहा गया कि सवारी वाहनों को माल वाहन के रूप में प्रयोग न किया जाए, उल्लंघन की स्थिति में संबंधित चालक के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करते हुए वाहन का पंजीकरण निरस्त किया जाएगा। बैठक में 50 ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया। उन्होंने एआरएम रोडवेज को सभी रोडवेज बसों में रिफ्लेक्टर लगवाने हेतु निर्देशित किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि जनपद में 102 की 23, 108 की 24 तथा एएलएसएस की 6 एम्बुलेंस संचालित हैं। सभी सरकारी चिकित्सालयों में समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं, जहां वाहन चालक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करा सकते हैं।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुश्री इज्या तिवारी सहित संबंधित अधिकारी एवं वाहन चालक उपस्थित रहे।

# जिले के धार्मिक पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्धार की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जनपद कन्नौज में धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास और सौन्दर्यीकरण के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें।जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कहा है कि प्रदेश सरकार धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। जनपद के प्राचीन उधालक ऋषि आश्रम का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत यात्री विश्राम गृह, शौचालय, इंटरलॉकिंग पाथ-वे, स्टोन बेंच, स्टोन डस्टबिन, साइनेज तथा सोलर लाइट की व्यवस्था कराया जाना प्रस्तावित है। बैठक में जिलाधिकारी ने आश्रम में इंटरलॉकिंग हेतु क्रिटिकल गैप धनराशि जारी करने का निर्णय लिया। जानकारी दी गई कि आश्रम में सौन्दर्यीकरण का कार्य लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है।

इसी कड़ी में विकास खण्ड छिबरामऊ में स्थित बजरंगबली मंदिर के कराए जा रहे विकास कार्य की गहनता से समीक्षा की गई। इसमें यात्री विश्राम गृह, शौचालय, इंटरलॉकिंग पथ, स्टोन बेंच, स्टोन डस्टबिन, साइनेज, स्वागत द्वार एवं सोलर लाइट की व्यवस्था शामिल है, जिसमें जानकारी दी गई कि यात्री शेड के स्लैब का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य प्रगति पर है। विकास खण्ड उमर्दा के तिर्वा में स्थित माता अन्नपूर्णा देवी मंदिर में सौन्दर्यीकरण के कार्य में यात्री विश्राम गृह, स्टोन बेंच, स्टोन डस्टबिन एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य प्रस्तावित है। जानकारी दी गई कि वर्तमान में मंदिर परिसर में इंटरलॉकिंग एवं कोटा स्टोन का कार्य प्रगति पर है। विकास खण्ड कन्नौज में स्थित माँ फूलमती देवी मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्य की समीक्षा में जानकारी दी गई कि यात्री विश्राम गृह, बेंच, सोलर लाइट, चबूतरा एवं यज्ञशाला के सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जाना शामिल है। यात्री शेड के स्लैब का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी ने कहा है कि इन सभी कार्यों का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाएं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कहा है कि इन सभी कार्यों के पूर्ण होने से धार्मिक स्थलों की गरिमा में वृद्धि होगी तथा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण प्राप्त होगा।

# इत्र पार्क में संयुक्त विभागीय बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



इत्र पार्क ठठिया में उद्योग स्थापना की समस्याओं के समाधान हेतु संयुक्त विभागीय कैंप आयोजित हुई।

इत्र पार्क ठठिया, कन्नौज में उद्योग स्थापना हेतु भूखंड आवंटियों को आ रही विभिन्न समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देशन में विद्युत विभाग, जल निगम एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) सहित संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की उपस्थिति में उद्यमियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। जल निगम द्वारा कुल 27 पेयजल कनेक्शन जारी किए गए। विद्युत विभाग द्वारा एक इकाई को तत्काल विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया, जबकि एक अन्य इकाई में विद्युत स्थापना का कार्य पूर्ण कराया गया।

वहीं, कैंप में उपस्थित एचपीसीएल के अधिकारियों द्वारा 15 भूखंड आवंटियों के गैस डिमांड फार्म भरवाकर अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित किए गए।

जिलाधिकारी ने सभी उद्यमी भूखंड आवंटियों को आश्वस्त किया कि उद्योग स्थापना की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी तथा प्रशासन द्वारा उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि उद्यमियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर आरएम यूपीसीडा आशीष नाथ, डीजीएम यूपीसीडा शशिल यादव, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, इत्र एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी, महामंत्री प्रखर कपूर सहित प्रखंड मिश्रा, संजय कुमार, गौतम शुक्ला एवं अन्य उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# नववर्ष के उपलक्ष्य मे हैदराबाद थानाध्यक्ष की अगुवाई मे रोपे गये पौधे

## शाम को चाय व पकौडी की दावत के साथ मनाया गया नववर्ष

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



नववर्ष के उपलक्ष्य मे यानि की ऐक जनवरी दो हजार छब्बीस की अल सुवह हैदराबाद थाना परिसर मे थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक की अगुवाई मे समस्त थाना स्टाफ ने थाना मे हरे भरे फलदाई व औषधीय पौधों का रोपण कर हरियाली का संदेश दिया है।

इस दौरान हैदराबाद थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने बताया कि हमारे चारो चरफ प्रदूषण आये दिन बढ रहा है गर्मियो मे पारा 40 सेल्सियस के पार हो जाता है। इस लिये हम सब की जुमामेदारी है,

ऐक वृक्ष अपनी मां के नाम, जे जूडकर ऐक वृक्ष हमेशा आपने जीवन काल मे लगाये व ऊसकी सुरक्षा भी करे।

इसके साथ ही हैदराबाद थानाध्यक्ष ने नव वर्ष के आगमन के चलते सभी पत्रकार साथियो के साथ मिलकर गरामा गरम चाय के साथ पकौडियो का निस्ता भी कराया गया। इस अवसर पर एस एस आई संत पाल सिंह राठौर उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, हेमंत कटियार, विनोद मिश्र, खेमेन्द्र सिह,सहित तमाम पुलिस व महिला आरक्षी मौजूद रही।

# नववर्ष के उपलक्ष्य मे ग्लोबल इंटर कॉलेज मे सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन



जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

नव वर्ष के अवसर पर ग्लोबल इंटर कॉलेज में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमो के समापन समारोह पर नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की पूर्व पालिका अध्यक्ष ने समापन कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर पूजन करके फीता काट कर किया। विशिष्ट अतिथि आलोक तिवारी शैलेन्द्र सक्सेना अशोक कनौजिया सिम्पी चौधरी अनुज खरे संदीप प्रजापति राजेश वर्मा अरुण शर्मा उपस्थित रहे। पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षीअग्रवाल नेअपने संबोधन में कहा किनववर्ष के अवसर पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम अत्यन्त सराहनीय है और उन्होंने विद्यालय परिवारके प्रति आभार व्यक्त किया।

और पालिका अध्यक्ष ने आयोजित बाल मेलाका अवलोकन किया और विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमके प्रस्तुती करण की प्रशंसा कीऔर पूर्व पालिका अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक अवधेश वर्मा ने मुख्य अतिथि पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया औरमुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का कार्यकर्म में सहभागिता करने के लिए आभार प्रकट किया कार्यक्रम का सफल संचालन महेंद्र वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज वर्मा सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं सहित गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे।

# अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

शेखनपुरवा निवासी दीपक त्रिपाठी पुत्र उषा संजय त्रिपाठी का मिनिस्ट्री ऑफ़ कोमर्स एंड इंडस्ट्री मे यूपीएससी के माध्यम से आई टी पी ओ मे चयन के बाद लखीमपुर पुनः पधारें,श्री हरि चरण सेवा संस्थान के सदस्य आनंद अग्निहोत्री विशेष पांडे सत्य प्रकाश तिवारी शशांक पांडे प्रथम बाजपेई घनश्याम सिंह बहादुर, और और भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री लखीमपुर नगर मनीष मिश्र मानू ने अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया दीपक त्रिपाठी के चयन ने हजारों लाखों युवाओं को प्रेरणा दी है दीपक ने बताया कि अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य और हम इसके लिए कृत संकल्प हैं मनीष मिश्रा ने दीपक के भविष्य के उज्जवल की कामना की एबीवीपी की प्रान्त सहमंत्री लक्ष्मी पांडे विभाग संयोजक अजय पांडे जिला सहसंयोजक शौम्य, बेहजम से मनीष सिंह, प्रयास के अध्यक्ष डॉ रामेश्वर माहेश्वरी जी सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे, दीपक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता गुरुजन और इष्ट मित्रो को दिया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सौ शैय्या अस्पताल में बिना सर्जन ऑपरेशन

जन एक्सप्रेस। कन्नौज। सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय छिबरामऊ में बिना सर्जन की उपस्थिति में महिला का ऑपरेशन किए जाने से संबंधित वायरल समाचार का जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। वायरल वीडियो/खबर में एनेस्थेटिक की मौजूदगी में दो स्टाफ नर्सों एवं एक बाहरी युवक द्वारा ऑपरेशन किए जाने का दृश्य सामने आया है, जिसे अत्यंत गंभीर लापरवाही मानते हुए तत्काल जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी के आदेश पर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गहन जांच हेतु तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। गठित जांच समिति में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी छिबरामऊ एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ को सदस्य नामित किया गया है। जांच समिति द्वारा उक्त प्रकरण की समस्त तथ्यों के आधार पर गहनता से जांच कर यथाशीघ्र सुस्पष्ट जांच आख्या प्रस्तुत की जाएगी। यदि जांच के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही, नियमों का उल्लंघन अथवा अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई से जिलाधिकारी को अवगत कराया जाएगा।

### अब 6 को होगा ड्राफ्ट मतदाता सूचियों का प्रकाशन

जन एक्सप्रेस। कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 06 जनवरी 2026 को किया जाएगा। मतदाताओं से दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित है। इसी अवधि के साथ-साथ 06 जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस जारी करने, सुनवाई एवं सत्यापन, गणना प्रपत्रों पर निर्णय तथा दावे एवं आपत्तियों का ईआरओ द्वारा निस्तारण की कार्यवाही संपादित की जाएगी। इसके उपरांत निर्वाचक नामावलियों की शुद्धता के मापदण्डों की जांच कर 03 मार्च 2026 तक आयोग से अंतिम प्रकाशन की अनुमति प्राप्त की जाएगी तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 को किया जाएगा।

### भाजपा उपाध्यक्ष ने मंत्री को दी नववर्ष की शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। शुक्रवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण ने प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के नई सड़क स्थित आवास पर पहुंच करके उनको नये वर्ष की बधाई दी। इस मौके पर बोलते हुए सतीश शर्मा ने कहा कि नये साल में नई योजनाओं को साथ में ले करके क्षेत्र में जायें और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को भी जन-जन तक पहुंचाये। श्री शर्मा ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार ने जितनी भी योजनाएं चलायी हैं सभी योजनाओं का लाभ पूरे प्रदेश की गरीब जनता उठा रही है। उन्होने यह भी कहा कि आज समय नये साल के जश्न का नही है भीषण ठण्डी पड़ रही है इसलिए हर कार्यकर्ता क्षेत्र में जा करके गरीबों की समस्याएं सुने और उनके सुख दुख में शामिल हो। अगर कहीं कोई बात हो तो मुझसे सम्पर्क करे गरीबों की समस्याओं का निदान किया जायेगा। श्री शर्मा ने जनपद के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में हर स्थानों पर अलाव की व्यवस्था जरुर करवायें। अगर कहीं शिकायत मिली तो सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सदभाव मण्डप में राज्यमंत्री ने बांटे कम्बल

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शुक्रवार को महमूदाबाद के सद्भाव मंडप में तहसील प्रशासन द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम में एक हजार गरीबों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार लगातार गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार गरीबों को निशुल्क राशन, आवास, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड से नि:शुल्क इलाज और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी विभिन्न योजनाएं प्रदान कर रही है, जिससे देश विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा का तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा, खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार अन्नू सिंह और दिनेश पांडे ने बुके भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर विरौली ग्राम प्रधान अनिल वर्मा सहित कई भाजपा पदाधिकारी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# अनिवार्य रूप से वर्दी व पहचान पत्र के साथ दिखें स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व कर्मचारी : डीएम

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व स्टाफ को कार्य स्थल पर ड्रेस व पहचान पत्र के साथ अनिवार्य रूप से रहना होगा। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में यूविन पोर्टल के संबंध में आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने यूविन पोर्टल पर वि0ख0 गुगरापुर की फीडिंग की प्रगति खराब पाए जाने पर पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यूविन पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की फीडिंग शत-प्रतिशत होनी चाहिए। उन्होनें मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद के किसी भी चिकित्सालय के डाक्टर व स्टाफ बिना ड्रेस व पहचान पत्र के नहीं होना चाहिए, 07 दिवस के अन्दर यह सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होनें स्पष्ट कहा है कि चिकित्सक व कर्मचारी पहचान पत्र व वर्दी में दिखने चाहिए।

जिससे आसानी से पता चल सके कि स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व कर्मचारी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 स्वदेश गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# झूठी सूचनाएं देकर पुलिस को न करें गुमराह : साकेन्द्र वर्मा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

फतेहपुर। नगर क्षेत्र स्थित सरदार पटेल पार्क में ग्राम प्रहरी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सेवा और समर्पण का भव्य संगम देखने को मिला। इस सम्मान समारोह में विधायक व एसडीएम की उपस्थिति ने कार्यक्रम को उत्सव में बदल दिया। इस कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने के लिए विधायक ने क्षेत्र से आये बड़ी संख्या में ग्राम प्रहरियों को कंबल वितरित किए गए। शुक्रवार को सरदार पटेल पार्क में ग्राम प्रहरी सम्मान समारोह का आयोजन विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान विधायक ने 350 ग्राम प्रहरियों को कंबल वितरित किए। कंबल पाकर ग्राम प्रहरियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा, ग्राम प्रहरियों की भूमिका खासकर गांव क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण होती है। प्रत्येक सूक्ष्म से सूक्ष्म गतिविधि की जानकारी पुलिस प्रशासन को भेजकर अनेक घटनाओं को वो रोकने का काम करते हैं। ग्राम प्रहरियों को चाहिए पुलिस प्रशासन के सबसे भरोसेमंद साथी होने के नाते उन्हें कभी भी ग़लत व झूठी सूचना न दे। क्योंकि सूचना के आधार पर ही पुलिस प्रशासन कानूनी कार्रवाई करता हैं। उन्होंने आगे कहा अगर किसी ग्राम प्रहरी के गांव में कोई बाहरी व्यक्ति व संदिग्ध रूप से झोपड़ी बनाकर रहने लगा है। तो उसकी समय रहते पहचान कर पुलिस को सूचना देना अति आवश्यक है। ताकि ऐसे अराजक तत्वों को बाहर निकाला जा सके और देश व प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत किया जा सके। आगे कहां कि जबसे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार आयी है तब से कानून व्यवस्था और भी मजबूत हुई है किसी हद तक गुंडाराज को भी समाप्त किया जा चुका है। इस दौरान ग्राम प्रहरियों को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी जगत राम कनोजिया ने कहा, ग्राम प्रहरी कानून का वर्चस्व स्थापित करने व जनता को न्याय दिलाने में उनकी बड़ी भूमिका होती है। समय पर मिलने वाली सूचनाओं के आधार पर बड़ी घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलती है। उन्होंने ग्राम प्रहरियों से सतर्क व कर्तव्य निष्ठा से वर्तमान समय में काम करने की बात कही। इस दौरान कोतवाली फतेहपुर, बड्डूपुर, घुंघटेर, कुर्सी, मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के क़रीब क़रीब सभी ग्राम प्रहरियों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार वैशाली अहलावत, कोतवाली प्रभारी संगीत सोनकर, शील रतन मिहिर, बाबा हेमंत दास, रंजीत लोधी, करुणा शंकर, अंशुमान मिश्रा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्वजन स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

साई पीजी कॉलेज में विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा के जन्मदिन के अवसर पर स्वजन स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के प्रभुत्व वर्ग ने गुलदस्ता व पुष्प भेंटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर आयोजन कर्ता राजेश जायसवाल ने कहा, जन्मदिन जैसे अवसरों को सेवा और सद्भाव के कार्यों के साथ मनाया जाना चाहिए उनका उद्देश्य केवल अपितु वस्तु देना ही नहीं बल्कि पिछड़े तबके को यह एहसास करना है कि समाज उनके साथ खड़ा है उन्होंने सक्षम लोगों से अपील की कि वह भी अपने आसपास की जरूरतमंदों के लिए आगे आए और इस पुनीत कार्यों में अपना सहयोग दे ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंच सके।

### विधायक नही मैं हूं जनता का सेवक : साकेन्द्र वर्मा

कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर संत, गुरू, शुभचिंतक आशीर्वाद समारोह विकास खण्ड निदूरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय निंदूरा के प्रांगण में क्षेत्र वासियों द्वारा आयोजित किया गया। आशीर्वाद समारोह का शुभारंभ विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया।

विधायक के जन्मदिन के अवसर पर साधु-संतों ने मंत्रोंच्चारण के साथ दीर्घायु होने की कामना की एवं कुर्सी विधानसभा क्षेत्र से निरंतर एवं लगातार निर्वाचित होने एवं उच्चस्थ मंत्री पद पर सुशोभित होने का आशीर्वाद दिया स मंत्र उच्चारण से पूरा परिसर जय सियाराम के उदघोष से गूंज उठा। क्षेत्र वासियों द्वारा विधायक के साथ केक काटकर जन्मदिन का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# टीम ने बर्बरता पूर्वक परिजनों को पीटा घरेलू सामान भी तोड़ा



जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव रामनगर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब सिविल कपड़ों में पीएसी ट्रक से उतर कर लोगों ने घर में तोड़फोड़ कर परिजनों को पीटा व तीन लड़कियों को साथ में ले गए मामला बीते गुरुवार को गांव राम नगर में मुखबिर की सूचना पर थाना सुजौली से आई टीम ने अवैध कच्ची शराब बना रहे शराब माफियाओं को पकड़ने की फिराक से टीम ने जाल बिछाया लेकिन सुगबुगाहट लगने पर अवैध कच्ची शराब माफिया वहां से भाग निकले इसी दौरान खेत में काम कर रहे किसान माला सिंह रामप्रवेश समेत अन्य किसानों को शक के आधार पर पुलिस ने पकड़ने की कोशिश की लेकिन किसान अपनी जान बचाने के लिए अपने घर की तरफ भागे निकले।

### ग्रामीणों ने लगाया आरोप

थाना सुजौली टीम द्वारा अवैध कच्ची शराब की छापेमारी की गई थी इसी क्रम में टीम ने शक के आधार पर किसानों को उनके घर तक दौड़ा कर पकड़ा लेकिन पूछताछ न करने की बजाय उनसे मारपीट करने लगे साथ ही महिला व पुरुष जो भी मिला जमकर मारा गया इसी दौरान एक महिला का सर भी फूटा जबकि टीम ने घरेलू सामान (कुर्सी,वाशिंग मशीन और गैस चूल्हा) मिट्टी के चूल्हे व एक बाइक को भी तोड़ा इतना ही नहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हम लोगों को बद्दी बद्दी गलियां व डंडों से भी मारा गया है किसान कुलदीप ने आरोप लगाया है कि सिविल ड्रेस में जो भी थे मेरे घर का लॉक तोड़ा और घर के अंदर तोड़फोड़ करने के साथ-साथ घर का चूल्हा और गन्ने का रखा हुआ पैसा 69597 भी नहीं मिले ये पुलिस वाले थे या डकैत जो इस तरह से अमानवीय व्यवहार किया गया हम लोगों को बहुत मारा पीटा है।

### पुलिस ने बताया घटना चक्र

थाना प्रभारी सुजौली से जब इस बबात पर जब पूछा गया तो बताया कि टीम अवैध कच्ची शराब माफियाओं को पकड़ने के लिए गई थी लेकिन टीम पर हमला किया गया जिससे तनावपूर्ण की स्थिति पैदा हो गई लेकिन जब टीम द्वारा घर में घरेलू सामान व मारपीट के बारे में पूछा गया तो थाना प्रभारी बातों को गोल-माल करते नजर आये।

# रोट्रेक्ट क्लब गोला छोटी काशी ने चाय बिस्किट वितरण कार्यक्रम से किया नए वर्ष का आगाज

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी




नववर्ष के शुभ अवसर पर रोट्रेक्ट क्लब गोला छोटी काशी एवं रोटरी क्लब गोला सेंट्रल के संयुक्त तत्वावधान में एक चाय एवं बिस्कुट वितरण का कार्यक्रम बाइट कंप्यूटर एजुकेशन संस्थान,गोला खीरी पर किया गया।इस कार्यक्रम में श्री गोविंद गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व को जो कि आगामी दिनों में मनाया जाना है पर सिक्ख समुदाय द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रभात फेरी में चाय एवं बिस्किट वितरित करने का कार्य संस्था द्वारा किया गया। इसके साथ साथ अन्य जरूरतमंद लोगों को भी चाय एवं बिस्किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जीवन और शिक्षाओं के बारे में चर्चा की।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने चाय और बिस्कुट का आनंद लिया और नववर्ष की शुरुआत की।कार्यक्रम प्रभारी के रूप में पीडीआरआर प्रवीण गर्ग जी ने कार्य किया। संस्था के सचिव आशीष गुप्ता जी ने बताया कि रोटरी क्लब और रोट्रेक्ट क्लब के सदस्य इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज सेवा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हैं।ऐसे कार्यक्रम नए साल पर सकारात्मक ऊर्जा फैलाने और दूसरों की मदद करने का एक अच्छा तरीका है। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष पवन गुप्ता, त्रिनयन राजपूत, सुमित कुमार शाह, प्रशांत कुमार मिश्रा, पवन प्रजापति, रविप्रकाश, अंकित गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अन्नपूर्णा स्वीट्स का विशेष सहयोग रहा।

# सराहना : ऑपरेशन सिंदूर में अहम रहे डीआरडीओ के हथियार: राजनाथ सिंह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की रक्षा तैयारियों को मजबूती देने में रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डीआरडीओ द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने निर्णायक भूमिका निभाई। डीआरडीओ के 68वें स्थापना दिवस पर नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में उन्होंने संगठन की प्रतिबद्धता, पेशेवर क्षमता और स्वदेशी तकनीक के योगदान की सराहना की। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डीआरडीओ के उपकरण बिना किसी रुकावट के काम करते दिखे। इससे न केवल सैन्य अभियानों की सफलता सुनिश्चित हुई, बल्कि जवानों का मनोबल भी बढ़ा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी तकनीकों से सुसज्जित भारतीय सशस्त्र बल आज पहले से कहीं अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर हैं।

## सुदर्शन चक्र की दिशा में भरोसा

रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि डीआरडीओ जल्द ही सुदर्शन चक्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस 2025 के अपने संबोधन में घोषित की थी। इसके तहत अगले एक दशक में देश की महत्वपूर्ण संस्थाओं और ठिकानों को मजबूत वायु रक्षा प्रणाली से लैस किया जाना है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध में वायु रक्षा की अहमियत ऑपरेशन सिंदूर में साफ दिखी है।



### तकनीक निर्माता से भरोसे का प्रतीक

रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ को केवल तकनीक निर्माता नहीं, बल्कि भरोसा पैदा करने वाला संगठन बताया। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र, उद्योग, स्टार्ट-अप और शिक्षण संस्थानों के साथ बढ़ते सहयोग से एक मजबूत और समन्वित रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार हुआ है। से लेकर परियोजना प्रबंधन तक, डीआरडीओ की कार्यप्रणाली पहले से अधिक तेज, सरल और भरोसेमंद बनी है।

### नवाचार और डीप टेक पर जोर

रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ से बदलते तकनीकी माहौल के अनुरूप आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन को नवाचार पर निरंतर ध्यान देना चाहिए और निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के नए क्षेत्र तलाशने चाहिए। डीप टेक और अगली पीढ़ी की तकनीकों में प्रगति से न केवल राष्ट्रीय क्षमताएं बढ़ेंगी, बल्कि रक्षा तंत्र भी मजबूत होगा।

### जवानों का मनोबल और सफलता की गारंटी

डीआरडीओ की प्रणालियों ने न केवल ऑपरेशनल सफलता सुनिश्चित की, बल्कि भारतीय सैनिकों का मनोबल भी बढ़ाया। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब जवान भरोसेमंद और अत्याधुनिक उपकरणों के साथ मुकाबला करते हैं, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वह किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।

### डीआरडीओ की प्रतिबद्धता और पेशेवर क्षमता

रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ की पेशेवर क्षमता और संगठन की प्रतिबद्धता की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि संगठन ने हर चुनौती का सामना करते हुए नवाचार और तकनीकी प्रगति के माध्यम से भारतीय रक्षा प्रणाली को मजबूत किया है।

### स्वदेशी तकनीक और आत्मनिर्भर भारत

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज भारतीय सशस्त्र बल स्वदेशी तकनीक से सुसज्जित हैं। इससे न केवल हमारी रक्षा तैयारियां मजबूत हुई हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की तकनीकी योग्यता का प्रदर्शन भी हुआ है। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत का सपना अब रक्षा क्षेत्र में भी साकार हो रहा है।

### लगातार सीखने की जरूरत

उन्होंने कहा कि आज का युग केवल विज्ञान का नहीं, बल्कि निरंतर विकास और सीखने का है। तकनीक तेजी से बदल रही है और कल का ज्ञान आज पुराना हो सकता है। ऐसे में तकनीक स्कैनिंग, क्षमता आकलन और भविष्य की तैयारी अनिवार्य है। उन्होंने युवाओं को चुनौती स्वीकार करने और सीखते रहने का संदेश दिया। बैठक के दौरान रक्षा मंत्री को रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने 2025 की उपलब्धियों, 2026 के रोडमैप और संगठनात्मक सुधारों की जानकारी दी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक और अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

# भारत के लिए ऐतिहासिक साल 2026 : चार प्लांट्स से शुरू होगा कमर्शियल चिप प्रोडक्शन

- तकनीक और विनिर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ी छलांग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के लिए वर्ष 2026 तकनीकी और विनिर्माण क्षेत्र में ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को घोषणा की कि देश में चार सेमीकंडक्टर प्लांट्स इस साल अपना व्यावसायिक उत्पादन (कमर्शियल प्रोडक्शन) शुरू करेंगे। यह कदम भारत की आत्मनिर्भरता और वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा में अहम मोड़ है।

## माइक्रोन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की तैयारियां

अमेरिकी कंपनी माइक्रोन की फैसिलिटी में हाल ही में पायलट प्रोडक्शन शुरू हो चुका है और वह भी जल्द ही व्यावसायिक उत्पादन की ओर बढ़ेगी। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के असम प्लांट में 2026 के मध्य तक पायलट प्रोडक्शन शुरू होने की उम्मीद है, और साल के अंत तक इसे कमर्शियल मैन्युफैक्चरिंग में बदल दिया जाएगा। सरकार के आंकड़ों के अनुसार, जून 2023 में साणंद में पहली सेमीकंडक्टर यूनिट को मंजूरी मिलने के बाद से अब तक कुल 10 सेमीकंडक्टर निर्माण परियोजनाओं को हरी झंडी दी जा चुकी है। इन परियोजनाओं के तहत गुजरात, असम, उत्तर प्रदेश, पंजाब, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक का संचयी निवेश किया जा रहा है।



## वैश्विक निवेशकों की रुचि

केंद्रीय मंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में ताइवान, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे प्रमुख सेमीकंडक्टर उत्पादक देशों की रुचि अत्यधिक बनी हुई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत तेजी से उभरते वैश्विक चिप निर्माण केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। अश्विनी वैष्णव ने डिज़ाइन लिंक्ड इंसेंटिव 2.0 योजना के पुनर्गठन पर भी जोर दिया।

### बाजार आधारित फंडिंग मॉडल

नई योजना के तहत आगे की फंडिंग वेंचर कैपिटल निवेश के अनुपात में होगी, जो वैश्विक स्तर पर अपनाया जाने वाला मॉडल है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केवल सरकारी फंड लेकर प्रोजेक्ट बंद न हो जाए, बल्कि बाजार की मांग के आधार पर आगे बढ़े।

### भारत की डिजाइन क्षमताओं में उन्नति

मंत्री ने बताया कि भारत की चिप डिजाइन क्षमताएं काफी मजबूत हो गई हैं। अब कंपनियां उन्नत 2-नैनोमीटर (2एनएम) चिप डिजाइन पर काम कर रही हैं, जबकि पहले यह क्षमता 5-7 नैनोमीटर तक सीमित थी।

### सेमीकंडक्टर : आधुनिक तकनीक की रीढ़

सेमीकंडक्टर आधुनिक तकनीक का आधार हैं। ये स्वास्थ्य सेवा, परिवहन, संचार, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे आवश्यक क्षेत्रों में शक्ति प्रदान करते हैं। डिजिटलीकरण और ऑटोमेशन की ओर बढ़ती दुनिया में भारत में चिप निर्माण की शुरुआत न केवल आर्थिक सुरक्षा बल्कि रणनीतिक स्वतंत्रता के लिए भी निर्णायक साबित होगी।

# दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 हटा, एक और दो लागू



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। जहां बीते दिन एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 380 रिकॉर्ड किया गया था, वहीं आज शाम 4 बजे यह घटकर 236 पर पहुंच गया, जिससे हवा की गुणवत्ता में लगातार सुधार का रुझान देखने को मिला है।

## पूरे एनसीआर में लागू हुआ आदेश

मौजूदा वायु गुणवत्ता के रुझान को ध्यान में रखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की ग्रैप उप-समिति ने बड़ा फैसला लिया है। उप-समिति ने पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में तत्काल प्रभाव से ग्रैप के स्टेज-तीन के तहत लागू सभी प्रतिबंधों को वापस लेने का निर्णय किया है।

## हवा की गुणवत्ता पर रखी जा रही नजर

हालांकि, सीएक्यूएम ने स्पष्ट किया है कि ग्रैप के स्टेज-एक और स्टेज-दो के तहत लागू सभी उपाय एनसीआर में पहले की तरह जारी रहेंगे। अधिकारियों के अनुसार, हवा की गुणवत्ता पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर आगे भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## सोमवार से बेहद खराब श्रेणी में जा सकती है हवा

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि रविवार तक हवा इसी श्रेणी में बरकरार रहेगी। हालांकि, सोमवार से हवा एक बार फिर से बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। इसके चलते सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, लोगों को आंखों में जलन, खांसी, और सिर दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। राजधानी में नए साल के दूसरे दिन लोगों को जहरीली फिजा से हल्की राहत मिली है। हवा की दिशा बदलने और गति तेज होने के चलते शुक्रवार को बयार खराब श्रेणी में पहुंच गई। ऐसे में सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे की मोटी परत से हुई। वहीं, पूरे दिन आसमान में स्मॉग की मोटी चादर भी दिखाई दी। इसके चलते कई इलाकों में दृश्यता भी बेहद कम रही। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 236 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। इसमें गुरुवार की तुलना में 144 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई।

### गाजियाबाद सबसे प्रदूषित

दूसरी ओर, एनसीआर में गाजियाबाद की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 239 दर्ज किया गया, यह हवा की खराब श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 356, ग्रेटर नोएडा में 238 नोएडा में 229 और फरीदाबाद में 210 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, गुरुग्राम की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 187 दर्ज किया गया। यह हवा की मध्यम श्रेणी है। सीपीसीबी के अनुसार, शुक्रवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे के गति से चली। वहीं, अनुमानित अधिकतम मिश्रण गहराई 1400 मीटर रही। इसके अलावा, वेंटिलेशन इंडेक्स 6000 मीटर प्रति वर्ग सेकंड रहा। दूसरी ओर, दोपहर तीन बजे हवा में पीएम10 की मात्रा 183.5 और पीएम2.5 की मात्रा 111.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। इसके अलावा, शुक्रवार को कई इलाकों में बेहद खराब, खराब और मध्यम श्रेणी में हवा दर्ज की गई।

# सरकार का बड़ा फैसला, निर्यातकों के लिए 7,295 करोड़ के पैकेज का एलान, एमएसएमई को सस्ता कर्ज

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

वैश्विक व्यापार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय निर्यातकों को बड़ी राहत देते हुए केंद्र सरकार ने शुक्रवार को 7,295 करोड़ रुपये के एक व्यापक 'एक्सपोर्ट सपोर्ट पैकेज' की घोषणा की है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य निर्यातकों, विशेषकर एमएसएमई सेक्टर के लिए कर्ज (क्रेडिट) की उपलब्धता को आसान और किफायती बनाना है। यह योजना अगले वर्षों (2025-31) के लिए लागू की जाएगी। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, इस पैकेज के जरिए निर्यातकों की 'ट्रेड फाइनेंस' यानी व्यापार के लिए पूंजी से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सरकार की ओर से घोषित इस 7,295 करोड़ रुपये के पैकेज को दो मुख्य भागों में बांटा गया है। इसका पहला हिस्सा है ब्याज सहायता योजना। इसके लिए 5,181 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। दूसरा भाग है कोलेटरल सपोर्ट। इसके लिए 2,114 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## सस्ता कर्ज और क्रेडिट गारंटी : क्या है खास?

ब्याज सहायता योजना के तहत, पात्र एमएसएमई निर्यातकों को प्री-शिपमेंट और पोस्ट-शिपमेंट एक्सपोर्ट क्रेडिट पर सब्सिडी मिलेगी। सरकार ने इसके तहत 2.75 प्रतिशत तक की सब्सिडी का लाभ देने का फैसला किया है। हालांकि, प्रति फर्म सालाना लाभ की सीमा 50 लाख रुपये तय की गई है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब वैश्विक व्यापार चुनौतियों का सामना कर रहा है, ताकि भारतीय निर्यातक प्रतिस्पर्धी दरों पर रुपये में कर्ज प्राप्त कर सकें। वहीं, 2,114 करोड़ रुपये के कोलेटरल सपोर्ट के तहत निर्यात से जुड़े वर्किंग कैपिटल लोन (कार्यशील पूंजी ऋण) के लिए क्रेडिट गारंटी दी जाएगी। इसके तहत प्रति फर्म 10 करोड़ रुपये तक की कोलेटरल गारंटी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे निर्यातकों को बिना अतिरिक्त संपत्ति गिरवी रखे कर्ज लेने में मदद मिलेगी। यह घोषणा नवंबर 2025 में सरकार द्वारा मंजूर किए गए 25,060 करोड़ रुपये के महत्वाकांक्षी 'एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन' का दूसरा प्रमुख घटक है। इससे पहले, 31 दिसंबर 2025 को इस मिशन का पहला हिस्सा- 4,531 करोड़ रुपये का 'मार्केट एक्सेस सपोर्ट'- लॉन्च किया गया था।




### किन उत्पादों को मिलेगा लाभ?

विदेश व्यापार महानिदेशालय के अनुसार, ब्याज सहायता और कोलेटरल सपोर्ट का लाभ केवल उत्पादों की एक चयनित 'पॉजिटिव लिस्ट' पर ही लागू होगा। रक्षा उत्पाद और विशेष रसायन, जीव, सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकियां) आइटम इस योजना के दायरे में आएंगे। प्रतिबंधित वस्तुएं, वेस्ट और स्क्रैप, और पीएलआई योजना के तहत लाभान्वित होने वाले उत्पाद इन उपायों के दायरे से बाहर रहेंगे। वाणिज्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अजय भादू ने बताया कि ये हस्तक्षेप निर्यातकों की वित्तीय बाधाओं को दूर करेंगे।

# 2026 की पहली छमाही तक लागू हो जाएगा व्यापार समझौता, ब्रिटेन के उप-उच्चायुक्त का बयान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कोलकाता भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता इस साल की पहली छमाही में लागू हो सकता है। भारत में तैनात ब्रिटेन के उप-उच्चायुक्त एंड्रयू फ्लेमिंग ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस समझौते के लागू होते ही दोनों देशों के रिश्तों में नए युग की शुरुआत होगी। उन्होंने भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते को महत्वकांक्षी और व्यापक करार दिया। फ्लेमिंग ने कहा यह समझौता, जो लगभग 20,000 पन्नों का है, जो सभी तरह के व्यवसायों को अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से खासकर पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत समेत 12 राज्यों के निर्यातकों को काफी फायदा मिलेगा।

## द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होने की उम्मीद

भारत ने 24 जुलाई को ब्रिटेन के साथ व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता किया था।

# 13 करोड़ की शराब पी गए गाजियाबादी दिसंबर महीने में 164 करोड़ की सेल

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

ग़ाज़ियाबाद में नए साल के जश्न के दौरान शराब की बिक्री ने इस बार नया रिकॉर्ड बनाया। आबकारी विभाग के मुताबिक 31 दिसंबर और 1 जनवरी के बीच लगभग 13 करोड़ रुपये की शराब बेची गई। विभाग का कहना है कि भीड़ और त्योहार के चलते 24, 25, 31 दिसंबर और 1 जनवरी को शराब की दुकानों का समय एक घंटे बढ़ा दिया गया था, जिससे बिक्री में बड़ा इज़ाफ़ा हुआ। आबकारी अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि इन चार दिनों में कुल 4 घंटे अतिरिक्त शराब की दुकानें खुली रहीं। इसके चलते लोगों की भीड़ को संभालना आसान हुआ और बिक्री भी बढ़ी। उन्होंने बताया कि नए साल के अवसर पर 70 होटल और रेस्टोरेंट ने शराब परोसने के लिए अस्थायी लाइसेंस लिया था, ताकि ग्राहकों को सही और वैध तरीके से सेवा दी जा सके। वहीं दूसरी ओर, विभाग ने सख़्ती भी दिखाई। जिन होटलों में अवैध तरीके से शराब परोसी जा रही थी, उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। अधिकारी ने साफ कहा कि त्यौहार का समय हो या सामान्य दिन, नियमों का उल्लंघन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आबकारी विभाग के अनुसार, दिसंबर महीने में कुल 164 करोड़ रुपये की शराब बिक्री हुई है, जो विभाग के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। त्योहारों के सीजन में बढ़ी हुई मांग और दुकानों के समय में बढ़ोतरी ने इस बिक्री में अहम भूमिका निभाई है। विभाग का कहना है कि आगे भी नियमों का पालन कराते हुए राजस्व बढ़ाने के प्रयास जारी रहेंगे।



# गाजियाबाद हिंडन बैराज पर युवक का शव बरामद

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद के थाना विजयनगर क्षेत्र में हिंडन बैराज पर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार हिंडन बैराज पर स्थानीय लोगों ने पानी के पास एक युवक का शव पड़ा देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची थाना विजयनगर पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू किया। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। मामले में पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है और आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी खंगाली जा रही है।



# छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में चैतन्य बघेल को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को बड़ी राहत मिली है। उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। उच्च न्यायालय बिलासपुर के जस्टिस अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच ने यह निर्णय सुनाया है। फिलहाल, उन्हें ईओडब्ल्यू और ईडी मामले में जमानत मिली है। अन्य मामलों में जांच जारी है। ईडी के वकील ने बताया कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने चैतन्य को शराब घोटाले से जुड़े दो मामलों में जमानत दी है। वे लगभग 168 दिनों के बाद जेल से रिहा होंगे।

## तीन हजार करोड़ से ज्यादा के कथित घोटाले में आरोपी

ईओडब्ल्यू और एसीबी ने दावा करते हुए बताया कि करीब 3,800 पन्नों चार्जशीट में चैतन्य बघेल को तीन हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के कथित घोटाले में आरोपी बनाया गया है। इस मामले में अब तक कुल आठ चार्जशीट पेश किये जा चुके हैं। नई चार्जशीट में पहले से गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ जांच की मौजूदा स्थिति रिपोर्ट दिया गया है। वहीं हिरासत में लिए गए सभी आरोपियों से डिजिटल साक्ष्य रिपोर्ट भी शामिल हैं। यह दस्तावेज आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ चल रही जांच की प्रगति की भी रूपरेखा बताता है।

## सिंडिकेट को देते थे निर्देश

चार्जशीट का हवाला देते हुए बताया गया है कि चैतन्य बघेल ने अनिल टुटेजा, सौम्या चौरसिया, अरुणपति त्रिपाठी और निरंजन दास जैसे अधिकारियों के बीच समन्वयक के रूप में काम किया, जो प्रशासनिक स्तर पर सिंडिकेट के हितों के अनुसार काम करते थे और नेटवर्क के जमीनी स्तर के संचालकों जैसे अनवर ढेबर, अरविंद सिंह और विकास अग्रवाल (सभी सह-आरोपी) को निर्देश जारी करते थे।



## घोटाले की रकम को किया ट्रांसफर और मैनेज

चार्जशीट में दावा किया गया है कि चैतन्य बघेल ने अपने भरोसेमंद सहयोगियों के माध्यम से व्यवसायी अनवर ढेबर की टीम की ओर से वसूली गई घोटाले की रकम को ऊपर तक पहुंचाया गया। उसने शराब व्यवसायी त्रिलोक सिंह ढिल्लों की विभिन्न फर्मों के माध्यम से अपने हिस्से की रकम प्राप्त की। इसे बैंकिंग चैनलों के माध्यम से अपनी पारिवारिक फर्मों में ट्रांसफर किया और रियल एस्टेट परियोजनाओं में इसका इस्तेमाल किया। इसके अलावा चार्जशीट में दावा किया गया है कि उसने अपने परिवार के सदस्यों, दोस्तों और सहयोगियों के ज़रिए बैंकिंग चैनलों से घोटाले से मिले पैसे की बड़ी रकम ली और इन्वेस्ट किया। केंद्रीय एजेंसी ने बताया कि कथित घोटाले से सरकारी खजाने को काफी नुकसान पहुंचा है। इस घोटाले से एक शराब सिंडिकेट के लाभार्थियों की जेबें भर गईं। यह घोटाला साल 2019 और 2022 के बीच हुआ। उस दौरान छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की सरकार थी और चैतन्य बघेल के पिता भूपेश बघेल सीएम थे।

### शराब घोटाले में शामिल रकम करीब 3,074 करोड़ रुपये होने का अनुमान

जांच एजेंसी ने कहा कहा कि 'सबूतों से पता चलता है कि चैतन्य ने ऊंचे लेवल पर अपराध की कमाई को मैनेज करने के साथ-साथ अपने हिस्से के तौर पर लगभग 200 करोड़ रुपये से 250 करोड़ रुपये लिए। सिंडिकेट को दी गई हाई-लेवल सुरक्षा, पॉलिसी/एडमिनिस्ट्रेटिव दखल और प्रभाव के कारण यह अपराध लंबे समय तक चलता रहा। जांच से पता चलता है कि शराब घोटाले में शामिल रकम लगभग 3,074 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। हालांकि आगे की जांच से पता चला है कि कथित घोटाले से अपराध की कुल कमाई तीन हजार पांच करोड़ रुपये से ज्यादा हो सकती है। जांच एजेंसी ने बताया कि कई आरोपियों के खिलाफ अभी जांच जारी है।

### ईडी ने चैतन्य को जन्मदिन के दिन किया था गिरफ्तार

चैतन्य बघेल के बर्थडे पर 18 जुलाई को ईडी ने भिलाई स्थित उनके निवास पर छापा मारकर गिरफ्तार किया था। उन पर दो हजार करोड़ के शराब घोटाले में जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगा है। चैतन्य बघेल को धन शोधन रोधी अधिनियम की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, नए सबूत मिलने के बाद की गई छापेमारी के दौरान चैतन्य कथिततौर पर सहयोग नहीं कर रहे थे। चैतन्य बघेल से कथित रूप से जुड़ी कंपनियों को कथित शराब घोटाले से अर्जित लगभग 17 करोड़ रुपये की 'अपराध आय' प्राप्त हुई है। करीब 1,070 करोड़ रुपये की धनराशि के साथ ही उनकी भूमिका एजेंसी की जांच के दायरे में है। इसी मामले में ईडी ने 16 दिसंबर 2025 को पूछताछ के बाद सौम्या चौरसिया को भी गिरफ्तार किया था। 19 दिसंबर 2025 को कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

### शराब घोटाले से 16.70 करोड़ रुपये नगद मिले

ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने बताया कि चैतन्य बघेल को इस शराब घोटाले से 16.70 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई थी। उन्होंने अपनी रियल एस्टेट फर्मों का इस्तेमाल इस धनराशि को आपस में मिलाने के लिए किया था। भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर भरोसा है और वे उनके साथ सहयोग करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि उनके बेटे के खिलाफ ईडी की कार्रवाई राज्य में 'अवैध वृक्ष कटाई' से ध्यान हटाने के लिए शुरू की गई थी, क्योंकि कांग्रेस इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने वाली थी। जांच एजेंसी ने कहा कि जूनियर बघेल चैनन्य ने त्रिलोक सिंह ढिल्लों नामक एक स्थानीय व्यवसायी के साथ सांठगांठ की और उसकी कंपनियों का उपयोग करके एक ऐसी योजना जिसके तहत उन्होंने ढिल्लों के कर्मचारियों के नाम पर अपने 'विट्ठलपुरम प्रोजेक्ट' में फ्लैट खरीदने के नाम पर पांच करोड़ रुपये प्राप्त किए। ईडी ने कहा बैंकिंग ट्रेल से पता चलता है कि संबंधित लेन-देन के दौरान, त्रिलोक सिंह ढिल्लों को शराब सिंडिकेट से अपने बैंक खातों में भुगतान प्राप्त हुआ।